सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 7 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 7, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 376 अंकों की गिरावट

एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। } 14

## जयपुर में जल्द स्थापित होगा डेटा सेंटर : वैष्णव

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जयपुर में जल्द डेटा सेंटर स्थापित किया जायेगा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण के लिए 5,000 युवाओं को प्रशिक्षण दिये जाने की घोषणा भी की। } 16



## आवारा कुत्तों पर आवेदनों की भरमार, सुप्रीम कोर्ट हैरान

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किये जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया और कहा कि आमतौर पर इनसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं।




न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं जब दो अधिवक्ताओं ने उनके समक्ष आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर न्यायमूर्ति मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा, इनसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई की जाएगी। जब एक अन्य अधिवक्ता ने इस मामले में स्थानांतरण याचिका का जिक्र किया, तो शीर्ष न्यायालय ने कहा कि बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी और पीठ सभी अधिवक्ताओं की बात सुनेगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में एसआईआर के बाद मतदाता सूची जारी : दो करोड़ 89 लाख नाम कटे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी गयी, जिसमें 12 करोड़ 55 लाख मतदाता शामिल हैं। यह आंकड़ा पूर्व की संख्या 15.44 करोड़ से लगभग दो करोड़ 89 लाख कम है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी गयी है। इसमें 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार 25 मतदाता शामिल हैं। पिछले साल 27 अक्टूबर की मतदाता सूची में 15 करोड़ 44 लाख 30 हजार 92 मतदाता थे। मसौदा सूची में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं को गिनती के दौरान शामिल नहीं किया जा सका है। सीईओ ने कहा कि अब मसौदा मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियां छह जनवरी से छह फरवरी तक दर्ज करायी जा सकेंगी। इस दौरान लोग सूची में नाम शामिल करने, सुधार करने या आपत्ति करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। रिणवा ने ...शेष पृष्ठ 14 पर




### लखनऊ के सबसे अधिक 12 लाख वोटर सूची से बाहर

यूपी की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। कुल 15.44 करोड़ मतदाता थे और अब 12.55 करोड़ मतदाता रह गए हैं। वहीं वोटर लिस्ट में शामिल 12.55 करोड़ मतदाताओं में से 91.75 प्रतिशत की मैपिंग कर ली गई है। जिन करीब 8.25 प्रतिशत लोगों के नाम मैपिंग में नहीं मिले हैं, उन 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी कर दस्तावेज मांगे जाएंगे। मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां 6 फरवरी तक की जा सकेंगी। सबसे ज्यादा 12 लाख मतदाताओं के नाम लखनऊ में कटे हैं। महोबा में सबसे कम 85354 वोटरों के नाम ही कटेंगे।

## संक्षेप

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन

पुणे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के पुणे में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। कलमाड़ी के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने करीब तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। राजनीति और खेल प्रशासन में उनका लंबा करियर रहा। भारत के सबसे प्रभावशाली खेल प्रशासकों में से एक कलमाड़ी दो दशकों से अधिक समय तक खेल प्रशासन में विभिन्न भूमिकाओं में रहे। भारतीय खेलों पर उनकी पकड़ ने सफलता और विवाद दोनों को जन्म दिया। वह रेल राज्य मंत्री भी रहे और उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दीं। मद्रास में 1944 में जन्मे कलमाड़ी ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज से पढ़ाई की। बाद में उन्होंने इस शहर का संसद में प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र और 1971 के भारत-बांग्लादेश युद्ध में भाग लेने वाले वायु सेना के पायलट कलमाड़ी 1982 में सांसद बने।

### गोरखपुर : परिवार को बंधक बनाकर 50 लाख की लूट

गोरखपुर। जिले में एम्स थाना क्षेत्र के राजही मौर्य चौराहे के पास एक सेवानिवृत्त लेखपाल के घर में घुसे हथियारबंद लुटेरों ने परिजन को बंधक बनाकर 50 लाख रुपये से अधिक के जेवरात और नकदी लूट ली। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सोमवार की शाम को एम्स थाना क्षेत्र के राजही मौर्य चौराहे के पास सेवानिवृत्त लेखपाल बलेंद्र सिंह (70) के घर का दरवाजा खटखटाया गया। सिंह ने जैसे ही दरवाजा खोला, एक बदमाश ने उनकी कनपटी पर पिस्टल रखकर उन्हें अंदर धकेला और उसके साथ बाकी बदमाश घर में घुस गये। बलेंद्र सिंह ने जब शोर मचाने की कोशिश की तो बदमाशों ने उनके सिर पर पिस्टल का बट मारा। उसके बाद बदमाशों ने उनकी पत्नी ऊषा, बहू कल्पना और साली पूर्णिमा के गहने उतरवाये और फिर परिवार के सभी सदस्यों को एक कमरे में बंद कर दिया।

# निजी व्यावसायिक संपत्ति के दान पर सिर्फ पांच हजार का स्टाम्प

❍ फर्जी डिग्री देने पर जेएस विवि की मान्यता रद्द ❍ वाराणसी में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए ध्वस्त होंगे जर्जर भवन



विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में 13 अहम प्रस्तावों पर मंत्रीमंडल की मुहर लगी। इसमें सबसे प्रमुख फैसला स्टांप ड्यूटी को लेकर था। इस फैसले के अनुसार अब व्यावसायिक भूमि का परिवार के सदस्यों के नाम करने पर मात्र 5 हजार रुपये स्टाम्प ड्यूटी और 1 प्रतिशत शुल्क ही लिया जाएगा। अभी तक यह सुविधा कृषि व आवासीय भूमि पर थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य में परिवार के सदस्यों के मध्य निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय से अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र (कन्वेयंस डीड) की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 की 3 अगस्त 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था की गई थी कि यदि अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है तो स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए अधिकतम 5,000 ही लिया जाएगा। यह छूट अब तक केवल कृष्य एवं आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी। योगी कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत इस छूट को पारिवारिक सदस्यों के मध्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और कम खचीर्ली हो जाएगी।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश में आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पैतृक संपत्ति के बंटवारे और किराया रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस फैसले से जहां पारिवारिक विवादों में कमी आएगी, वहीं किरायेदारों और मकान मालिकों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय ईज ऑफ डूइंग लिविंग की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। सरकार का मानना है कि इन सुधारों से प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

योगी सरकार के निर्णय के तहत अब पैतृक संपत्ति के बंटवारे के लिए मात्र 10,000 रुपये में रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। इसमें 5,000 रुपये स्टांप ड्यूटी और 5,000 रुपये निबंधन शुल्क शामिल होंगे। यह व्यवस्था तीन पीढ़ियों से अधिक पारंपरिक वंशजों के बीच लागू होगी। बंटवारा केवल पैतृक अचल संपत्ति का ही किया जाएगा, जिसमें कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। संपत्ति का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैला रहा विपक्ष



लखनऊ। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जिन्होंने दशकों तक देश के संसाधनों को लूटा और गरीबों और युवाओं को भूख और पलायन की ओर धकेला, वे अब ग्रामीण भारत को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए एक पारदर्शी सुधार पर सवाल उठा रहे हैं। लखनऊ में राजग सरकार की एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि यह पत्रकार वार्ता नए लागू किए गए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम-2025 के बारे में स्पष्टीकरण के लिए बुलाई गई है, जिसने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह ली है। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, और निषाद पार्टी, सुभासपा और अपना दल (एस) सहित राजग के सहयोगी दलों के मंत्री शामिल हुए। कांग्रेस और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) पर निशाना साधते हुए आदित्यनाथ ने कहा, जिन्होंने दशकों तक देश के संसाधनों को लूटा और गरीबों और युवाओं को भूख और पलायन की ओर धकेला, वे अब ग्रामीण भारत को मजबूत करने के उद्देश्य से किए गए एक पारदर्शी सुधार पर सवाल उठा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रंप का ग्रीनलैण्ड पर कब्जे का मिशन फेल

एजेंसी

बर्लिन। कई यूरोपीय नेताओं ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया, जिसमें उन्होंने ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण की बात कही थी।

नेताओं ने एक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की कि रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और खनिज संपदा से भरपूर आर्कटिक द्वीप वहां के लोगों का है। डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने ग्रीनलैंड के बारे में ट्रंप की टिप्पणियों के मद्देनजर द्वीपीय देश की संप्रभुता का बचाव किया। ग्रीनलैंड डेनमार्क साम्राज्य का एक स्वशासित क्षेत्र है। व्हाइट हाउस के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ स्टीफन मिलर ने सोमवार को कहा कि फ्रेडरिक्सन की इस चेतावनी के बावजूद कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा नाटो सैन्य गठबंधन के अंत के बराबर होगा, ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा होना ...शेष पृष्ठ 14 पर



❍ यूरोपीय नेताओं ने जताया विरोध

## अंकिता भंडारी प्रकरण पर धामी का सख्त संदेश

### प्रदेश में संदिग्ध ऑडियो के माध्यम से बना भ्रामक माहौल : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। अंकिता भंडारी मामले को लेकर प्रदेश में उत्पन्न संवेदनशील परिस्थितियों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया के सामने आकर स्थिति स्पष्ट की। सचिवालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की संपूर्ण कार्यवाही का उद्देश्य प्रारंभ से ही एक ही रहा है, अंकिता को न्याय की अंतिम सीमा तक पहुंचाना।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह विषय सरकार के लिए किसी औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नैतिक जिम्मेदारी, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदना से जुड़ा हुआ मामला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में लिया जाने वाला हर निर्णय पीड़ित माता-पिता की भावना, पीड़ा और अपेक्षाओं के अनुरूप ही निर्धारित किया जाएगा।

सीबीआई जांच को लेकर उठे सवालों पर मुख्यमंत्री ने संतुलित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेशवासियों की भावनाएं बेटी अंकिता के साथ हैं, किंतु इस त्रासदी का सबसे गहरा आघात उसके माता-पिता ने सहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं पीड़ित परिवार से संवाद करेंगे और उनकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या, जांच के आदेश

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक किराना दुकान के 40 वर्षीय हिंदू मालिक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।

यह घटना सोमवार रात को हुई। इससे कुछ ही घंटों पहले बांग्लादेश के जेस्सोर जिले में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक हिंदू व्यापारी को सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी, जो एक समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक भी थे। पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में दुकानदार मणि चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 11 बजे हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। पलाश पुलिस थाना प्रमुख (ओसी) शाहेद अल मामून ने बताया कि मणि शिबपुर उपजिला के साधरचार यूनियन निवासी मदन ठाकुर के बेटे थे।

मणि चारसिंदूर बाजार में किराना दुकान के मालिक थे। हाल के सप्ताहों में मारे गए वह तीसरे हिंदू कारोबारी हैं। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि मणि जब सोमवार रात दुकान बंद करके अपने घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार एवं स्थानीय रूप से निर्मित हथियार से वार किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मणि की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग उन्हें पलाश उपजिला स्वास्थ्य परिसर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शाहेद ने कहा कि पुलिस घटना ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 8.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


❍ सेमीकंडक्टर में 3000 करोड़ निवेश को मंजूरी (पृष्ठ-02)
❍ राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के लिए 1098.02 लाख मंजूर (पृष्ठ-02)
❍ देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधि में दिसंबर में नरमी (पृष्ठ-14)
❍ राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुधरेगा मोबाइल नेटवर्क (पृष्ठ-14)
❍ जोखिम प्रबंधन से सुधरेगा बैंकों का माहौल (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** राजधानी लखनऊ में जगह-जगह जलवाये गये अलाव, आग ताप कर लोगों ने ली राहत की सांस

## गरीब-मजदूर व जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य : विराज सागर दास


अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से निजात दिलाने के उद्देश्य से बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को भी राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। राजधानी में निरंतर गिरते पारे के बीच जाड़े में घर से निकलना लोगों को काफी मुश्किल हो रहा है। जिन लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ट्रेन और बस पकड़नी होती है या सवारी का इंतजार कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों के लिए भी खाली वक्त बिताना भारी पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए जाड़े में इंतजार करना बेहद कठिन होता है। मंगलवार की रात तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और ट्रेन, बस या अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे यात्री सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह इन अलावों का सहारा लेते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास की इस पहल का तहे दिल से स्वागत भी किया और अलाव तापते हुए टाइम पास किया।










गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने के लिए आगे आते हैं और गर्म ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# सेमीकंडक्टर में तीन हजार करोड़ निवेश पर इंसेंटिव को मंजूरी

## सेमीकंडक्टर इकाइयों को ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में मिलेगी छूट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के औद्योगिक विकास को लेकर एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2024 में लाई गई सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई।

### केस-टू-केस आधार पर मिलेगा प्रोत्साहन

सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद बताया कि अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान जैसे देशों में सेमीकंडक्टर का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसी क्रम में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को इस उभरते उद्योग का बड़ा केंद्र बनाने के लिए योगी सरकार ने केस-टू-केस आधार पर प्रोत्साहन देने की स्वीकृति दी है। इसके तहत सेमीकंडक्टर इकाइयों को ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में छूट, यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति (अधिकतम 2,000 रुपये प्रतिमाह), जल मूल्य में छूट और 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रुपये बिजली बिल में छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करना है।

### पीलीभीत में बनेगा नया बस स्टेशन

कैबिनेट बैठक में टनकपुर रोड पर मुख्यालय के पास एक नवीनतम बस स्टेशन की स्थापना को मंजूरी दी गई है। यह बस स्टेशन राजस्व विभाग की 1.317 हेक्टेयर (लगभग 7,000 वर्गमीटर) भूमि पर बनाया जाएगा, जिसे राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 30 वर्षों की लीज पर देने का निर्णय लिया है, जिसे 90 वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकेगा। नए बस स्टेशन के निर्माण से उत्तराखंड और नेपाल जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बस स्टेशन का निर्माण कार्य दो वर्षों के भीतर पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।


### वाराणसी में बनेगा 500 बेड का मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

■ कैबिनेट ने शिव प्रसाद गुप्ता एसएसपीजी मंडलीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी परिसर में पहले से मौजूद 11 जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कर 500 शैय्या वाला मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाने को मंजूरी दे दी है। यह अस्पताल 315 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा और इसका निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना में 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार (लगभग 189 करोड़ रुपये) और 40 प्रतिशत राज्य सरकार (लगभग 126 करोड़ रुपये) द्वारा वहन की जाएगी। इस निर्णय से पूर्वांचल के मरीजों को अत्याधुनिक और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### खेल विभाग में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों की भर्ती

कैबिनेट ने खेल विभाग में क्षेत्रीय अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में संशोधन को भी मंजूरी दी। विभाग में कुल 18 पद स्वीकृत हैं। पहले व्यवस्था थी कि 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से और 50 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों से भरे जाएंगे। अब मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार दो-तिहाई (12 पद) पदोन्नति से और एक-तिहाई (6 पद) अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों (ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स) से भरे जाएंगे। इससे अनुभवी अधिकारियों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों दोनों को अवसर मिलेगा।





### वाराणसी में खुलेगा नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का ऑफ-कैंपस

कैबिनेट ने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के वाराणसी में ऑफ-कैंपस की स्थापना के लिए 50 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। यह भूमि तहसील राजा तालाब, जनपद वाराणसी क्षेत्र में स्थित है, जिसे पशुधन विभाग से 99 वर्षों की लीज पर विश्वविद्यालय को दी जाएगी। इस कैंपस के खुलने से फॉरेंसिक साइंस, साइबर क्राइम और आपराधिक जांच के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी शैक्षणिक और तकनीकी मजबूती मिलेगी।

### कानपुर में 37वीं वाहिनी पीएसी के पुराने भवन ध्वस्त होंगे

कैबिनेट ने 37वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर के पुराने और जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त करने की अनुमति भी प्रदान की है। ध्वस्तीकरण के बाद वहां टाइप-वन स्पेशल के 108 नए आवास बनाए जाएंगे, जिससे पीएसी जवानों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी।

## उत्तर प्रदेश में बनेंगी फ्यूचर रेडी तहसीलें

- डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस की दिशा में ऐतिहासिक कदम
- राजस्व सेवाओं को बनाया जाएगा डिजिटल और नागरिक-केंद्रित

**लखनऊ।** यूपी सरकार, प्रदेश के राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरत के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण करा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार प्रदेश की राजस्व परिषद की तहसीलों को मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त उच्च-स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, अत्याधुनिक डिजिटल सेवाओं, एआई जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस संबंध में प्रदेश की राजस्व तहसीलों के सर्वे और फ्रेमवर्क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 में पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण प्रदेश में राजस्व सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी और कुशल बनाने के साथ ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देगा।

उत्तर प्रदेश की फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण सीएम योगी आदित्यनाथ के डिजिटल अभियान का विस्तार है, जिसके तहत प्रदेश में राजस्व प्रशासन की सभी सेवाओं का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। ताकि प्रदेश की राजस्व सेवाओं को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक अत्याधुनिक, सरल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सके। इसी क्रम में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में सभी राजस्व तहसीलों को फ्यूचर रेडी बनाने को स्वीकृति मिल गई है। जिसके तहत राजस्व तहसीलों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ई-फाइलिंग सिस्टम और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किए जाएंगे। इससे भूमि रजिस्ट्री, प्रमाण-पत्र जारी करना और विवाद निपटारा जैसी सेवाएं पूरी तरह डिजिटल हो जाएंगी। नागरिकों को राजस्व सेवाएं घर बैठे उपलब्ध हो सकेंगी, जो समय और संसाधनों की बचत करेगी। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि इस संबंध में प्रदेश की राजस्व तहसीलों के सर्वे कर, फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। सर्वे में तहसीलों की मौजूदा स्थिति, आवश्यक अपग्रेडेशन और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्य के पूरा होने की समयसीमा जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रदेश की राजस्व तहसीलों को आधुनिक डिजिटल तकनीकी से युक्त फ्यूचर रेडी, मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये सीएम योगी आदित्यनाथ के डिजिटल इंडिया अभियान को तहसील स्तर तक पहुंचाने की मुहिम का हिस्सा। इस मुहिम से नागरिक-केंद्रित ई-गवर्नेंस के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ई-गवर्नेंस के तहत ब्लॉकचेन तकनीक और एआई-आधारित सिस्टम को भी शामिल किया जाएगा, जो डेटा सुरक्षा और फ्रॉड कार्रवाइयों की रोकथाम सुनिश्चित करेगा। साथ ही राजस्व प्रशासन के डिजिटलाइजेशन से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश और विकास की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूती प्रदान करेगा।

## जेएस विवि का परिसमापन, आईआईएमटी विवि के ग्रेटर नोएडा ऑफ-कैंपस को मंजूरी

- योगी कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव स्वीकृत
- फर्जी डिग्रियों के चलते जेएस विवि पर गिरी गाज, डॉ. भीमराव अंबेडकर विवि, आगरा संभालेगा अभिलेख

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण एवं दूरगामी प्रभाव वाले प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। योगी कैबिनेट ने जहां जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद (जिला फिरोजाबाद) के परिसमापन को मंजूरी दी, वहीं आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा स्थित ऑफ-कैंपस को संचालन प्राधिकार पत्र (एलओपी) जारी करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया।



कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद के परिसमापन का निर्णय लिया है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि विश्वविद्यालय द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए बीपीएड पाठ्यक्रम की फर्जी एवं बैक डेट में मार्कशीट और डिग्रियां जारी की गईं, जिनका उपयोग राजस्थान की शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस की जांच, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं कुलसचिव की गिरफ्तारी तथा शासन स्तर पर गठित जांच समितियों की आख्या में गंभीर अनियमितताएं प्रमाणित हुईं। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की विभिन्न धाराओं का उल्लंघन किया गया, जिसमें डिग्री प्रदान करने की शक्ति का दुरुपयोग, संगठित रूप से फर्जी अंकतालिकाओं एवं डिग्रियों का वितरण, निर्धारित भूमि मानकों का पालन न करना तथा उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद को अनिवार्य सूचनाएं उपलब्ध न कराना शामिल है। इन सभी तथ्यों के दृष्टिगत योगी सरकार ने जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद के परिसमापन का निर्णय लिया है। परिसमापन के बाद विश्वविद्यालय के समस्त अभिलेख डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के संरक्षण में रखे जाएंगे तथा उन्हीं अभिलेखों के आधार पर जेएस विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्गत मार्कशीट एवं डिग्रियों का प्रमाणीकरण किया जाएगा। साथ ही परिसमापन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय की गतिविधियों के संचालन के लिए धारा 55(6) के अंतर्गत त्रि-सदस्यीय अंतरिम समिति गठित किए जाने का भी निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि जेएस विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2015 में हुई थी।

कैबिनेट बैठक में दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा स्थित ऑफ-कैंपस की स्थापना से संबंधित रहा। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 एवं उसके द्वितीय संशोधन अधिनियम, 2021 के अंतर्गत परिसर दूरस्थ केंद्र की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

इसी क्रम में प्रायोजक संस्था एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मेरठ द्वारा ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 4.796 एकड़ भूमि चिन्हित की गई थी, जिसके लिए 25 फरवरी 2025 को आशय पत्र (एलओआई) निर्गत किया गया था। अब योगी सरकार द्वारा आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा स्थित ऑफ-कैंपस के संचालन के लिए प्रायोजक संस्था को संचालन प्राधिकार पत्र (एलओपी) जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं एनसीआर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

### ग्रीन एनर्जी से संचालित होगी लखनऊ की एआई सिटी

**लखनऊ।** लखनऊ में प्रस्तावित एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सिटी को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित मॉडल पर विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में ऊर्जा की आपूर्ति सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ स्रोतों से की जाएगी। सरकार का उद्देश्य एआई और डेटा आधारित तकनीकों के विस्तार के साथ पर्यावरण संरक्षण को समान रूप से प्राथमिकता देना है।

प्रदेश सरकार के अनुसार एआई सिटी में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर्स और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की ऊर्जा जरूरतें केवल पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर नहीं होंगी। इसके लिए सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम विकसित किए जाएंगे, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ऊर्जा लागत भी नियंत्रित रहेगी। यह मॉडल भविष्य की तकनीकी परियोजनाओं के लिए एक मानक के रूप में काम करेगा। एआई परियोजना में ग्रीन हाइड्रोजन को भी अहम स्थान दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना एआई सिटी के ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, औद्योगिक संचालन और स्मार्ट सुविधाओं में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग की है। इससे उत्तर प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल होगा जो हाइड्रोजन आधारित स्वच्छ ऊर्जा को व्यवहारिक स्तर पर अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन की बात की जाये तो उत्तर प्रदेश लीडर स्टेट के रूप में नजर आता है। एआई सिटी में डेटा सेंटर्स को वैश्विक पर्यावरण और ऊर्जा दक्षता मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। ग्रीन एनर्जी आधारित डेटा सेंटर्स से प्रदेश को वैश्विक तकनीकी कंपनियों का भरोसा मिलेगा। प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के अनुसार निवेशक अब उन स्थानों को वरीयता दे रहे हैं, जहां पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का स्पष्ट रोडमैप हो और उत्तर प्रदेश इसी दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। एआई सिटी के विकास में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट को अनिवार्य किया जाएगा।

## राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1098.02 लाख मंजूर

- कृषि क्षेत्र की क्षमता एवं कौशल विकास के लिए 383 लाख की वित्तीय स्वीकृति जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने और किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि क्षेत्र की क्षमता, कौशल विकास और उत्पादन वृद्धि की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल 383.00 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से कृषि परियोजनाओं के अनुरक्षण और कंप्यूटर हार्डवेयर की खरीद के लिए किया जाएगा, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली में आधुनिकता और कुशलता आएगी।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवीन अवस्थापनाओं और परिसंपत्तियों के विकास को गति देने के लिए सरकार ने 1098.02 लाख रुपये (दस करोड़ अट्ठानवे लाख दो हजार मात्र) की राशि स्वीकृत की है। इस बजट के माध्यम से प्रदेश में कृषि विभाग की विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर कृषि संबंधी आधारभूत ढांचे का विस्तार होगा। यह कदम राज्य के किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक संसाधनों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने किसानों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाने के लिए एक कड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश में यूरिया आपूर्ति करने वाली संस्थाओं द्वारा अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-अनुदानित उत्पादों (टैगिंग उत्पादों) की जबरन बिक्री पर रोक लगा दी गई है। शासन ने उर्वरक विक्रय प्राधिकार पत्र में अंकित समस्त गैर-अनुदानित उत्पादों की आपूर्ति एवं बिक्री को 01 जनवरी, 2026 से उत्तर प्रदेश में पूर्णतया प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति दे दी है। अब उर्वरक कंपनियों को केवल अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की अनुमति होगी, जिससे किसानों को केवल वही खाद खरीदनी होगी जिसकी उन्हें वास्तव में आवश्यकता है।

## शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 55 विद्वत ग्रंथों का किया विमोचन

### भारतीय भाषाओं को मिली नयी पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत की भाषायी विरासत को मजबूत करने और शास्त्रीय भाषाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 55 विद्वत ग्रंथों का विमोचन किया, जो राष्ट्र की बौद्धिक चेतना के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय भाषाओं को शिक्षा, अनुसंधान और सांस्कृतिक स्वाभिमान के केंद्र में स्थापित करने का प्रतीक बन गया।

इन ग्रंथों को कन्नड़, तेलुगु, मलयालम, ओड़िया, तमिल एवं भारतीय सांकेतिक भाषा में तैयार किया गया है। इनमें भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य, दर्शन और भाषायी विकास जैसे गहन विषय शामिल हैं। विशेष रूप से तमिल महाकाव्य 'तिरुक्कुरल' का सांकेतिक भाषा में भावार्थ प्रस्तुत करना सराहनीय रहा, जो समावेशी भारत की दृष्टि को साकार करता है। इससे दिव्यांगजन समुदाय तक ज्ञान की पहुंच सुनिश्चित हुई, जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली पहल है।

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विमोचन अवसर पर कहा कि यह केवल साहित्यिक प्रयास नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को सहेजने का संकल्प है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय भाषाएं संवाद का माध्यम मात्र नहीं, बल्कि बौद्धिक समृद्धि की कुंजी हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप यह कदम मातृभाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से



जुड़कर अधिक रचनात्मक बनेगी। औपनिवेशिक मैकॉले सोच के विपरीत, आज का भारत भाषाओं को एकता का सेतु मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि भारत की सभी भाषाएं राष्ट्रभाषाएं हैं। यह कथन लोकतांत्रिक भारत की विविधता में एकता की भावना को प्रतिबिंबित करता है। कार्यक्रम में भारत को विविधता का जीवंत उदाहरण बताया गया, जहां भाषाएं कभी बाधा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का आधार रहीं।

इस प्रयास में भारतीय भाषा समिति, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन लैंग्वेजेस (सीआईआईएल) और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ क्लासिकल तमिल (सीआईसीटी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिक्षा मंत्री ने इन संस्थानों को बधाई दी और भविष्य में ऐसे निरंतर प्रयासों का आह्वान किया। यह विमोचन भारतीय वाङ्मय में मूल्यवान योगदान है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा।

### सुल्तानपुर में तैनात खान निरीक्षक पंकज कुमार निलम्बित

- भुतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव ने किया निलम्बित

**लखनऊ।** भुतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव द्वारा सुल्तानपुर में तैनात खान निरीक्षक पंकज कुमार को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही व उदासीनता बरते जाने तथा अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने में विफल होने के दृष्टिगत सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय लखनऊ सम्बद्ध कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुये सचिव व निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने बताया अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के बहुत सख्त निर्देश विभाग के सभी अधिकारियो व कर्मचारियों को दिये गये हैं और कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई विभागीय अधिकारी/कर्मचारी उप खनिजों के अवैध खनन या अवैध परिवहन मे संलिप्त पाया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## शिक्षा मित्र कोई समस्या नहीं, बल्कि समाधान हैं : संदीप सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

- मंत्री बोले, शिक्षा व्यवस्था की अनिवार्य कड़ी हैं शिक्षामित्र, स्थानीय क्षेत्र में होगी तैनाती
- यूपी प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ एवं परिषदीय अनुदेशक संघ की ओर से संयुक्त रूप से सम्मान समारोह आयोजित

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षामित्र कोई समस्या नहीं हैं, बल्कि समाधान हैं। ये शिक्षा व्यवस्था की अनिवार्य कड़ी हैं। राजधानी के विश्वेश्वरैया भवन में मंगलवार को आयोजित अपने सम्मान समारोह में मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि हमारी सरकार का निर्णय और दिशा दोनों स्पष्ट हैं। शिक्षामित्रों की तैनाती यथासंभव उनके स्थानीय क्षेत्र में होगी, जिससे विद्यालय, समाज और शिक्षा के बीच स्वाभाविक और स्थायी जुड़ाव बने। इस दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि योगी सरकार का एजेंडा कायाकल्प के माध्यम से केवल इमारतें खड़ी करना नहीं है, बल्कि शिक्षा की नींव को मजबूत करना है। संसाधन बढ़े हैं, विद्यालयों की संरचना सुधरी है और डिजिटल सुविधाएं गांव-गांव तक पहुंची हैं।



उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस आंकड़ों पर नहीं, बल्कि बच्चों की वास्तविक सीख, समझ और उपलब्धि पर है। सम्मान समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ एवं परिषदीय अनुदेशक संघ की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को दिशा देना, कुप्रथाओं के विरुद्ध चेतना जगाना और राष्ट्र के लिए जज्बा पैदा करना भी शिक्षक की भूमिका का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र नई पीढ़ी का भविष्य गढ़ रहे हैं और उनकी आवाज संगठन के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचती है।

उन्होंने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि अलग-अलग संगठनों का होना गलत नहीं है, लेकिन उद्देश्य एक होना चाहिए और वह उद्देश्य सकारात्मक होना चाहिए। सरकार सभी के लिए काम करती है और जो नियम बनाये जाते हैं, वे समान रूप से लागू होते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ लोग शिक्षामित्रों की राजनीति कर उनके भविष्य को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं और उन्हें सरकार व समाज के विरुद्ध खड़ा करने की कोशिश करते हैं, जिसका लाभ शिक्षामित्रों को कदापि नहीं मिलता। यदि शिक्षामित्र संगठित रहते और सीधे संवाद करते, तो अनेक समस्यायें अब तक समाप्त हो चुकी होतीं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पूरा प्रयास कर रही है लेकिन शिक्षा के संकल्प को पूरा करने के लिए शिक्षामित्रों की सक्रिय सहभागिता के बिना यह सपना साकार होने में कठिनाई होगी। उन्होंने दोहराया कि सरकार मानदेय, सम्मान, सुरक्षा और स्थायित्व के मुद्दों पर संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। जब कक्षा की आवाज नीति तक पहुंचती है, तभी व्यवस्था टिकाऊ बनती है। राज्यमंत्री ने आशान्वित नजरों से देख रहे शिक्षा मित्र और अनुदेशकों से भरे हाल में कहा कि आपकी जो भी मांग और आशायें हैं, उन्हें सरकार जल्द पूरा करने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएलसी श्रीचंद शर्मा ने की। इस अवसर पर बाबू लाल तिवारी, मानवेन्द्र सिंह गुरुजी, अवनीश सिंह एमएलसीगण और देवेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, हरिओम वर्मा, उमेश द्विवेदी विधायकगण ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह, प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पचेरा समेत समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे।

## विकसित भारत -जी राम जी अधिनियम से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलेगी : केशव प्रसाद मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी के माध्यम से विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गांव का रोड मैप तैयार किया गया है। इस अधिनियम में ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी पहले की अपेक्षा 25 दिन बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। गांव की गलियां ग्रामीणों का हाईवे है और इन गलियों को हाइवे की तरह से बनाया जाएगा। विकास पैरामीटर के हिसाब से ग्राम पंचायतो का निर्धारण ए, बी एवं सी कैटेगरी में किया जाएगा, जिससे समस्त गांवों को विकास के समान अवसर प्राप्त होंगे। गांवो के विकास की बेहतर प्लानिंग के लिए पीएम गति शक्ति एवं अन्य आईटी टूल्स जैसे जी आइ एस का उपयोग किया जायेगा। इसमे जाब कार्ड तीन साल के लिए बनाया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे बनाये गये इस अधिनियम से देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी की खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा। भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने मे यह एक्ट बहुत प्रभावी रहेगा और गांवो का आधारभूत ढांचा बहुत मजबूत और सुदृढ़ होगा। केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर नगर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम से गांव विकसित होंगे, श्रमिकों को काम के साथ सम्मान भी मिलेगा। सामाजिक सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित होगा। गांवो का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, उससे विकसित भारत का सपना पूरा होगा। यह विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए स्थाई और महत्वपूर्ण कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। देश के संसाधनों पर डकैती डालने वाले लोगो के मंसूबे अब पूरे होने वाले नहीं है। पहले मजदूर और ग्रामीण लोग पलायन कर जाते थे, इससे अब गांव में स्थाई रूप से उनको काम मिलेगा।

देश में श्रमिकों और किसानों के हित में लिए गए इस अधिनियम का सकारात्मक रूप स्वागत किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं आधुनिक बनाने की दिशा में विकसित भारत-जी राम जी महत्वपूर्ण अधिनियम है। इसमे अब कोई एनजीओ काम नही करेंगे। प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए भी इस अधिनियम के तहत कार्य कराए जाने की व्यवस्था की गई है। मनरेगा में जो कर्मचारी पहले से कम कर रहे है, उनको इस अधिनियम में हटाया नहीं जाएगा।

संक्षेप

## पोल से टकरायी बाइक, दो युवक घायल

प्रतापगढ़। अनियंत्रित बाइक के विद्युत पोल से टकराने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मोतीहार देउम पूरब गांव निवासी पचीस वर्षीय सनी सरोज पुत्र राजकुमार सरोज व इक्कीस वर्षीय आशीष सरोज पुत्र सुदामा सरोज के साथ सोमवार को अपने चाचा की ससुराल समसपुर दर्रा थाना उदयपुर निमंत्रण मे गये थे। वहां से शाम करीब साढ़े सात बजे घर वापस लौटते समय भइयापुर गांव के पास घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गयी। इससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल युवकों की चीख सुनकर आसपास से लोग पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी भेजवाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर दोनों को इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर किया गया है। स्वजन के अनुसार घायल सनी सरोज की हालत गंभीर बनी हुई है। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लकड़ी काटने के विवाद में हुई मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

प्रतापगढ़। पेड़ से लकड़ी काटने के विवाद में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे कई लोग घायल हो गये। घटना को लेकर दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के मनोहरी का पुरवा सगरा सुंदरपुर गांव में बीती सोमवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे पेड़ से लकडी काटने के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। दोनों पक्ष से जमकर चले लाठी डंडे में करीब आधा दर्जन लोग चुटहिल हो गये। घटना को लेकर एक पक्ष की देवकली पत्नी स्व0 छोटेलाल व दूसरे पक्ष की रंगीला पत्नी राजाराम की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी। जांच के बाद पुलिस ने दोनों पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि दोनों पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच के बाद आगे उचित कार्रवाई की जाएगी।

## शीतलहर के चलते ठंड से ठिठुरते नजर आये राहगीर

प्रतापगढ़। शीतलहर के चलते मंगलवार को सड़कों पर निकले राहगीर ठण्ड से ठिठुरते नजर आये। वही गलन भरी ठण्ड में राहगीर अलाव भी तलाशते दिखे। तहसील लालगंज क्षेत्र में मंगलवार को भगवान भास्कर दिन भर बादलों की वोट में छिपे दिखे। शीतलहर के चलते ठण्ड का प्रकोप अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़ा नजर आया। गलन भरी ठण्ड में कामकाज को लेकर निकले राहगीर ठिठुरते नजर आये। ठण्ड से बचाव को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलते नजर आये लेकिन ग्रामीण क्षेत्र की प्रमुख बाजारों में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था अपवाद ही बनी दिखी। क्षेत्र के धारूपुर, जलेशरगंज, सांगीपुर, अठेहा, उदयपुर आदि क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गो पर अलाव की समुचित व्यवस्था न होने से राहगीर हलाकान नजर आये। वही क्षेत्र की प्रमुख बाजारो में अधिकांश जगहों पर लोग खुद के प्रयास से अलाव की व्यवस्था बनाकर ठण्ड से बचाव करते दिखे।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## कंपनी निदेशक समेत 13 गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के साइबर अपराध थाना और सेक्टर-63 थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर कंपनी के निदेशक सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार शाम सेक्टर-63 के एच-ब्लॉक में संचालित इस कॉल सेंटर पर छापेमारी की गई। सुमित कुमार, विवेक कुमार, मोहम्मद सोहेल, ईश्वर, राज सलउद्दीन, समीर अहमद, मोहम्मद आसिफ, मिथिलेश कुमार समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, टेलीकॉलर उपकरण, 31 मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ये लोग इंश्योरेंस पॉलिसी और हेल्थ इंश्योरेंस कराने तथा पॉलिसी का नवीनीकरण कराने के नाम पर लोगों से संपर्क करते थे और उनसे धोखाधड़ी कर रकम फर्जी बैंक खातों में जमा करवा लेते थे। आरोपी विभिन्न बीमा कंपनियों का डाटा चोरी कर उनके ग्राहकों से संपर्क करते थे और उन्हें लुभावनी योजनाओं का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे। अपर पुलिस उपायुक्त ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है।

# मिशन शक्ति टीम ने लगायी चौपाल

● कानून व साइबर अपराध सुरक्षा हेतु हेल्प नम्बरों की दी जानकारी

शिवनगर डिडई बांसी सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी सीओ सर्किल के क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव के निर्देशन व थानाध्यक्ष प्र0नि0 अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना शिवनगर डिडई मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना शिवनगर डिडई शक्ति दीदी टीम द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन व बहू-बेटी सम्मेलनव/एंटी रोमियो चेकिंग के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम सिकटा में जन चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पम्पलेट वितरित करते हुए जागरुक किया गया। गत मंगलवार पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत गत मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव तथा प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 अयोध्या यादव द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम सिकटा में जन चौपाल लगाकर बालिकाओं व महिलाओं (बहुओं) को एकत्रित कर चौपाल लगाकर बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी



दिया गया व जागरूक किया गया जैसे कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियन, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओं से संबंधी जानकारी के बारे में बताया गया। विदित हो मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत बहू सम्मेलन आयोजित किया गया तथा उनके अधिकार के बारे में बताया गया व उनको जागरूक किया गया।

# माघ मेला : सात साल से खड़ा साधु बना आकर्षण का केंद्र

प्रयागराज। प्रयागराज में आस्था का केंद्र बने माघ मेले में मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक माहौल के बीच साधुओं की विभिन्न भाव-भंगिमाएं और विचित्र व्यवहार बरबस ध्यान खींचते हैं। बिहार के सीतामढ़ी जिले के 26 साल के एक साधु अपनी एक अनोखी आध्यात्मिक प्रतिज्ञा के लिए लगातार सबको आकर्षित कर रहे हैं। उनका दावा है कि वह पिछले सात सालों से बैठे या लेटे नहीं है। शंकरपुरी के नाम से जाने जाने वाले इस युवा साधु को माघ मेले में एक पैर पर खड़े देखा गया। वह सोते समय भी अपने सिर को सहारा देने के लिए लकड़ी के सहारे का इस्तेमाल करते हैं। उनका कहना है कि वह खाने से लेकर पूजा-पाठ तक सभी रोजाना के काम खड़े होकर ही करते हैं। शंकरपुरी ने बातचीत में कहा कि मैं नैमिषारण्य का रहने वाला हूं। माना जाता है कि वहां 88 हजार ऋषि रहते हैं। मेरा जन्म वहीं हुआ था और उस पवित्र जगह पर मेरा एक आश्रम भी है। उसी धरती से मेरे मन में यह विचार आया कि मुझे खड़े रहना चाहिए। मैं छह साल की उम्र से संत हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह कभी बैठते या लेटते हैं, तो साधु ने जवाब दिया, मैं सात साल से खड़ा हूं। इस सवाल पर कि वह आराम कैसे करते हैं, युवा साधु ने कहा कि वह लकड़ी के पालने जैसी चीज पर सिर रखकर खड़े-खड़े ही सोते हैं। उन्होंने आगे कहा कि खाना, पानी और सभी रोजाना के काम इसी मुद्रा में किए जाते हैं। माघ मेला सदियों से एक ऐसा मंच रहा है, जहां साधु-संत तपस्या और आध्यात्मिक अनुशासन के अलग-अलग और अक्सर बहुत कठिन रूप दिखाते हैं। वे देश भर से तीर्थयात्रियों और भक्तों को आकर्षित करते हैं। माघ मेला 44 दिनों का धार्मिक आयोजन है।

# नयी रेलवे लाइन हेतु प्रभावित भूमि स्वामियों से 15 जनवरी तक दावा आमंत्रित

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्यापित) श्रावस्ती अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि उप मुख्य अभियंता/निर्माण/सामान्य, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा जनपद श्रावस्ती में खलीलाबादझबहराइच नई रेलवे लाइन निर्माण कार्य प्रस्तावित है। उक्त निर्माण कार्य के अंतर्गत भू-अधिग्रहण प्रस्ताव में तहसील इकौना की भूमि शामिल है, जिसके संबंध में रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20-डी के तहत भारत के राजपत्र में दिनांक 09 जुलाई 2025 को अधिसूचना प्रकाशित की जा चुकी है। भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार तहसील इकौना के ग्राम राजगढ़ गुलरिहा, डिगुराजोत, खरगौरा गणेश, मोहम्मदपुर राजा, इकौना देहात, मुझौवा सुमाल, मनकौरा कोडारी, नरायन जोत, नरायनपुर, केशवापुर पजावा, तुरहानी बलराम, औरैया टिकई एवं लक्ष्मनपुर गोड़पुरवा की भूमि इस परियोजना से प्रभावित है। उक्त योजना में प्रभावित भूखण्डों के हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया गया है कि वे दिनांक 15 जनवरी 2026 को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति), अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), कलेक्ट्रेट श्रावस्ती (भिनगा) में उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

## जनता दर्शन के दौरान एसपी ने जन समस्याओं का किया त्वरित समाधान



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दर्शन के दौरान मारपीट, महिला सम्बन्धी मामलों, रुपये के लेन-देन एवं अन्य विविध प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक शिकायत पर गहन विचार करते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता दर्शन का उद्देश्य आमजन और पुलिस प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करना तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना है। इस पहल से जनविश्वास बढ़ाने और कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## कपूर इलेवन की टीम ने जीता क्वार्टर मैच का मुकाबला



प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट में मंगलवार को क्वार्टर मैच मुकाबला हुआ। फाइनल मुकाबले के पहला क्वार्टर मैच बछवल इलेवन एवं कपूर इलेवन के बीच खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए बछवल की टीम ने निर्धारित दस ओवरों में अंश की छत्तीस रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत तिहत्तर रनों का स्कोर खड़ा किया। जीत के लिए मैदान में उतरी कपूर इलेवन की टीम ने आठ विकेट खोकर चौहत्तर रन बनाकर विजय का सेहरा अपने नाम किया। कपूर इलेवन की ओर से रोहित मौर्य ने नाबाद अटठाईस रन बनाकर मैन आफ द मैच रहे। आयोजन समिति की ओर से कपूर इलेवन की टीम को दो विकेट से विजेता घोषित किया गया। अम्पायर की भूमिका में आयोजन समिति के अध्यक्ष श्रीश पाण्डेय एवं केविन मार्शल रहे। स्कोरर की भूमिका में ललित मलिंगा रहे। आयोजन समिति के सभासद प्रतिनिधि धर्मपाल गौतम, संयोजक अजय मिश्र, संरक्षक प्रभाकर मिश्र, दीपक पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, सतीश तिवारी, कुलदीप तिवारी, अभय दुबे आदि मौजूद रहे।

# कड़ाके की सर्दी में छोटे बच्चों का करें बचावः डॉ. आर के सिंह

बांसी सिद्धार्थनगर। 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी के चिकित्सा अधीक्षक का कुशल नेतृत्व कहें या चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 के0 सिंह की कार्यक्षमता, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराते हुए दायित्वों के प्रति क्रियाशील चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 के सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जन भर से अधिक अति गरीब बूढ़े अधेड़ व महिला शिशु बच्चों जो की गम्भीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराते हुए उपचार कर पूर्णतया स्वस्थ किया गया, मरीजों के परिजन शशि प्रकाश दूबे, सुरेन्द्र अखिलेश जय प्रकाश राजेश सिंह आदि ने डा0 श्री सिंह के किए गए उत्कृष्ट सेवा को सराहा गया, पूछे गए सवाल के जबाब में चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आर0 के0 सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में इस ठंड/सर्दी के मौसम में महिलाए घर के लोग बच्चों का काफी ख्याल रखें, उन्होंने कहा कि बच्चों को ऊनी कपड़े जूता मोजा पहना कर रखे, दो दिन के बाद नीचे पहने इनर कपड़े जरूर बदल दें, इस ठंड के मौसम में ठंड से बचाव ही बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का मुख्य उपाय है, डाक्टर आर0 सिंह ने सुगर बीपी अन्य मरीजों को नियमित दवाओं का सेवन करने सहित समस्या होने की दशां में नजदीकी चिकित्सालय पहुचकर चिकित्सा अधिकारी से सलाह लेंने और स्थिति प्रतिकूल होने की दशां में विना देर किए बेहतर उपचार कराने में देर न करें।

# मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ बुद्ध बालिका महाविद्यालय, गौतमपल्ली, भीमापार सिद्धार्थनगर से किया गया। भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से छह फरवरी तक है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची दिया गया है।

सभी लोग सूची में अपना नाम देख सकते है उसमें यदि कोई त्रुटि है तो आपत्ति एवं दावे 06.02.2026 तक दिये जायेगे जिसका निस्तारण कराया जायेगा। अन्तिम प्रकाशन 06.03.2026 को कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से कहा कि आप लोग फार्म-06 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा



ले। यदि किसी को कोई समस्या हो तो सम्बन्धित बीएलओ से सम्पर्क कर सकते है अथवा तहसील से भी सम्पर्क कर सकते है।

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कार्य किया जा रहा है। वेबसाइट पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने से संबंधित विवरण की पुष्टि की जा सकती है। मतदाता वेबसाइट पर भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है। अपने मोबाइल में डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानप्रकाश, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# सोनभद्र में राबर्ट्सगंज कचहरी पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा




सोनभद्र। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर प्रदेश में निकली आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा मंगलवार को वाराणसी से मिजार्पुर होते हुए दोपहर रावट्र्सगंज कचहरी पहुंची। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में यहां पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का वकीलों ने जोरदार स्वागत भी किया। दीवानी अदालत गेट के सामने एकत्रित हुए अधिवक्ताओ ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर घंटो नारेबाजी भी की। बैनर व स्लोगन के साथ प्रदर्शन में शामिल अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार अपने अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को हर तरह की सुविधाओं का शासनादेश निर्गत करती आ रही है। उन्होने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाने वाले अधिवक्ताओं को जीवन की सुरक्षा तक की गारण्टी सरकार नही दे पा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि संसद के इसी बजट सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को केंद्र सरकार ने पारित नहीं कराया तो मजबूरन अधिवक्ता दिल्ली कूच करते हुए संसद का घेराव करेंगे। एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि उ0प्र0 सरकार कर्मचारियों व शिक्षकों की भांति अविलंब वकीलों के लिए पांच लाख के कैशलेस हेल्थ बीमा के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान करे। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सुविधाओं को सरकार लगातार नजरअंदाज कर रही है। आम सभा की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष द्विवेदी आशु व संचालन महामंत्री संजय पाण्डेय ने किया। अधिवक्ता सूरज वर्मा की अगुवाई में स्थानीय वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का जोरदार स्वागत भी किया। कलेक्टेज्ट एवं दीवानी परिसर में घूम घूम कर अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को साझा करते हुए एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने परिसर में स्थित प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद व संविधान निमार्ता डॉ0 भीम राव आम्बेडकर की प्रतिमा पर साथियों के साथ माल्यार्पण भी किया। वहीं आंदोलन में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने अधिवक्ता पवन सिंह पटेल, शारदा प्रसाद मौर्या, राजीव कुमार सिंह आदि को एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र सौंपा।

# एसएसपी ने जनता दर्शन में सुनी फरियाद



सिद्धार्थनगर। जनपद के एसएसपी डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये पीड़ित फरियादियों की समस्याओ/ व शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई किया। गत 06-01.2026 को एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय मे आए फरियादियों की जनसुनवाई करते हुए प्रार्थना पत्रों का औलोकन किया। उन्होंने अपने मधुर बचनों से फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु न सिर्फ संतुष्ट किया अपितु त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश भी दिया गया। पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कुल 013 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 03 भूमि विवाद व शेष 010 अन्य से सम्बंधित प्रार्थना पत्र रहे। एसएसपी डा0 अभिषेक ने उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु संबंधित को आदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बाहर निकल कर आए फरियादियों ने एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन के व्यवहार एवं कार्य क्षमता की सराहना किया गया।

## मेरठ पुलिस ने किया बड़ा खुलासा दिल्ली का रहने वाला सीसीएसयू का छात्र ही निकला चोर



मेरठ। मेरठ पुलिस ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक छात्रा को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित खेल के स्टोर रूम में चोरी करने के आरोप में चोरी के ?10लाख के माल के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार छात्र दिल्ली का रहने वाला हैए यह जानकारी मंगलवार को पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन अभिषेक तिवारी ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों को दीए पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि विगत 27 दिसंबर को विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल स्टोर रूम में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था इस घटना को लेकर विश्वविद्यालय की तरफ से उज्जवल खोकर द्वारा अज्ञात में थाना मेडिकल पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए मेरठ एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा के दिशा निर्देशों में पुलिस अधीक्षक नगर तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी एपुलिस जांच में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में ही पढ़ने वाले छात्र चेतन चौधरी का नाम प्रकाश में आया आरोपी चेतन चौधरी दिल्ली के थाना शाहदरा के सीमापुरी दिलशाद कॉलोनी निवासी वेदपाल का पुत्र है जिसे पुलिस ने आज 6 जनवरी को मुखबर की सूचना पर जागृति विहार एक्सटेंशन के गुर्जर चौक से चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार छात्र चेतन चौधरी से पुलिस ने चोरी किए गए कंपाउंड वो.1 ए स्टेपलाइजर पूरा सेट .01एलिम 02 रिकवर हैंडल ए वो स्टैंडए स्लोप स्ट्रिंग वो बैग बरामद कर लिया है। छात्र को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाले पांच युवक गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने वाले पांच यवको को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात नगदी तथा एक तमंचा भी बरामद किया है। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा एएसपी अंतरिक्ष जैन ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को दी पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बनियापाड़ा में खुर्रम मंजर घर से बाहर होने के कारण घर में कोई नहीं था पिछले कई दिन से आसपास के ही रहने वाले कई लड़के उनकी छत से पतंग उड़ा रहे थे इसी दौरान किसी एक आरोपी की चप्पल घर में गिर गई उस चप्पल को लेने के लिए ही आरोपी घर में उतर गए लेकिन जब उन्होंने देखा कि घर में कोई नहीं है तो उनका इरादा बदल गया और चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। मकान स्वामी खुर्रम मंजर ने थाना कोतवाली पर 4 जनवरी को छत पर लगे जाल को तोड़कर घर में घुसकर चोरी की घटना को लेकर अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मेरठ एसएसपी डॉक्टर विपिन ताडा के दिशा निर्देशों के चलते पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह तथा एएसपी अंतरिक्ष जैन के नेतृत्व में चल रही जांच के दौरान छत पर पतंग उड़ाने वाले युवक हमदान से पूछताछ में घटना का खुलासा हो गया थाना कोतवाली पुलिस ने चोरी किए गए जेवरात तथा कुछ नगदी एक तमंचे के साथ आरोपियों से बरामद करते हुए थाना कोतवाली निवासी नाजिम फैजान हमदान अजहर तथा थाना ब्रह्मपुरी के जे बी पार्क निवासी सालिम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी युवक 18 से 19 वर्ष के बीच के हैं तथा पेंठ लगाने का कार्य करते हैं।

# मिशन शक्ति टीम ने बहू- बेटी सम्मेलन कर किया जागरूक




बांसी सिद्धार्थनगर। सीओ रोहिनी यादव के पर्यवेक्षण में व बांसी थानाप्रभारी निरीक्षण मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (बहू बेटी सम्मेलन) कार्यक्रम के तहत मिशन शक्ति अभियान व साइबर जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा एंव स्वालंबन थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा बहू बेटी सम्मेलन व साइबर जागरूकता अभियान, महिला को सुरक्षा के बारे मे व हेल्पलाइन नम्बरो के बारे मे थानाक्षेत्र के ग्राम नरकटहा, निराला नगर में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियानर के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व सुश्री रोहिनी यादव क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में गत प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के ग्राम नरकटहा, निराला नगर थाना को0 बांसी जनपद सिद्धार्थनगर में जाकर मिशन शक्ति एवं एण्टी रोमियों किया गया।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशित

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस आई आर कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 06 जनवरी, 2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। यह आलेख्य मतदाता सूची जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर प्रकाशित की गई है। साथ ही इसकी प्रतियां निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, श्रावस्ती में जनसामान्य के निरीक्षण हेतु उपलब्ध हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा में मतदाता मदर रोल 3,94,085 है। इनमें मैप्ड मतदाता 2,99,146, नो-मैप्ड मतदाता 25,280, अनुपस्थित, मृतक,



शिफ्टेड एवं डुप्लिकेट मतदाता 69,533 तथा मतदाता ड्राफ्ट रोल 3,24,552 है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती में मतदाता मदर रोल 4,23,763 है। इसमें मैप्ड मतदाता 3,22,341, नो-मैप्ड मतदाता 35,943, अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड एवं डुप्लिकेट (ए0एस0डी0डी0) मतदाता 65,459 तथा मतदाता ड्राफ्ट रोल 3,58,304 है। इस प्रकार जनपद में कुल मतदाता मदर रोल 8,17,848, मैप्ड मतदाता 6,21,487, नो-मैप्ड मतदाता 61,223, अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड एवं डुप्लिकेट (ए0एस0डी0डी0) मतदाता 1,34,992 तथा कुल मतदाता ड्राफ्ट रोल 6,82,856 है। उन्होंने बताया कि प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची के संबंध में कोई भी व्यक्ति दिनांक 06 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी, 2026 तक अपने संबंधित बी0एल0ओ0, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, श्रावस्ती में दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी प्रविष्टि पर आपत्ति हेतु फार्म-7 साक्ष्यों सहित तथा किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए फार्म-8 प्रस्तुत किया जाएगा। जनपद में वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग न हो पाने वाले कुल 61,223 मतदाताओं को नोटिस जारी की जाएगी। नोटिस में अंकित तिथि को मतदाता आयोग द्वारा निर्धारित विकल्पों के अनुसार आवश्यक साक्ष्यों के साथ अपने संबंधित बी0एल0ओ0 अथवा अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकेगा।

# बूथ की मजबूती में भी विपक्ष को पछाड़ने की जरूरत : पंकज चौधरी

- मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर विशेष फोकस कर बूथ समिति के कार्यकर्ता
- 2027 में 2017 से बड़ी जीत दिलाने के लिये मतदाता सूची में जोड़वाएं नाम



गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने मंगलवार को पिपराइच विधानसभा में चरगांवा मण्डल के सरस्वती इंटर कॉलेज नाहरपुर में बूथ नंबर 199 के बूथ समिति कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बैठक की।

बूथ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता होने की नाते हमें पार्टी के सभी कार्यों को करना होता है। उन सभी कार्यों को करते हुए एस आई आर अभियान को विशेष रूप से देखना है। क्योंकि मतदाता सूची दुरुस्त करना बूथ समिति का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इस कार्य में भी विपक्षी दलों को पछाड़ने की जरूरत है। फिर भाजपा के लिए मिशन 2027 आसान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव तभी जीतते हैं जब हम बूथ जीतते हैं। ऐसे में बूथ की मतदाता सूची दुरुस्त करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा आप सभी कार्यकर्ता हैं और हम भी कार्यकर्ता हैं हम सब एक समान रूप से हैं। बस सबकी जिम्मेदारियां अलग-अलग होती हैं। बूथ अध्यक्ष सबसे महत्वपूर्ण पद है तथा बूथ कमेटी का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा पार्टी द्वारा प्राप्त जिम्मेदारी निभाने वाला कार्यकर्ता ही संगठन में आगे जाता है। उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ता के रूप में ही आप सबके बीच में हूं आप सभी के मान सम्मान की चिंता करूंगा। मेरे लिए कार्यकर्ता सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा 2027 में 2017 से भी बड़ी जीत पार्टी को दिलाने के लिए बूथों की मतदाता सूची दुरुस्त करना हम सब की प्राथमिकता है।

बैठक में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, विधायक महेंद्र पाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पांडेय नवीन, मंडल अध्यक्ष अनिल चौहान, अजय प्रकाश यादव, बूथ अध्यक्ष बालेन्दु मिश्र सहित बूथ समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोरखपुर में वोटर ड्रॉप सूची का प्रकाशन, 6.45 लाख से अधिक नाम हटे



गोरखपुर। जनपद गोरखपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत ह्लवोटर ड्रॉपह्व (नाम विलोपन) से संबंधित अद्यतन आंकड़ों का आज औपचारिक रूप से प्रकाशन कर दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को पूरी प्रक्रिया, आंकड़ों और आगे की कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जनपद भर में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कराया गया। इस दौरान मृत मतदाता, स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके मतदाता, दोहरे पंजीकरण (डुप्लीकेट वोटर) तथा अपात्र पाए गए मतदाताओं के नाम नियमानुसार मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसी प्रक्रिया को वोटर ड्रॉप कहा जाता है। डीएम के अनुसार गोरखपुर जनपद में अब तक कुल 6,45,625 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जो कुल मतदाताओं का लगभग 9 प्रतिशत है। डीएम ने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और विधि सम्मत रही है। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया गया, इसके बाद निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) स्तर पर सभी रिपोर्टों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम जानबूझकर नहीं हटाया गया है और सभी को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम वोटर ड्रॉप सूची में शामिल किए गए हैं, उनके पते पर बीएलओ द्वारा नोटिस भेजा जाएगा। नोटिस मिलने के बाद यदि किसी मतदाता का नाम गलती से कट गया है, तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 13 प्रपत्रों में से किसी एक उपयुक्त प्रपत्र को भरकर, अपना नाम पुनः मतदाता सूची में जुड़वा सकता है। डीएम दीपक मीणा ने बताया कि इन प्रपत्रों के साथ अपने वर्तमान निवास स्थान का वैध साक्ष्य देना अनिवार्य होगा। निवास प्रमाण के रूप में निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज–जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली या पानी का बिल, बैंक पासबुक, किरायानामा अथवा अन्य अधिकृत दस्तावेज–संलग्न करने होंगे। बिना दस्तावेजी साक्ष्य के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता यह प्रक्रिया अपने क्षेत्र के बीएलओ, तहसील कार्यालय या निर्वाचन कार्यालय में ऑफलाइन पूरी कर सकते हैं, वहीं ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। 6 फरवरी तक दावा-आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों की जांच कर नियमानुसार अंतिम निर्णय लिया जाएगा। प्रेस वार्ता में डीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी मकान नंबर में बाहरी व्यक्तियों के नाम गलत तरीके से दर्ज हो गए हैं, तो संबंधित मकान स्वामी या निवासी आपत्ति दर्ज कराकर उन नामों को उस मकान नंबर से हटवा सकता है।

## 16 नवजात को ड्राईफ्रूट व शाल भेंटकर सम्मानित किया




इटावा। जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम सरिता भदौरिया विधायक सदर मुख्य अतिथि तथा रीनू चैहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सदर विधायक के करकमलों द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में 16 नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं धात्री माताओं संध्या, काजल, कुमारी वीनू देवी, रोशनी, सुषमा आदि को ड्राईफ्रूट एंव शाल भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक महिला, डा. पारितोष शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पुरुष, डा. यश्मिता सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहें। जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा नवजात कन्याओं की माताओं एवं उनके परिवारीजनो की सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुये अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया तथा विभागीय योजनाओं के पेम्पलेट आदि का वितरण कराये गये। जिला प्रोबेशन कार्यालय से अक्षय वर्मा, कनिष्ठ सहायक अजित कुमार दुबे, अर्चना भदौरिया, धर्मेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, योगेन्द्र सिंह, गौरव कुमार, अभिषेक वर्मा, सोनम चैधरी एंव जिला महिला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ आदि ने प्रतिभाग किया। कार्यकम जिला प्रोबेशन अधिकारी के संयोजन में किया गया।

## ग्राम पंचायत में बिना हस्ताक्षर और सत्यापन के लाखों का भुगतान

गुलाम गौस, पिपरौली, गोरखपुर। विकास खण्ड पिपरौली के ग्राम पंचायत तेनुआ में सरकारी धन के दुरुपयोग और वित्तीय गबन का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी अच्छैवर नाथ पुत्र स्व . विश्वनाथ प्रसाद ने मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत में हुए अवैध भुगतानों की उच्चस्तरीय जाँच की माँग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, सितंबर 2025 में एक फर्म को ग्राम पंचायत के खाते से लाखों रुपये का भुगतान किया गया है। आरोप है कि जिन बिलों के आधार पर यह भुगतान किया गया, उन पर न तो ग्राम प्रधान की मुहर है और न ही पंचायत सचिव के हस्ताक्षर। बिना किसी आधिकारिक सत्यापन और बिना तारीख के सरकारी खजाने से पैसा ट्रांसफर किया जाना सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर बिना कागजी कार्यवाही के भुगतान होना ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। बिना सत्यापन के भुगतान प्रक्रिया का पूरा होना सिस्टम की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जाँच कराई जाए ताकि दोषी अधिकारियों और संबंधित फर्म के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। अवैध रूप से भुगतान किए गए सार्वजनिक धन की जल्द से जल्द रिकवरी सुनिश्चित की जाए।

इस संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह ने कहा कि अगर शिकायतकर्ता खण्ड विकास अधिकारी को पत्र दिया है तो जांच कराया जाएगा। अगर मामले में सच्चाई पाई जागेगी तो दोषियों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही की जाएगी।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के निबिहा रेलवे क्रासिंग स्थित ओवरब्रिज पर बाइक सवार 20 वर्षीय युवक वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा भेजवाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान देवरिया जनपद के थाना कोतवाली देवरिया के पिपरपाती निवासी आशीष मौर्य पुत्र कुबेर मौर्य के रुप में हुई। चौरीचौरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के मुताबिक मंगलवार को लगभग ग्यारह बजे के आसपास उक्त युवक देवरिया से गोरखपुर की ओर जा रहा था।

## मकान का ताला तोड़कर नकदी सहित बीस लाख की चोरी



मझगांवा,गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के मझगावां में सोमवार की रात अज्ञात चोरो न बंद घर का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों के जेवर लेकर चलते बने हो गये। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मझगावां निवासी अजय सिंह मझगावां रकहट मार्ग पर टावर गली में मकान बनाकर दो अन्य भाईयों के साथ रहते है। पेशे से ठेकेदार अजय सिंह सपरिवार उड़ीसा में रहते हैं। दूसरे नंबर के भाई धनंजय सिंह परिवार के साथ गोरखपुर रहते है। तीसरे नंबर के भाई धर्मिष्ठ सिंह की पत्नी मोनी उर्फ अंजली बच्चों के साथ यहां रहती हैं। दो जनवरी को मोनी घर में ताला लगाकर बच्चो के साथ मायके चली गयी थी। मंगलवार की सुबह पड़ोसी संदीप सिंह अपने छत से देखा तो अजय सिंह के घर के पीछे वाले दरवाजे का कुंडी टूटा था। उन्होने घटना की जानकारी अजय सिंह और अन्य भाईयों को दी। चोर भूतल पर स्थित तीन कमरों और प्रथम तल पर स्थित दो कमरे का ताला तोड़कर चार गोदरेज की आलमारी को तोड़ा और उसमें रखा 25 हजार नकदी सहित करीब बीस लाख रुपए के सोने और चांदी के जेवरात उठा ले गये। घटना की जानकारी के बाद फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच कर साक्ष्य का संकलन किया. जानकारी पाकर घर पहुंचे धनंजय सिंह गगहा पुलिस को तहरीर दी है.थाना प्रभारी अंजुल चतुवेर्दी का कहना है कि तहरीर मिली है। मौके पर गया था। घटना की छानबीन की जा रही है।

## 2.33 लाख मतदाताओं के नाम सूची से हटे




इटावा। चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद नई मतदाता सूची जारी कर दी गई है। इस संबंध में इटावा जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलओ के साथ बैठक कर पूरी जानकारी साझा की। बैठक में एसआईआर के निष्कर्षों, घटे मतदाता आंकड़ों और आगे की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। मंगलवार को जिलाधिकारी ने बताया कि एसआईआर से पहले इटावा जिले में कुल 12 लाख 29 हजार 631 मतदाता दर्ज थे, जबकि नई सूची में यह संख्या घटकर 9 लाख 96 हजार 613 रह गई है। इस तरह 2 लाख 33 हजार 40 मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए हैं। प्रशासन के अनुसार यह कटौती सत्यापन के दौरान मृतक, स्थानांतरित और अपात्र पाए गए मतदाताओं के नाम हटाए जाने के कारण हुई है। नई सूची के अनुसार इटावा सदर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 59 हजार 195 मतदाता पाए गए हैं। जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 88 हजार 681 और भरथना सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में 3 लाख 11 हजार 237 मतदाता दर्ज किए गए हैं। वहीं हटाए गए नामों की संख्या इटावा विधानसभा में 1 लाख 5 हजार 610, जसवंतनगर में 61 हजार 455 और भरथना विधानसभा क्षेत्र में 65 हजार 975 बताई गई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि एसआईआर प्रक्रिया के बाद जिले में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1437 हो गई है। जिलाधिकारी और एडीएम ने राजनीतिक दलों से अपील की कि यदि किसी को मतदाता सूची से संबंधित कोई आपत्ति या दावा हो तो तय समय सीमा के भीतर उसे प्रस्तुत करें। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पूरी प्रक्रिया चुनाव आयोग के दिशा निदेशों के अनुसार पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई है।

## पूर्वांचल बैंक की हाटा शाखा में 85वां स्थापना दिवस मनाया गया




मझगांवा,गोरखपुर। पूर्वांचल बैंक की हाटा बाजार शाखा ने मंगलवार को अपना 85वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक परिसर को सजाया गया और एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बैंक के सभी ग्राहकों, स्थानीय निवासियों और कर्मचारियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शाखा प्रबंधक चंद्रशेखर सिंह और हाटा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अंकीत चंद द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर की गई। प्रधान प्रतिनिधि अंकित चंद ने कहा कि यूको बैंक न सिर्फ एक बैंक है बल्कि हमारे पूरे बाजार के परिवार के रूप में समझने वाले और हर जरूरत व्यावसायिक रूप से मदद करने वाला है। इस स्थापना दिवस को यादगार और सामाजिक बनाने के लिए, बैंक प्रबंधन ने एक नेक पहल की। क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से राहत प्रदान करने हेतु कंबल वितरित किए गए। बैंक अधिकारियों ने इस अवसर पर बैंक की स्थापना से लेकर अब तक की प्रगति और ग्राहकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

उक्त अवसर पर डॉ रामचंद्र रावत, मनोज विश्वकर्मा, आशा देवी, सरिता देवी, विशाल गुप्ता व उमेश मौर्य आदि मौजूद रहें।

## बूथ स्तर पर संगठन का गठन कर कांग्रेस को मजबूत करे कार्यकर्ता : चंद्रमोहन पांडेय

गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर ब्लाक अध्यक्ष श्रवण कुमार यादव की अध्यक्षता में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस कार्यकताओं ने ब्लाक,मण्डल से लेकर सबसे निचले पायदान बूथ स्तर पर संगठन के गठन को लेकर चर्चा हुई। साथ ही आगामी पंचायती चुनाव में मजबूती से उतरने पर भी विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चंद्रमोहन पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार से कुशासन से जनता त्रस्त आ चुकी है। जनताअब विकल्प की तलाश कर रही है।

## सूचना

त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में विशी गुप्ता (VISHI GUPTA) दर्ज हो गया है। इसे संशोधित कर उसका सही नाम विश्वरा गुप्ता (VISHWARA GUPTA) लिखा व पढ़ा जाये। वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, 2/13- आफिसर्स कॉलोनी, कैसरबाग, लखनऊ।

## सूचना

AY PRAKASH KESHARWANI SO
ISHNU CHARAN KESHARWANI

## वृषभानंद महाराज का जैन मंदिर में नगर प्रवेश



इटावा। धर्म नगरी इटावा में आज एक ऐतिहासिक एवं मंगलमय क्षण देखने को मिला। आचार्य वसुनंदी मुनिराज के परम शिष्य, जैन धर्म के प्रभावशाली संत पूज्य उपाध्याय महाराज ससंघ 5 पिच्छी का बटेश्वर से पदबिहार करते हुए आगमन हुआ। मंगलवार को पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर, नशिया जी से भव्य मंगल प्रवेश एवं आगवानी जुलूस निकाला गया। आगवानी जुलूस नशियां मंदिर से प्रारंभ होकर टिक्सी मंदिर, बजरिया, छैराहा पचराहा, राजागंज चैराहा, रंगलाल चैराहा होते हुए महावीर मार्ग स्थित लालपुरा जैन मंदिर पहुँचा। मार्ग में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के पाद प्रक्षालन, आरती एवं वंदना कर भक्ति कर स्वागत किया। इस भव्य जुलूस की विशेष शोभा 108 फुट की विशाल ध्वजा रही, जो नगर भ्रमण के दौरान सभी के आकर्षण का केंद्र बनी। मुनि श्री मंदिर श्रीजी के दर्शकों किये इसके मंगल प्रवचन किये गये। कार्यक्रम में भक्त जैन समाज अध्यक्ष संजू जैन, वैभव जैन रिषभ जैन अर्पित जैन विक्की जैन सौरम जैन अभिषेक जैन चीता सौरभ जैन पोद्दार सुशील जैन बाबा चै स्वदेश जैन पूजा जैन शालनी जैन शोभा जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के महिला-पुरुष, बच्चे एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

## गोरखपुर मंडी गये व्यापारी की सर्दी से मौत

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खुर्द निवासी व नारियल व्यवसायी 52वर्षीय मुन्नीलाल मल्ल पुत्र स्व0 रघुवंश मल्ल की ठंड लगने से गोरखपुर में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मौत की खबर सुनते ही परिवार मे कोहराम मच गया।गांव में मौत की खबर को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है। कुछ लोग मौत का कारण ठंड तो कुछ लोग हार्ट अटैक बता रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलेगा। मृतक की दो पुत्रियां तथा एक पुत्र हैं। जिसमें से एक पुत्री की शादी हो चुकी है। परिजनों के अनुसार मुन्नीलाल डुमरी खुर्द चौराहे पर कच्चा नारियल व किराने की दुकान चलाते थे। मंगलवार की सुबह वह दुकान के सामानों की खरीदारी करने के लिए बाइक से गोरखपुर गये थे। परिजनों ने बताया कि वह वहीं अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। तथा मौके पर ही उनकी मौत हो गई। लोगों की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर उन्हें गंभीर दशा में जिला अस्पताल ले गई। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव अभी घर नहीं पहुंचा है।

## बकेवर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया



बकेवर, इटावा। मिशन शक्ति के तहत सोमवार को थाना बकेवर की महिला मिशन शक्ति टीम ने कस्बा बकेवर में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों को लेकर जानकारी दी तथा पंपलेट वितरित किए।

अभियान के दौरान महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 112, महिला पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा के लिए 102 व 108 तथा साइबर अपराध की सूचना के लिए 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906 और उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 के बारे में भी जागरूक किया गया।

महिला मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत, पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि वे पढ़ाई को प्राथमिकता दें, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने व परिवार के भविष्य को बेहतर बनाएं। साथ ही दी गई जानकारी को परिवार और आसपास के लोगों के साथ साझा करने का भी संदेश दिया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, सुरक्षा के प्रति सजग करना और उन्हें सरकारी सुविधाओं से जोड़ना रहा।

## वोटर लिस्ट से नाम काटने का आरोप

### ग्रामीणों ने एसडीएम से की शिकायत

जिला संवाददाता

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम पंचायत सिसहाट के ग्रामीणों ने मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी जांच-पड़ताल के संबंधित अधिकारियों की कथित मिलीभगत से ग्राम पंचायत सिसहाट के अनेक मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत की वोटर लिस्ट से हटाकर नगर पालिका परिषद जसवंतनगर की मतदाता सूची में जोड़ने की साजिश की जा रही है, जबकि वे अपने नाम ग्राम पंचायत की सूची में ही बनाए रखना चाहते हैं।

शिकायतकताओं में शैलेन्द्र, हनुमंत सिंह, सुधीर, सामंत, संजो देवी, सत्यम, कमलेश कुमारी, राजवीर, रूप किशोर, दीपक कुमार, नेहा, भूरी देवी, सुरेंद्र, विनोद, अनिल कुमार सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से ग्राम पंचायत सिसहाट के स्थायी निवासी हैं और वर्ष 2021 व 2025 की निर्वाचन नामावली में उनके नाम ग्राम पंचायत सिसहाट में ही दर्ज रहे हैं। साथ ही उनके मकान भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित हैं। इसके बावजूद अचानक उनके नाम काटकर नगर पालिका क्षेत्र में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिसका वे पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सिसहाट के लगभग 133 मतदाताओं के नाम नगर पालिका जसवंतनगर की सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, जिससे गांव में भारी आक्रोश है। उन्होंने कुछ शरारती तत्वों पर जानबूझकर वोट कटवाने और ग्रामीणों को नगर पालिका में शामिल कराने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से काटे जा रहे हैं, उन्हें ग्राम पंचायत सिसहाट की मतदाता सूची में ही बनाए रखने की मांग की है।

## शराब के पैसे मांगने पर युवक की पिटाई

जसवंतनगर, इटावा। थाना बलरई क्षेत्र के ग्राम तौर में शराब के ठेके के पास एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित करन सिंह पुत्र स्व. रामप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह गांव के शराब ठेके के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही वीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बंटू पुत्र शिवचरण लाल, कृष्णा पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह, बिट्टू पुत्र टीटू और अमन पुत्र महाराज सिंह वहां पहुंचे और उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे ।पीड़ित के अनुसार पैसे देने से मना करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मारपीट में करन सिंह के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आई हैं पीड़ित ने थाना बलरई पहुंचकर चारों नामजद आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है। बलरई थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सरोज ने बताया है कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यायालय सूचना

**हेतु संदर्शित करने के सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय तहसीलदार महोदय**
**तह.महोली जिला सीतापुर**
**वाद संख्या-39/2024**
**टी-20241064000039**
**अं. धारा 34 उ.प्र.रा.सं.-2006**
**भूमि स्थित ग्राम कूचरा, परगना-चण्डरा**
**तहसील महोली, जिला-सीतापुर**
**पुष्पा देवी पत्नी गिरजादयाल नि. ग्राम भुडिया, मजरा कचूरा पर. चण्डरा तहसील महोली जिला-सीतापुर .................प्रार्थिनी**
**बनाम**
1. गनेश पुत्र जानकी प्रसाद
2. दयाशंकर पुत्र जानकी प्रसाद
3. रामनाथ पुत्र जानकी प्रसाद
4. विपिन कुमार पुत्र जमुनादीन
5. शत्रोहन लाल पुत्र जमुनादीन

} सर्व नि. गण ग्राम भुडिया म. कचूरा तह. महोली जिला-सीतापुर

**....प्रतिवादीगण**

चूंकि उपरिनामांकित प्रार्थिनी ने इस न्यायालय में पत्रावली प्रस्तुत किया है, अतः आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस पत्रावली के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 07.01.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं सम्यक रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त पत्रावली एकपक्षीय रूप से सुनी जायेगी एवं अवधारित की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित आज दिनांक 31.12.2025 के दिवस को निकाली गई।

**आज्ञा से रीडर**
**तहसीलदार**
**तहसील महोली जिला-सीतापुर**

## पूर्वोत्तर रेलवे

**एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट**
**Notice No. : C/16/NFR/SFM/EOI/2026**
**Dated : 05.01.2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर द्वारा इज्जतनगर मंडल के 04 स्टेशनों काठगोदाम, बरेली सिटी, इज्जतनगर एंव फर्रूखाबाद पर उपलब्ध वाणिज्यिक भूमि के अधिकतम व्यवसायिक उपयोग हेतु सलाहाकार की नियुक्ति के लिये अभिरूचि व्यक्त करने हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर में किसी भी कार्य दिवस में कार्य अवधि समय 10.00 बजे से 17.00 बजे तक आकर प्राप्त की जा सकती है।

- एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान तथा तिथि : वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर दिनांक 21.01.2026 तक समय 10.00 से 17.00 बजे तक कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है।
- एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट जमा करने की तिथि एंव समय : दिनांक 21.01.2026 समय 10.00 बजे से 15.00 बजे तक, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय में एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स में।
- एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स बन्द करने की तिथि एंव समय : दिनांक 21.01.2026 समय 15.00 बजे तक, वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर।
- एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट बाक्स खोलने की तिथि : दिनांक 21.01.2026 समय 15.30 बजे, यदि इस तिथि को किसी भी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है जो बाक्स अगले कार्यदिवस में उसी निर्धारित समय खोला जायेगा।
- एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट नोटिस तथा एक्सप्रेशन ऑफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र पूर्वोत्तर रेलवे की बेवसाइट https://ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर**
**मुजाधि/वा०–222**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## सर्प का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी में दुधवा बाघ संरक्षण फाउण्डेशन के अंर्तगत कार्यरत मोटीवेटर नाजरुन निशा जिनके द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष से बचाव, वन एवं वन्य जीवों से सतर्कता संबंधी आयोजित होने वाली विभिन्न कार्यशालाओं को आयोजित कराया जाता है, तथा ईको विकास समितियों संबंधी कार्य संपादित कराए जाने का उत्तरदायित्व है। इनके द्वारा आज पुनः पलिया क्षेत्रांतर्गत सूचना प्राप्त होने पर अजीतनगर गॉव में एक सर्प का सफल रेस्क्यू आपरेशन किया गया। सर्प की पहचान रसेल वाइपर के रुप में हुई है, जो कि अत्यंत जहरीले सर्पो में से एक है। उक्त सर्प को रेस्क्यू करने के उपरांत सुरक्षित उसके वास स्थल में अवमुक्त कर दिया गया।

## कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

मोहम्मदी खीरी। नगर में रामलीला मैदान में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर डीपीएस टीम एवं साईं टीम के बीच टूर्नामेंट हुआ जिसमें साईं टीम विजय हुई। मां जानकी सेवा संस्थान द्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर कबड्डी का आयोजन मेला श्री रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुआ। जिसमें साईं टीम विजय घोषित हुई। विजय हुई टीम को मेडल, स्मृति चिन्ह, प्रस्सति पत्र देकर समाजसेवी शिवम राठौर ने सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यापक मनप्रीत कौर, सौरभ, अरुण, अंकित, रोहित, गोलू, मनजीत, विकास, सुरजीत, शिवम, पवन व्यवस्थापक हैप्पी सिंह मौजूद रहे।

## बांटे गर्म कपड़े और कंबल

मोहम्मदी खीरी। शीत लहर में आम जनमानस को ठंड से बचाने के लिए प्रशासन की अपेक्षा के चलते समाजसेवियों ने आगे बढ़कर जरूरतमंदों को कपड़े और कंबल वितरित किए हैं। गांव गरबापुर में मंगलवार को प्रधान पद प्रत्याशी अशफाक मंसूरी और उनकी टीम के सदस्य अजहर मंसूरी, सभासद रायसा बेगम, यासीन, बबलू, सिकंदर समेत सभी लोगों ने गांव के गरीब, मजलूम और जरूरतमंदों को कंबल और गरम कपड़े 500 से अधिक लोगों को वितरित कर सहयोग किया है।

## यज्ञशाला का दानपात्र तोड़कर हजारों की चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोशन नगर में चोरों ने यज्ञशाला को निशाना बनाते हुए दानपात्र तोड़कर उसमें रखी हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सुबह पूजा-अर्चना के लिए यज्ञशाला पहुंचे ग्रामीणों ने दानपात्र टूटा देखा, जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि रोशन नगर क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इससे पूर्व भी यज्ञशाला से दानपात्र चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से मामले का शीघ्र खुलासा कर चोरी गई नकदी की बरामदगी कराने और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन डीएम ने जनमानस के लिए किया जारी



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के तहत जनपद मुख्यालय के मतदान केंद्र गुरुनानक इंटर कॉलेज में मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डिप्टी डीईओ/एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ मतदान केंद्र के सभी बूथों की ड्राफ्ट सूची जनमानस के अवलोकन के लिए जारी की। कार्यक्रम का सफल संयोजन ईआरओ/एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बूथ लेवल ऑफिसर (इछड) और तीन सुपरवाइजर को माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि इस अभियान में जुड़े सभी कर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर युवा फॉर्म छह भरकर मतदाता बनें, क्योंकि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि देश सेवा का पहला कदम है। प्रत्येक योग्य मतदाता का मतदान हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाता है और इसे पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्राफ्ट सूची के प्रकाशन के दौरान नागरिकों को अपने नाम, पता और अन्य विवरणों में सुधार के लिए पूरा अवसर दिया गया है। डीएम ने सभी कर्मियों और युवा प्रतिभागियों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल प्रशासनिक काम नहीं, बल्कि लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का अहम कदम है। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजरों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि दिन-रात किए गए प्रयास से मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की गई है। इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के लिए बीएलओ द्वारा मैन्युअल और ऑनलाइन फॉर्म छह भरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में तहसीलदार मुकेश कुमार, स्थानीय नागरिक, बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर, जनप्रतिनिधि और युवा छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## 7 से 10 जनवरी तक की जायेगी बिजली कटौती

लखीमपुर-खीरी। विद्युत वितरण खण्डझ्प्रथम लखीमपुर के अंतर्गत एस.एस.बी. (निकट चूना भट्टी) से मिदनियां तक रोड सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य कराए जाने के कारण चार दिनों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। उन्होंने बताया कि 07 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र गढ़ी से जुड़े क्षेत्रों में शटडाउन लिया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से टाउन नंबरझ्04 एवं शिवालापुरवा पोषक से पोषित समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि यह शटडाउन सड़क सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य को सुरक्षित एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आवश्यक है। विभाग ने उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए उनसे अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के लिए जल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित कर लें।

## मनरेगा बचाओ संग्राम की को ऑर्डिनेटर बनीं शिप्रा अवस्थी

लखीमपुर-खीरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को उत्तर प्रदेश में मजबूती देने के लिए कांग्रेस ने संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसी क्रम में लखीमपुर-खीरी जिले की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शिप्रा अवस्थी को इस अभियान का जिला को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के मुताबिक, प्रदेश के सभी जनपदों में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों के सहयोग हेतु वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्टों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण कमजोर पड़ रही मनरेगा योजना को बचाने के लिए व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करना है। कांग्रेस नेत्री



शिप्रा अवस्थी की नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके नेतृत्व में लखीमपुर-खीरी जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम को नई मजबूती मिलेगी। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोआर्डिनेटर चौपालों, जनसभाओं और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को मनरेगा से जुड़े मुद्दों से अवगत कराएंगे और मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। नवनियुक्त जिला कोआर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाएगी उन्होंने मनरेगा से जुड़े हर वर्ग की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का संकल्प लिया।

## एसडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शीतलहर के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिए हैं। एसडीएम के नेतृत्व में मंडी परिसर में जरूरतमंद और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर ठंड से जूझ रहे लोगों के चेहरों पर राहत दिखाई दी। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि ठंड के मौसम में कोई भी गरीब या बेसहारा व्यक्ति परेशान न हो, इसके लिए प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें कंबल, अलाव और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सर्दी के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाए और जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत पहुंचाई जाए। प्रशासन की इस पहल से ठंड से प्रभावित लोगों को काफी सहारा मिला है।

## गीली लकड़ी से जल रहे नगरीय क्षेत्र में अलाव

धौरहरा खीरी। लगभग एक माह से चल रही शीत लहर में आम आदमी को बचाने के शासन व प्रशासन ने बचाव करने के लिए गर्म कंबलों से लेकर अलाव जलाने के लिए धनराशि आवंटित होती है। इसी कड़ी में नगर पंचायत प्रशासन

- **200 सौ चिन्हित जगहों पर जलते अलाव**
- **एक अलाव की कीमत बताने में असमर्थ दिखे ई ओ**

वर्तमान सत्र में लगभग दो सौ जगहों पर गीली लकड़ी से अलाव जलवाकर आम आदमी में गर्मी पैदा करके अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहा है।

प्राप्त विवरण के अनुसार प्रदेश सरकार के निर्देश पर आम आदमी व गौवंशीय पशुओं को तराई क्षेत्र पड़ रही भयानक ठंड से बचाने के लिए ग्राम पंचायत, नगर पंचायत व ग्राम पंचायतो के लिए सरकारी धनराशि का आवंटन किया गया था।इसी कृम में नगर



पंचायत प्रशासन धौरहरा ने सीमा विस्तार सहित क्षेत्र में वर्तमान ठंड के सीजन में लगभग 200 जगहों पर गीली लकड़ी के सहारे अलाव जलाकर अपने कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वाहन करते दिखाई पड़ रहे। ग्रामीणों के अनुसार नगर पंचायत के कर्मचारी देर रात से अलाव जलाने का काम करते हैं।इस मामले में जानकारी करने पर अधिशासी अधिकारी धौरहरा गौरव सिंह ने बताया कि पूरे नगर क्षेत्र में लगभग दो सौ जगहों पर अलाव जलते हैं।एक अलाव में कितनी लागत संबंधित सवाल करने पर ई ओ ने बताया कि फाइल देखकर बता देंगे।

## नगर कीर्तन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब पालकी साहिब का पुष्पवर्षा से स्वागत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोला की ओर से पालकी साहिब शोभा यात्रा एवं नगर कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। नगर कीर्तन नगर के प्रमुख




मार्गों से होकर निकला, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर गुरु साहिब की पालकी का स्वागत किया। शोभा यात्रा के दौरान जलपान व लंगर की सुंदर व्यवस्था की गई, जिससे नगर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। नगर पालिका परिषद गेट पर पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पालकी साहिब पर पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया और गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ नगर कीर्तन का अभिनंदन किया। दोपहर के समय मोहम्मदी रोड पर पालकी साहिब का स्वागत किया गया, जहां चाय के लंगर का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर ग्रहण कर सेवा भाव में सहभागिता निभाई। नगर कीर्तन के दौरान विधायक अमन गिरि ने गुरु साहिब की सवारी के समक्ष माथा टेककर नमन किया और नगरवासियों को गुरुपुरब की बधाइयां दीं।इस अवसर पर सरदार गुरचरण सिंह, गुरुदेव सिंह, फौजा सिंह, मंजीत सिंह, गुरुमेख सिंह, हैरी सिंह, अवधेश मिश्रा गुरु, राम गुलाम पाण्डे, तरुण शारदा, सभासद भोली गिरी, सोनू सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग व नगरवासी मौजूद रहे। पूरे आयोजन में भाईचारे, सेवा और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला, जिससे नगर में उत्सव का वातावरण बना रहा।

## नीलकंठ मैदान से शुरू हुआ नगर पालिका आपके द्वार अभियान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में नगर पालिका आपके द्वार अभियान का शुभारंभ मंगलवार को मोहल्ला तीर्थ स्थित नीलकंठ मैदान से किया गया। कैंप का उद्घाटन उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीमचंद और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

कैंप को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नगरवासियों को दफ्तरों के चक्कर से राहत देना है। नगर के सभी वार्डों में कैंप लगाकर राशन कार्ड, पेंशन, विद्युत विभाग और नगर पालिका से जुड़ी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जाएगा। उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि पालिका अध्यक्ष की इस पहल से विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे। पहले दिन वार्ड संख्या 6, 10 और 19 के लिए आयोजित कैंप में विद्युत विभाग से संबंधित छह, वृद्धावस्था पेंशन के 41, दिव्यांग पेंशन के तीन, विधवा पेंशन के तीन और राशन कार्ड के 163 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। बताया गया कि अगला कैंप आज कुम्हारन टोला स्थित गौशाला में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक लगाया जाएगा। इस अवसर पर सभासद राजेश अवस्थी, हर्ष अवस्थी, आनंद किशोर गिरि भोली, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा विनोद स्वर्णकार, लेखाकार मोहित अवस्थी, एसआई संदीप वर्मा, वरिष्ठलिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई सिविल अनिल कुमार यादव, जेई जलकर आदर्श मिश्रा, विद्युत विभाग से जेई धर्मेंद्र चौधरी, टीजी-2 मनीष सिंह, जितेंद्र सिंह, खाद्य एवं रसद विभाग से ऋषभ श्रीवास्तव व अजय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से अजय कुमार पर्यवेक्षक, एकता सिंह कार्यालय सहायक सहित नगर पालिका के श्रवण कुमार मिश्रा, ऋषि कुमार, करुणाकांत, अशोक कुमार मिश्रा, विमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने राजनीतिक दलों को दी प्रारूप प्रकाशन की प्रतियां

जिला संवाददाता(vol)

- **जिले में महिला मतदाता 10.75 लाख पार**
- **लखीमपुर विधानसभा में सर्वाधिक मतदाता पंजीकृत**

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने राष्ट्रीय और राज्यीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन की प्रतियां प्रदान कीं।

प्रारूप प्रकाशन के आंकड़ों के अनुसार, जनपद की आठों विधानसभाओं (पलिया, निघासन, गोला गोकर्णनाथ, श्रीनगर, धौरहरा, लखीमपुर, कस्ता और मोहम्मदी) में कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 13,08,140 और महिला मतदाताओं की संख्या 10,75,881 है। वहीं, जिले में कुल 49 थर्ड जेंडर मतदाता भी पंजीकृत हैं। सर्वाधिक मतदाता लखीमपुर विधानसभा (3,22,931) में हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद नागरिकों को दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक मिलेगा। इस अवधि में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार या स्थानांतरण के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिन युवाओं की 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी हो चुकी है या होने वाली है, उन्हें फॉर्म-6 का उपयोग करना होगा। फॉर्म-6 के साथ अनुलग्नक-4 (घोषणा पत्र) और आवश्यक अभिलेख संलग्न कर जमा करना अनिवार्य है। निर्वाचक सूची में पहले से दर्ज मतदाताओं में किसी प्रविष्टि में सुधार या एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 का प्रयोग किया जाएगा। मतदाता सूची से नाम अपमार्जित करने के लिए फॉर्म-7 का उपयोग होगा। प्रवासी भारतीय, जो विदेश में रहते हैं, उन्हें फॉर्म-6ए के साथ आवश्यक अभिलेख जमा कराना होगा।

## एसडीएम की मौजूदगी में निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी की मौजूदगी में निर्वाचन नामावलियों का आलेख प्रकाशन किया गया। इस अवसर पर आमजन से अपील की गई कि जिन पात्र नागरिकों के नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं, वे फॉर्म-6 भरकर अपना नाम सूची में अवश्य शामिल कराएं। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र नागरिक नए मतदाता के रूप में फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्रों का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता से निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी।

## सर्दी के मौसम में फल-फूल रहा अवैध कारोबार

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। एक तरफ शीत लहर की शुरूआत व घने कोहरे के कारण क्षेत्र में मौजूद खनन माफियाओं के चेहरे खिल उठे। जी हां राजस्व व पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से कोतवाली क्षेत्र में खनन माफियाओं द्वारा खुलेआम दिन रात अवैध कारोबार चरम सीमा पर पहुंच गया। जबकि जिम्मेदार अधिकारियों को मिट्टी व बालू खनन में लगे वाहनों के बारे में जानकारी नहीं है।

जानकारी के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों राजस्व व पुलिस की जुगलबंदी के दम से क्षेत्र में पड़ रही भयानक ठंड में मिट्टी/बालू खनन माफियाओं के द्वारा कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में अपने अपने वाहनों से कृषि योग्य भूमि को तालाब बनाने में कामयाब हो रहें हैं। खनन माफिया रात के अंधेरे में धरती का सीना चीरते हुए अपने मकसद में कामयाब हो रहे।सरसवा चौकी क्षेत्र के बम्हौरी व कस्बे में करीब आधा दर्जन वाहनों से मिट्टी खनन में लगे



वाहनों से अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा।एक व्यक्ति के नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रति दिन के हिसाब से पुलिस को पैसा जाता है अगर ऐसा नहीं हुआ तो काम बंद।इस मामले में जानकारी देते हुए एसडीएम धौरहरा शशीकांत मणि ने बताया कि पुलिस को कह दिया था कि अवैध खनन को रोके, हम लेखपालों के माध्यम से जानकारी करवाते हैं।

## कबीरधाम में कल आयेंगे आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर प्रदेश पूर्वी के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल के आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आठ जनवरी गुरुवार को अलीगंज के पास स्थित कबीरधाम में आयोजित सम्मेलन में उनके प्रतिभाग करने की संभावना है। इसी क्रम में मंगलवार को विधायक अमन गिरि ने कबीरधाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कबीरधाम के प्रवीण जी महाराज भी मौजूद रहे।

विधायक अमन गिरि ने आश्रम परिसर में गोवंशों को चारा खिलाया और प्रवीण जी महाराज से आश्रम की गतिविधियों व व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। विधायक अमन गिरि ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल आठ जनवरी को कबीरधाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## वी बी जी राम जी बिल खत्म कर मनरेगा की बहाली करे सरकार

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर के अगुवाई में 15 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिसमे महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी एक्ट को वी बी जी राम जी बिल को संसद में लाकर कानूनी रूप देकर मनरेगा की हत्या कर मजूदरों को गुलाम बनाने का आरोप लगाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष खरपत्तू राजभर ने कहाकि वी बी जी राम जी एक्ट के जरिए ग्रामीण खेत मजदूरों की आजीविका छिनकर मजदूरों को सरकार का गुलाम बनाने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने आगे कहाकि मनरेगा एक्ट में 90 प्रतिशत बजट भारत सरकार और 10 प्रतिशत बजट की व्यवस्था प्रदेश सरकारें करती थी, फिर भी सभी को 100 दिन काम नहीं मिल पाता था, इसके ठीक विपरीत, विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) एक्ट में भारत सरकार को 60 प्रतिशत और प्रांतीय सरकारों को 40 प्रतिशत बजट की व्यवस्था करनी होगी। जबकि प्रांतीय सरकारें लम्बे लम्बे कर्ज में डूबी हुई हैं, ऐसे में प्रांतीय

- **15 सूत्री मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन ने किया प्रदर्शन, भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन**

सरकारें धन की व्यवस्था नहीं कर पायेगी और भारत सरकार अतिरिक्त धन की व्यवस्था नहीं करेगी। सबसे बड़ी बात वी वीजी राम जी एक्ट में 60 प्रतिशत काम कृषि क्षेत्र में देने की बात बताई गई है जबकि कृषि में काम है ही नहीं। परिणाम होगा कि वी बी जी राम जी एक्ट धन के अभाव में अन्तिम सांस लेने लगेगा और भाजपा सरकार को इस योजना को बन्द करने का आसान बहाना मिल जाएगा।

जिला मंत्री दुर्बली राम ने बताया कि हमारी 15 सूत्री मांगों में वी बी जी राम जी एक्ट को जनहित में रद्द किया जाए, मनरेगा जैसे ऐतिहासिक एक्ट को पुराने रूप में बहाल किया जाए, खेत एवं ग्रामीण मजदूरों को काम न मिलने पर मुआवजा दिया जाना सुनिश्चित हो, खेत मजदूरों को 55 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद दस हजार रूपए मासिक पेंशन दिया जाए, सभी खेत मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम और 600 रूपए प्रतिदिन न्यूनतम गारंटीशुदा मजदूरी दिया जाए, बिजली के निजीकरण और स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाने के साथ ही सभी ग्रामीण मजदूरों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिए जाने सहित आदि मांगे शामिल है। वर्तमान केंद्र सरकार खुद को किसानों की हितैषी बताती है दूसरी तरफ निजी कंपनियों के साथ मिलकर किसानों, मजदूरों, के हक हिस्सा पर डाका डालने का काम करती है। जो हमें कतई बर्दाश्त नहीं है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मखडू राम, रामभुवाल, दयाराम, राजनरायन, रामकेवल, सूबेदार राजभर, केदारनाथ, अमरेज, रामनेत यादव, गुलाब चन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## कोहरे और हवा ने बढ़ायी सर्दी

आजमगढ़। शीतलहर के साथ चल रही बर्फीली हवा से गलन बढ़ने से लोग ठिठुरते हुए नजर आए। इंसान से लेकर पशु-पक्षी भी ठंड से बेहाल हो गए हैं। हाड़ कंपाती ठंड से जहां पूरा जन जीवन बेहाल है, वहीं मंगलवार को पूरा जिला कोहरे की चादर से लिपटा रहा। मौसम विभाग ने तापमान में अभी और गिरावट होने का अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को जिले का अधिकत तामपान 16 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में दिख रहा है। जिले में एक सप्ताह से जहां बादलों की आवाजाही लगी हुई थी, वहीं बादलों के छटने के बाद शीत लहर का प्रकोप बढ़ गया है। इसी के साथ ही चल रही सर्द हवा से लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। दो दिन बाद सोमवार को निकली धूप की गर्मी भी सर्द हवा के आगे फीकी रही है। सोमवार देर शाम से ही शीत लहर शुरू हुई तो रात होते ही पूरी तरह से छा गयी। दुश्यता प्रभावित होने से वाहनों के रफ्तार पर ब्रेक लग गया। कोहरे के चलते भोर में दुश्यता लगभग 50 मीटर तक रही।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के गोरा पट्टी गांव में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 31 वर्षीय युवक भीम चौहान की संदिग्ध परिस्थिति में मौत की खबर सामने आई। घटना सुबह लगभग सात बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही गांव में बडी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतक की पहचान भीम चैहान पुत्र जटाशंकर चौहान के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब 8 वर्ष पहले हुई थी, जिससे उसकी एक पुत्री है। पारिवारिक विवादों के चलते पत्नी कुछ समय बाद उससे अलग हो गई थी। इसके बाद भीम चौहान गांव में अकेले रहकर मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा था। ग्रामीणों के अनुसार, वह शांत स्वभाव का व्यक्ति था और किसी से उसका विवाद नहीं था घटना की जानकारी मिलते ही रामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की।

## व्यापार मंडल ने बाजार में जलवाया अलाव

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कबूलपुर (कल्याणपुर) बाजार में मंगलवार को हाड़ कांपने वाली कड़ाके की ठंड को देखते हुए व्यापार मंडल द्वारा कई स्थानों अलाव जलवाया गया जिससे बाजार में आने वाले राहगीरों, दुकानदारों व स्थानीय लोगों को ठंड से काफी राहत मिली व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जायसवाल ने कहा कि ठंड के अचानक बढ़ने से लोगों को काफी दिक्कत होने लगी। आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापार मंडल ने अपने दायित्व का निर्वहन किया है। आगे भी ऐसे जनहितकारी कार्य किए जाते रहेंगे महामंत्री संजय यादव ने बताया कि व्यापार मंडल हमेशा सामाजिक जिम्मेदारी निभाता रहा है जरूरत पड़ने पर और भी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाएगी संरक्षक उमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस कार्य में सभी व्यापारियों का सहयोग सराहनीय है व्हीं ग्राम अलाउद्दीन पुर ग्राम पंचायत और पूर्व प्रधान गुरु प्रसाद जायसवाल ने कहा कि ठंड में जरूरतमंदों के लिए अलाव बहुत जरूरी है व्यापार मंडल की यह पहल प्रशंसनीय है। अलाव जलने से लोगो को काफी राहत मिली।

## समूह में पात्रों को जोड़ने का कार्य तेज करें

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड मुख्यालय पर मंगलवार को प्रेरणा दिवस के मौके पर समूह सखियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में समूह सखियों को सम्बोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी नीरज शुक्ला ने कहा कि सिरकोनी ब्लॉक में 26 हजार 545 पात्र गृहस्थी तथा सात हजार 704 अन्त्योदय राशन कार्ड धारक है जिनमे जितने भी पात्र हैं उन्हें समूह में जोड़ने का काम करें इसके अलावा प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को भी समूह में तत्काल जोड़ने का काम किया जाय यह शासन की मंशा है। इसे हर हाल में पूरी तरह से कार्यान्वित कराया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित समूह सखियों को डीएओ आइएसबी रामजी सिंह ने भी सम्बोधित किया। बीएमएम अंजना राय ने समूह सखियों को तत्काल शासन के मंशानुरूप कार्य शुरू करने को कहा।

# विधायक खेल महाकुंभ का नाम हो रहा सार्थक: डॉ. कुसुमाकर



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा आयोजित विधायक खेल महाकुंभ के तेरहवें दिन सोमवार को लेदर बाल क्रिकेट मैच का पहला मुकाबला सुप्रिया सोलर हाउस चुर्क और रामगढ़ के बीच खेला गया। इस दौरान दोनों टीमें अपनी जीत के लिए जूझती रहीं। इस मैच में सोलर हाउस चूर्क की टीम विजई रही। खेल का शुभारंभ विधायक भूपेश चौबे एडिशनल एसपी अनिल कुमार सीओ सिटी रणधीर मिश्रा नगर के जाने माने चिकित्सक डॉ0 कुसुमाकर रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक के पूर्व प्रमुख पंकज पटेल ,के द्वारा टास कराकर किया गया।, रामगढ़ की टीम टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया, सुप्रिया सोलर हाउस चुर्क की टीम 20 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर शानदार 198 रनों का स्कोर खड़ा किया, सुप्रिया सोलर हाउस की तरफ से मनीष 11 चौके और 2 छक्के की मदद से 24 बाल पे 66 रन बनाए तो वहीं राहुल ,38 रन तो प्रतीक ने 30 रन बनाकर अपनी टीम का स्कोर 190 रन के पार पहुंचाया, रामगढ़ की तरफ से शुभम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने 04 ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 6 विकेट चटकाए,

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामगढ़ की टीम 20 ओवर के इस मुकाबले में 17 वे ओवर में,मात्र 127 रह बना कर ही आल टीम बुक हो गई रामगढ़ की तरफ से आर्केश पटेल 26 रन तो वहीं शुभम ने 25 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके सुप्रिया सोलर हाउस चुर्क की तरफ से ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले मनीष ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए और अपनी टीम को 71 रनों से जीत दिला कर इस टूनामेंट के आगामी मैचों में अपनी जगह पक्की कर ली

इस मैच में शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी मनीष को सीओ सिटी रणधीर मिश्रा विधायक भूपेश चौबे मनोज सोनकर, विकास पटेल के द्वारा मैंन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए डाक्टर कुसुमाकर व सी ओ सिटी रणधीर मिश्र ने संबोधन भी किया।

खेल में,हनुमत सोलर हाउस के डायरेक्टर, विकास पटेल चुर्कमंडल अध्यक्ष दिलीप चौबे रॉबर्ट्सगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश मिश्रा महेवा ग्राम प्रधान निशांत पटेल, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा बलराम सोनी, डा 0 एचपी सिंह,नवल बाजपेई,विकास मिश्रा, राजेश चौबे मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, व अन्य तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे,, आज मैच सुबह 11 बजे से चोपन और ओबरा के बीच खेला जाएगा।

## लायंस क्लब रेणुकूट ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

सोनभद्र/रेणुकूट। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा जरूरतमंदों के बीच 100 कंबलों का वितरण कार्यक्रम ग्राम धौकीनाला में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर सेवा के साथ-साथ जन-समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया। ग्रामीणों को पंपलेट के माध्यम से मलेरिया से बचाव, मधुमेह (डायबिटीज) के प्रति सतर्कता, तथा ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) रोग से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाई गईं, जिससे सेवा के साथ जनहित में जागरूकता का उद्देश्य भी पूर्ण हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम धौकीनाला, रजनी एवं बड़वान के ग्रामीणों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कंबल प्राप्त कर ग्रामीणजन अत्यंत प्रसन्न हुए। इस पुनीत सेवा कार्य में लायंस क्लब के सदस्यों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित एवं सहयोग देने वाले सदस्यों में वरिष्ठ लायन संजय सक्सेना, लॉयन मुकुल श्रीवास्तव, लॉयन रविशंकर तिवारी, लायन रूपेश, लायन सुभाष राय, लायन संजय जायसवाल, लॉयन दीपक पांडे, लॉयन संतोष गुप्ता, लॉयन धर्मेंद्र पाठक, लॉयन राजकुमार विश्वकर्मा, इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. राकेश रंजन, क्लब प्रेसिडेंट लॉयन रॉबिन श्रीवास्तव, क्लब सेक्रेटरी लॉयन बृजेश जायसवाल सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साहपूर्ण सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। प्रेसिडेन्ट द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी लॉयन साथियों को हृदय से धन्यवाद दिया।

## 78 मरीजों को मिला निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श



आजमगढ़। रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 78 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि जनवरी माह में मौसम में ठंडा होना शुरू हो जाता है, मौसम पांच घंटे में बदलता रहता है ऐसे में सजग रहते हुए गर्भवती महिलाएं अपना ख्याल रखें। अपने स्वास्थ्य को लेकर नियमित चेकअप कराते रहे और डॉक्टर के संपर्क में रहे। गर्भवती महिलाओं को अपनी देखभाल के साथ-साथ नवजात के टीकाकरण पर भी ध्यान देना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार सभी टीके लगवाने चाहिए। साथ ही इस समय में संक्रमण के बचाव के प्रति गंभीर रहे।

रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा. अमित सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को हम कटिबद्ध है। इस निशुल्क कैम्प से अधिक से अधिक महिलाएं लाभांवित हो। इस बार 78 महिलाओं का निःशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा।

इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन का एसपी ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का सघन भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य परिसर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना तथा पुलिस बल की सुविधाओं व अनुशासन को सुदृढ़ करना रहा।

पुलिस अधीक्षक ने परिसर में निर्माणाधीन बहुमंजिला आवासीय बिल्डिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट प्रशिक्षुओं के रहने, खाने और प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को परखा गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रशिक्षुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनके प्रशिक्षण का स्तर उच्च कोटि का बना रहे। श्स्वच्छ भारत अभियानश के दृष्टिगत पूरे पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयों और आवासों के आसपास स्वच्छता का वातावरण कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन गोल्डी गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उमर शाह के उर्स मुबारक पर आस्थावान उमड़े

जौनपुर ।शहर की ऐतिहासिक बडी मस्जिद के पूर्वी गेट के सामने स्थित हजरत सैयद उमर शाह रहमत उल्लाह का सालाना उर्स मुबारक धूमधाम से अपने पुराने रिवाज और रस्म से आयोजित हुआ ।जिसमें दूर दराज के आस्थावान लोगों का सैलाब उमडा। उर्स जफराबाद के नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉक्टर सरफराज खान और कालीचाबाद के चेयरमैन फिरोज अहमद मौजूद रहे ।खादिम ए आस्ताना मेराज ने बताया कि उर्स में समस्त रस्म के बाद शाम को बाद नमाज ईशा सूफियाना कव्वाली का आयोजन किया ।जहां दिल्ली और लखनऊ से आए हुए कव्वाल अपनी अपनी कव्वालियों से शमा बांधें।

## पड़ोसियों ने मड़हे में लगायी आग



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। चंदवक थाना क्षेत्र के कनौरा गांव में आपसी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के दबंग पडोसियों ने रास्ता रोक कर उसकी बाइक और मडहे में आग लगा दी है।

सरेआम गुंडा गर्दी की विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पीडित व्यक्ति राज सिंह का आरोप है कि पडोस में रहले वाले दबंग लोगों ने ये घटना को अंजाम है। सूचना मिलने पर पुलिस हरकत में आयी और घटना की छानबीन करा शुरू कर दिया।

## रामदेव ने योग गुरु ज्वाला को सौंपा यूपी का सह राज्य प्रभारी का प्रभार

मीरजापुर। जनपद के जाने माने राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह को पतंजलि युवा भारत उत्तर प्रदेश का सह राज्य प्रभारी का उत्तर दायित्व सौंपा है।

योग ऋषि स्वामी रामदेव जी ने यह प्रभार योगी ज्वाला को पिछले 18 वर्षों से अथक प्रयास और मेहनत से कर रहे योग सेवा स्वदेशी सेवा का नित प्रचार प्रसार और अनवरत योग पथ पर चलते हुए लाखों लोगों को योग से आयुर्वेद और स्वदेशी सेवा से जोड़ने तथा योग आयुर्वेद से निरोग बनाने के लिए आशीर्वाद स्वरूप यह उत्तरदायित्व दिया है। इस अवसर पर युवा भारत के केंद्रीय प्रभारी रामाशीष ने कहा कि योगी ज्वाला के नेतृत में उत्तर प्रदेश में हजारों हजारों नए युवा योग आयुर्वेद और स्वदेशी अभियान से जुड़ेंगे और युवाओं को योग आयुर्वेद से जोड़कर कि स्वदेशी से जोड़कर उनके जीवन में एक नई क्रांति से नशामुक्त व्यसनमुक्त रोगमुक्त युवाओं की फौज तैयार कर आने वाले समय में उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु युवाओं के माध्यम से पूरे देश में योग आयुर्वेद और स्वदेशी का अभियान चलाएंगे। इस अवसर युवा भारत में अब तक राज्य प्रभारी के रूप में सेवा दे रहे बृज मोहन ने कहा कि योगी ज्वाला को स्वामी रामदेव जी ने उनकी मेहनत और पुरुषार्थ का उपहार दिया है ? योगी ज्वाला के नेतृत में



उत्तर प्रदेश पूर्व की संगठनात्मक संरचना को बेहतर बनाकर गांव गांव तक युवा भारत के द्वारा युवा संगठन तैयार कर प्रत्येक युवाओं को योग से जोड़ा जाएगा। युवाओं के भीतर चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण स्वदेशी, आयुर्वेद, भारतीय शिक्षा, सनातन संस्कृति , जैविक कृषि से जोड़ते हुए संस्कारवान भारत का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी श्रीभगवान सिंह पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी दुर्गेश योगी सह राज्य प्रभारी सन्देश योगी, सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति संवाद प्रभारी सुरेंद्र उपाध्याय, महामंत्री राजेश कार्यालय प्रभारी मार्कण्डेय मिश्रा, मण्डल प्रभारी धीरज सिंह आदि लोगों ने नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी।

## श्रम विभाग के खिलाफ करणी सेना ने खोला मोर्चा

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। जिले के श्रम विभाग में कूटरचित सरकारी दस्तावेजों के जरिए सरकारी योजना का हितलाभ लेने व दिलाने वाले बिचौलिए व दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने एक बार पुनः जिलाधिकारी का दरवाजा खटखटाया है। आरोप लगाया है कि जब जांच दर जांच के बाद मामला सही पाया गया है तो फिर दोषी अफसरों, बिचौलियों पर मुकदमा दर्ज करने में देर क्यों? करणी सेना के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में बताया है कि श्रम विभाग मीरजापुर कार्यालय से कुछ असंगठित गिरोह (बिचौलिए) द्वारा अपने निजी लाभ के लिए दुरभिसंधि कर निर्माण श्रमिकों, मजदूरों एवं सीधे-साधे लोगों को लुभावना प्रस्ताव देकर अपने जाल में फसाते हैं।

फंसाने के बाद उनके बैंक खाते, आधार कार्ड व व्यक्तिगत दस्तावेज लेकर उनका दुरूपयोग करते हुए जान बूझकर कूटरचित दस्तावेज जैसे, बिना बच्चे के जन्मे, सरकारी अस्पताल का जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल तथा बिना प्रसव के ही सरकारी अस्पताल का प्रसव प्रमाण पत्र आदि लगाकर श्रम विभाग की योजनाएं मसलन, मातृत्व

**• फर्जीवाड़ा में मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर दी आंदोलन जारी रखने की चेतावनी**

शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा पुत्री विवाह अनुदान योजना में लाभ दिलाया गया है।

इस बात की पुष्टि श्रम विभाग के ही उच्चाधिकारियों की जांच टीम द्वारा की गयी है। उन्होंने बताया है कि पूर्व के दो जांचों में एक में 105 की जांच में 90 आवेदन में लगे कूटरचित दस्तावेज के आधार पर लाभ दिए गये हैं तथा इसके पूर्व की एक जांच में 12 आवेदनों की जांच में कुल 12 फर्जी पाये गये थे, जिसमें श्रम विभाग के उप श्रमायुक्त पंकज राणा ने अपने जांच रिपोर्ट और कार्यालय आदेश में विभिन्न सुसंगत धाराओं तत्कालिन भादवि की धारा-120 बी, 192, 197, 420, 464, 467, 468 तथा 471 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराये जाने का आदेश दिया था। इस सम्बन्ध में दोषियों के विरूद्ध सर्व प्रथम प्राथमिकी दर्ज करने के लिए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा 15 दिसंबर 2025 को ज्ञापन दिया गया था जिसपर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। चूंकि मामले की जांच स्वयं विभाग के उच्चाधिकारी द्वारा पूर्व में की जा चुकी है, जिसमें 90 तथा 12 में 11 आवेदनों की पुनः जांच की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि कूटरचित सरकारी दस्तावेज का दुरूपयोग कर सरकारी योजना में धनलाभ लेने व दिलाने वाले जैसे गंभीर मामले को देखते हुए सर्व प्रथम प्राथमिकी दर्ज कर मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराकर ज्ञात-अज्ञात अधिकारी, कर्मचारी एवं बिचौलिए एवं दोषी आवेदकों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध व वैद्यानिक कार्यवाही कराई जाएं, ताकि श्रमिकों के हक अधिकार सहित सरकारी धन को हजम कर लाखों की सम्पत्ति खड़ी करने वालों को बेनकाब करते हुए उनसे इसकी रिकवरी भी सुनिश्चित हो सके।

## रघुनाथपुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन

सोनभद्र - ।घोरावल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर में पंचायत भवन के समीप महान स्वतंत्रता सेनानी, आदिवासी समाज के जननायक भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का भव्य उद्घाटन समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्या एवं विशिष्ट अतिथि सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्या ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत कम उम्र में अंग्रेजी हुकूमत और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के नहीं, बल्कि पूरे देश के नायक हैं, जिन्होंने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए।

सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि इस प्रतिमा की स्थापना से आने वाली पीढ़ियों को अपने महापुरुषों के इतिहास और संघर्ष को जानने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित और पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। संचालन राहुल पटेल ने किया।

कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज कुमार पटेल, गौरी शंकर मंडल अध्यक्ष रामबली मौर्या, अनुपम त्रिपाठी, सुरेंद्र मौर्या, कृष्णा पटेल, ग्राम प्रधान परमेश्वर पाल, राहुल पटेल, विजय नारायण, कार्यक्रम संयोजक राघव सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासीयों में कंबल वितरण किया गया व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूरे कार्यक्रम को संचालन कर रहे राहुल पटेल ने सब का अंत में आभार व्यक्त किया।

## डीएम ने गौशाला का निरीक्षण कर दिए निर्देश

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने मंगलवार की सुबह फूलपुर तहसीली क्षेत्र के रसूलपुर और खांजहापुर गौशालाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पशुओं के लिए रखे गए दाना भूसा आदि की जांच की। पशुओं को गुड़ केला खिलाएं। जिलाधिकारी सबसे पहले फूलपुर तहसील क्षेत्र के रसूलपुर गांव में बने गोशाला पहुंचे। इसके बाद वे खांजहापुर गांव में बने नगर पंचायत माहुल के कान्हा गौशाला का निरीक्षण किये। डीएम ने पशुओं के लिए रखा गया भूसा, दाना की जांच की। इसके बाद उन्होंने ने गोशाला में रखे गए पशुओं का भी निरीक्षण किया। पशुओं के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं को गुड़ और केला खिलाया। पशुओं के लिए बनायी गयी नाद का भी बारीकी से निरीक्षण किया। नाद के पानी को चेक करने के लिए उन्होंने नाद को अपने हाथ से धोया। इसके बाद जिलाधिकारी ने गोशाला के रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पशुओं के समुचित रख रखाव के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा और दाना की व्यवस्था होनी चाहिए। गोवंशों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर सीआरओ संजीव ओझा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी मुकेश गुप्ता, सीओ फूलपुर किरन पाल सिंह, कोतवाल सच्चिदानंद आदि उपस्थित रहे।

## अभियान में महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ और स्वालंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया। जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी।

## झुलसी विवाहिता की मौत

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर बाजार में रेस्टोरेंट संचालक की पत्नी की बीते दो दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसने से उपचार के दौरान हुई मौत ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बीते एक माह पूर्व खौलते तेल से गंभीर रूप से झुलसी विवाहिता 28 वर्षीया नेहा ने उपचार के दौरान बीते सोमवार को दम तोड दिया। घटना के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया, लेकिन मौत की परिस्थितियां अब भी कई सवाल खडे कर रही हैं। मृतका के पति शंकर मोदनवाल का कहना है कि नेहा घर के अंदर किचन में बूंदी निकाल रही थी। इसी दौरान संतुलन बिगडने से वह खौलते तेल में गिर गई, जिससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां लंबे उपचार के बाद बीते सोमवार को उसकी मौत हो गई। वहीं, स्थानीय लोगों के अनुसार घटना वाले दिन पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी,इसके बाद विवाहिता के झुलसने की खबर सामने आने से मामले को लेकर संदेह और गहराता जा रहा है। बाजार और आसपास के इलाकों में इसे लेकर तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। वहीं अब तक सुरेरी थाने पर किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश कुमार मिश्र का कहना है कि शिकायत न मिलने के कारण कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में खौलते तेल से झुलसने की यह घटना हादसा थी या इसके पीछे कोई और कारण था यह सवाल अब भी रहस्य बना हुआ है।

## श्रेष्ठा परीक्षा में सुइथाकला के तीन छात्रों का चयन

जौनपुर। प्रधानमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं हेतु संचालित श्रेष्ठा परीक्षा मे नये सत्र में उच्च प्राथमिक विद्यालय सुइथा कला से तीन छात्रों का चयन हुआ है। ज्ञात हो कि विगत वर्ष विद्यालय से 4 छात्रों का चयन 2024 में एवं 2023मे विद्यालय से 7 छात्रों का चयन परीक्षा में हुआ था,जो वाराणसी के जीवनदीप, लिटिल फ्लावर एवं सानवीम बनारस में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।



प्रधानाध्यापक पारसनाथ यादव ने विद्यालय की इस सफलता का श्रेय बच्चों के कठिन परिश्रम एवं शिक्षक त्रिवेणी प्रसाद बिन्द, अनिल कुमार, विनोद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, नरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रागिनी सिंह एवं अंकित कुमार के कठिन परिश्रम एवं मार्गदर्शन को दिया है। बच्चों की सफलता पर ग्राम प्रधान श्रीमती राधिका दुबे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल दुबे डॉक्टर शाहिद, सुरेश पांडे धीरेंद्र मिश्रा सहित अन्य ग्राम वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार की प्रशंसा की है और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।इसी विद्यालय से राष्ट्रीय आय आधारित परीक्षा में विगत 5 वर्षों में 80 से अधिक छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है जिन्हें प्रतिमाह 1000 उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

## एसआईआर प्रक्रिया को बताया दोषपूर्णः नदीम

जौनपुर ।कांग्रेस के पूर्व विधायक नदीम जावेद ने मतदाता सूची संशोधन एसआईआर प्रक्रिया को दोषपूर्ण बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया के जरिए लोगों को उनके मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। जावेद ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों ने समय-समय पर इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से नाम काटने का तरीका अन्यायपूर्णश है। पूर्व विधायक ने दावा किया कि ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग भारत सरकार, विशेषकर शाह और तानाशाह के इशारे पर, एसआईआर के माध्यम से लोगों के अधिकारों को छीनने का काम कर रहा है उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्वोट अधिकार यात्राश के जरिए बिहार में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। जावेद के अनुसार, जौनपुर में भी एसआईआर के माध्यम से लोगों को उनके मताधिकार से वंचित किया जा रहा है ।इसके अतिरिक्त, नदीम जावेद ने जेएनयू मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम के संबंध में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल कई अन्य छात्र नेताओं को जमानत मिल चुकी है ।जावेद ने देश की न्याय व्यवस्था पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं अन्याय हुआ है, तो आने वाले समय में देश की व्यवस्था और प्रणाली न्याय प्रदान करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उमर खालिद और शरजील इमाम को भी न्यायपालिका से अवश्य न्याय मिलेगा ।पूर्व विधायक ने अदालती फैसलों का सम्मान करने की बात कही। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि न्यायिक प्रणाली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, और बडे नेताओं व वकीलों ने समय-समय पर न्याय प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में इसमें सुधार होगा।

## अवैध शराब ने छीन ली गांव की शांति

मड़िहान, मीरजापुर। शाम ढलते ही जब गांवों में चूल्हों की आग जलनी चाहिए, तब सक्तेशगढ़ चौकी क्षेत्र के जंगल किनारे गांवों में अवैध शराब की भट्टियों से धुआं उठता है। जाम लगाकर नशे में डगमगाते कदम से ग्रामीण महिलाएं रास्ता बदलने को विवश रहती हैं। चुनार थाना क्षेत्र की चौकी सक्तेशगढ़ अंतर्गत नूनौटी गांव के कोदवारी सहित कई इलाकों में धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री हो रही है, सवाल उठ रहा कि क्या नाक के नीचे बिक रही अवैध धंधों की महक पुलिस तक नहीं आती। ग्रामीणों का आरोप है कि महुआ की बिना डिग्री कच्ची शराब खुलेआम तैयार कर बेची जा रही है। इससे शराब ठेकेदारों को भी चूना लग रहा है, बल्कि गांव की सामाजिक संरचना भी बिखरती जा रही है। शासन-प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान पर एक तमाचा है। ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों का कहना है कि शाम होते ही गलियों से गुजरना मुश्किल हो गया है। चट्टी-चौराहों पर नशे में धुत लोग गाली-गलौज करते हैं, मारपीट आम हो गई है। जो कोई विरोध करता है, उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती है। डर के साए में जी रहे परिवारों के लिए यह सिर्फ.कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं, बल्कि इज्जत, सुरक्षा और भविष्य का संकट है। ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी और पुलिस की मौन सहमति, संरक्षण के बिना यह कारोबार इतने खुलेआम नहीं चल सकता। कभी-कभार दिखावटी कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है और फिर सब कुछ पहले जैसा चलने लगता है। शिकायतें करते-करते लोग थक-हारकर चुप हो गए , कि कहीं उन्हींको आवाज उठाने की कीमत न चुकानी पड़े। इस संबंध में चुनार थाना के क्राइम ब्रांच प्रभारी सत्येंद्र यादव ने बताया कि मामले की जांच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

## लेखपाल ने महिला फरियादी से की दरिंदगी

**गाजियाबाद।** पति की मृत्यु के बाद वारिस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील पहुंची एक महिला ने लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर एक लेखपाल ने उससे चार बार दुष्कर्म किया। साथ ही उसने दावा किया है कि यह घटना तहसील स्थित कार्यालय में ही हुई। महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महिला के अनुसार, उसने वारिस प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया था। तहसील के एक लेखपाल ने न केवल उसका काम

- **दो महीने में चार बार किया दुष्कर्म, पति की हो चुकी मौत**

रोका, बल्कि प्रमाण पत्र बनाने के एवज में उससे अनुचित मांगें भी कीं। महिला ने बताया कि लेखपाल ने उसे मंगलवार को भी बुलाया था, लेकिन काम नहीं किया। पिछले दो महीनों से वह लेखपाल के चक्कर काट रही है और उसे लगातार टालमटोल का सामना करना पड़ रहा है। लेखपाल ने अब कहा है कि उसका काम एक से डेढ़ महीने बाद ही हो पाएगा, जिससे महिला अत्यधिक हो गई। महिला ने कहा कि वह जान गई थी कि आरोपी उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उसे ऐसे ही दबोचता रहेगा। लेखपाल की हरकतों से तंग आकर महिला ने हिम्मत जुटाई और मामले की गंभीरता को देखते हुए सीधे पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया। उसने अपनी आपबीती सुनाते हुए लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने तहसील परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के आचरण और आमजन की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## एनएससी करने में गड़बड़ी का आरोप

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय डाक घर के एक अभिकर्ता ने एनएससी में पोस्टमास्टर व एक लिपिक द्वारा गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए डाक अधीक्षक देवरिया को शिकायत पत्र लिखा है। नगर के हरिकिर्तन मोहल्ला निवासी व भटनी पोस्ट ऑफिस में अभिकर्ता अमित वर्मा ने आरोप लगाया है कि उसने 15 एनएससी करने के लिए पोस्ट मास्टर व लिपिक को दिया था। आरोप है कि 10 से 12 दिन तक एनएससी नहीं किया गया और फिर उसमें से 8 एनएससी जिसमें मात्र 4 एनएससी उसके युजर आईडी व 4 डायरेक्ट कर दी गई है। उसने लिखा कि पूछताछ करने पर आमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एजेंसी खत्म करने की बात कही गई।

## प्लेसमेंट 9 जनवरी को

**देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सलेमपुर निलेश मिश्र ने बताया कि कम्पनी मारुति सुजुकी इंडिया लि. (गुजरात) द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बरसीपार प्यासी रोड, सलेमपुर में 9 जनवरी को प्रातः 10बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्लेसमेंट में आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी (सभी व्यवसायों से) प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा अभ्यर्थी का आईटीआई पासआउट होना अनिवार्य है।

# सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं

## नपा कुशीनगर में सेवा के संकल्प के साथ चल रहा भंडारा



**कसया, कुशीनगर।** नर सेवा, नारायण सेवा के संकल्प के साथ जन सहयोग से कसया नगर स्थित गांधी चौक पर आम जनता और राहगीरों को कसया नगर में निःशुल्क भंडारे में गर्मा गर्म भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रेम, करुणा और अपनत्व के साथ किए जा रहे सेवा कार्य की नगर में लोग खूब सराहना कर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद कुशीनगर की अध्यक्ष किरन राकेश जायसवाल के निर्देशन में बीते एक सप्ताह से चल रहे निःशुल्क भंडारे में गर्म और स्वादिष्ट भोजन शाम छः बजे से देर रात तक युवा स्वयंसेवक लोगों को परोस रहे हैं। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि और वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जायसवाल ने कहा स्वामी विवेकानंद ने नर सेवा ही नारायण सेवा है के वाक्यांश पर प्रकाश डाला था। आगे कहा कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। जीवन रूपी संघर्ष में आगे बढ़ते हुए सभी में सेवा का भाव जरूर रखना चाहिए। हम सभी मिलजुल कर एक-दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढ़ें, तब भारत एक विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा। सोमवार की शाम को सातवें दिन राहुल सोनी, समर मद्धेसीय, संजय जायसवाल, बृजभान गुप्ता, संतोष जायसवाल, भारत आहुजा, कुश कुमार, राधे यादब संजय प्रकाश, भीम बली सिंह आदि ने राहगीरों और विशिष्ट जनों को भोजन परोसा। इस पुनीत कार्य में सभासद राजेश मद्धेशिया, केशव सिंह, शैल देवी, गुड्डू कुशवाहा, अमरावती देवी, सूर्यनाथ यादव, विनय प्रताप राव, प्रभुनाथ सिंह, विजेंद्र कुमार सिंह उर्फ भगत सिंह, अमेरिकन सिंह, अमरनाथ जायसवाल, शबनम खातून, यशोदा देवी, दुर्गेश विश्वकर्मा, कमलावती देवी, ताजबून निशा, राजेश जायसवाल और मीरा, शमशाद अंसारी सहित गणमान्य जन सहयोग कर रहे हैं।

# मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन छह फरवरी तक दावे-आपत्तियां

**देवरिया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को 06 जनवरी 2026 को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर कर दिया गया। यह जानकारी एडीएम(प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों की आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है, वे निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने के लिए निर्धारित प्रारूप-6 पर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जिन मतदाताओं के नाम, आयु, लिंग, फोटो, पता अथवा स्थान परिवर्तन से संबंधित प्रविष्टियों में कोई त्रुटि है, वे प्रारूप-8 के माध्यम से संशोधन करा सकते हैं, जबकि नाम अपमार्जन के लिए प्रारूप-7 पर आवेदन किया जा सकता है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत दावे एवं आपत्तियां 6 जनवरी से 06 फरवरी तक संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर के पास जमा की जा सकती हैं। उन्होंने बताया निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से संबंधित संशोधित कार्यक्रम भी जारी किया गया है, जिसके अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 6 जनवरी को किया गया है, दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि 6 फरवरी तक निर्धारित है, जबकि सूचना जारी करने, सुनवाई, प्रपत्रों के सत्यापन तथा दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 27 फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद संबंधी मापदण्डों की जाँच कर अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति 03 मार्च तक प्राप्त की जाएगी और निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। उन्होंने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की कि आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली सभी बूथ लेवल ऑफिसरों के पास उपलब्ध है। मतदाता सूची का अवलोकन करने के बाद यदि किसी प्रविष्टि को जोड़ना, संशोधित करना अथवा हटाना हो तो निर्धारित तिथियों के भीतर संबंधित बीएलओ के पास निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करें। सभी आवश्यक प्रपत्र बीएलओ के पास उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in अथवा प्ले स्टोर से उपलब्ध वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# अहिरौली राजा ने सपहा को 7 विकेट से हराया



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के अहिरौली राजा के जूनियर हाईस्कूल प्रांगण में कैनवास बाल दुग्गी क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को मैच में अहिरौली राजा व सपहा के बीच खेला गया। जिसमें अहिरौली राजा की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में तीन बिकेट खोकर 40 रन बनाया जबाब में उतरीं सपहा की टीम पूरी विकेट खोकर 35 रन बनाकर आल आउट हो गई। अहिरौली राजा की टीम सात विकेट से मैच रोचक ढंग से जीत दर्ज कर लिया मैच के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अजय जायसवाल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा का कमी नहीं है ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं का निखार आता है और खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है, रेफरी बिकास श्रीवास्तव व राजेश जायसवाल कमेंटी आशिष मद्धेशिया किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष इम्तियाज खान आये सभी अतिथियों को स्वागत और आभार प्रकट किया। इस अवसर पर संदीप कुमार जायसवाल, मनीष, अरबाज, फरहान, पुजेश, आशिक, सचिन, बिशाल गुप्ता, श्रीराम गोंड, अनिल जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# जिला जज ने घोषित किये वर्ष 2026 के स्थानीय व अतिरिक्त अवकाश

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय से निर्गत कैलेंडर वर्ष 2026 के अनुपालन में जनपद न्यायालयों के लिए वर्ष 2026 के स्थानीय एवं अतिरिक्त अवकाश घोषित किए गए हैं। इसके तहत 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 20 मार्च को रमजान का अंतिम शुक्रवार, 28 अगस्त को रक्षाबंधन, 19 अक्टूबर को महानवमी तथा 11 नवंबर को भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर स्थानीय अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय अथवा अन्य अवकाश जो द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ रहे हैं, उनके एवज में दो अतिरिक्त अवकाश घोषित किए गए हैं। 15 फरवरी (रविवार) को पड़ने वाली महाशिवरात्रि के स्थान पर 05 मार्च (बृहस्पतिवार) को होली पर्व के अगले दिन अवकाश दिया गया है। इसी प्रकार, 08 नवंबर (रविवार) को पड़ने वाली दीपावली के स्थान पर 10 नवंबर (मंगलवार) को गोवर्धन पूजा के अवसर पर अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है।

# संविदा विद्युत मजदूर संगठन का मंडल कार्यालय पर धरना : 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा

**देवरिया।** आज विद्युत संविदा मजदूर संगठन उप्र के केंद्रीय आवाहन पर अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल कार्यालय देवरिया पर एक दिवसीय धरना आंदोलन विद्युत संविदा मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष आनंद सिंह के नेतृत्व में किया गया। अध्यक्ष उप्र पावर कारपोरेशन को संबोधित मांग पत्र अधीक्षण अभियंता को दिया गया। धरना आंदोलन को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रबंधन सरकार की छवि को खराब करने पर तुला हुआ है आए दिन नए अनुबंध में पूर्व में कार्य कर रहे संविदा कर्मियों की संख्या को कम कर दिया जा रहा है इसके कारण हर वर्ष प्रदेश में हजारों हजारों की संख्या में संविदा कर्मी बेरोजगार हो रहा है एक तरफ सरकार का दावा है कि वह मजदूरों के साथ खड़ी है और मजदूरों का मानदेय बढ़ाने का कार्य कर रही है इसके लिए आयोग का गठन किया जा रहा है लेकिन धरातल पर वास्तविकता यह है की संविदा कर्मियों का मानदेय बढ़ाया नहीं जा रहा है बल्कि अनुबंध में संख्या कम कर लगातार संविदा कर्मियों को विभाग से निकलने का कार्य किया जा रहा है। देवरिया में वर्तमान समय में एस एम एम इंफ्रास्ट्रक्चर कार्य कर रही है जिसके तहत 725 लोग देवरिया जिले में तैनात हैं जबकी इसके पूर्व वर्ष 2022 झ23 कार्यरत कंपनी जीम वेंचर स्र५३ छळऊमें 776 संविदा कर्मी कार्यरत थे 2023 में जब नई कम्पनी का टेंडर हुआ तो 51 संविदा कर्मचारी कम कर दिए गए और उनको बिना किसी सूचना बिना किसी जानकारी के विभाग से निकाल दिया गया जो श्रम विभाग के नियमों के खिलाफ है और अब फिर नया टेंडर होने वाला है जिसमें लगभग 60 से 70 संविदा कर्मचारियों को टेंडर में ही संख्या कम कर निकालने का रणनीति प्रबंध कर रहा है जो कहीं से भी मजदूर हित में नहीं है प्रबंधन को संगठन की ओर से सख्त चेतावनी दी जा रही है आंदोलन को संबोधित करते हुए खंडीय उपाध्यक्ष अजय यादव ने कहा यह प्रबंधन केवल शोषण के लिए उतारू हैं प्रबंधन की तानाशाही चरम सीमा पर है जिला अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहा की सरकार की छवि को खराब करने के के लिए लगता है प्रबंधन विपक्ष से मिला हुआ है और सरकार के द्वारा जो मजदूरों की बात कही जा रही है उसके ठीक विपरीत कार्य कर रहा है।

# अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन ने जनपद देवरिया में की अपराध गोष्ठी




जिला संवाददाता (vol)

**देवरिया।** अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण के साथ पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा पुलिस कार्यप्रणाली की प्रभावशीलता बढ़ाना रहा।

अपराध गोष्ठी के दौरान साइबर अपराध, एनडीपीएस एक्ट, गौ-तस्करी, अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा जैसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना स्तर पर सघन अभियान चलाने को कहा गया। एडीजी महोदय ने अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट तथा कुर्की की कार्रवाई को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन कर परिणाममुखी कार्रवाई करने पर बल दिया गया।

**लंबित विवेचनाओं व न्यायालय में विचाराधीन मामलों की समीक्षा**

अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देश दिया गया कि विवेचनाओं को समयबद्ध एवं निष्पक्ष रूप से पूर्ण कर चार्जशीट निर्धारित समय में प्रेषित की जाए। आईजीआरएस, जनसुनवाई एवं थानों पर प्राप्त प्रार्थनापत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। यातायात व्यवस्था एवं रात्रि गश्त की समीक्षा करते हुए अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी गश्त, चेकिंग अभियान तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहों की रोकथाम एवं निगरानी को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

# चोरी की बाइक सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस द्वारा रेलवे कालोनी में बाईक जाँच के दौरान चोरी की बाईक के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार करने में पुलिस को बहुत बडी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक संजीव सूमन के द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम व वांछित /वारंटी गौ तस्करो की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के निर्देशन व पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षक में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय के नेतृत्व में सोमवार की रात्रि रेलवे कालोनी के पास वाहन जाँच के दौरान दो युवकों को बाईक संख्या -बी आर 28यू 8469के साथ पकडा पुलिस जब ई चालान एप से बाईक की जाँच की तो पता चला कि बाईक हरिलाल साहनी पुत्र इन्द्राशन मल्लाह ग्राम मारड घाट थाना विजयीपुर (बिहार )जिला गोपालगंज के नाम पर पंजीकृत है इस सम्बन्ध में जब पुलिस वाहन स्वामी से बात किया तो वाहन स्वामी ने ब ाया कि इस सम्बन्ध मे विजयीपुर थाने मे मु अ स 290/25धारा 303(2)बी एन एस के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया हुँ। पुलिस दोनो अपराधियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार आरोपी रोशन कुमार पुत्र दीनदयाल ग्राम ठाकुर कोडरा थाना कोतवाली देवरिया शैलेश कुमार यादव पुत्र भरोशा यादव ग्राम बभनौली कला थाना भटनी जिला देवरिया का निवासी बताया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार मुख्य आरक्षी शिवप्रसाद चौधरी आरक्षी अमन कुमार शामिल रहे।

# जन समस्याओं को लेकर भाकियू का अनशन 10 को



**देवरिया।** भाकियू का एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में जनपद देवरिया के डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बिजली, स्वास्थ्य, सड़क से जुड़े हुए प्रमुख समस्याएं शामिल हैं। इसके साथ ही बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार सिंह से भी मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि गर्मी के दिनों में जब आम जनता एवं किसानों को बिजली की आवश्यकता होती है तो ओवरलोड होने, बार-बार ट्रिप होने से बिजली की कटौती चरम सीमा पर होती है जिससे आम जनता एवं किसानों को बहुत ही परेशानी होती है। भारतीय किसान यूनियन द्वारा बहुत दिनों से सिधूवा में एक नया बिजली घर बनाने की मांग हो रही है जिसमें विभाग द्वारा जमीन का सर्वे भी कर लिया गया है। इतना ही नहीं ग्रामीण अंचल में बरसों से पुराने 11 हजार के तार जर्जर हैं। आज भी गांवों के अन्दर 11 हजार के नंगे तार वैसे ही हैं मगर न तार बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई और ना ही केवल लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई। इसको भी लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन दिया गया। भीखमपुर रोड पर लाहिलपार और गोरयाघाट के बीच सड़क जगह-जगह टूट रही है जिससे आए दिन घटनाएं हो रही हैं सड़के बन रही हैं मगर कुछ दिनों के बाद ही टूट भी जा रही है। कहीं न कहीं गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है जिसके कारण ऐसा हो रहा है। सिधूवा सीएचसी में रात्रि कालीन इमरजेंसी ओपीडी ना होने से ग्रामीण अंचल के मरीजों को शहर के तरफ जाना पड़ता है जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही ने कहा कि जन समस्याओं को लेकर दिनांक 10 जनवरी से बरियारपुर थाने के अन्तर्गत विशुनपुरकला चौराहे पर भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन ने अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन का कार्यक्रम प्रस्तावित किया है। ज्ञापन देने वालों में भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव जिला महासचिव धनंजय सिंह जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, शेषनाथ सिंह, दिग्विजय नारायण कुशवाहा, बृजेश यादव उमाशंकर सिंह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला हेल्पलाइन 181 की त्वरित कार्रवाई से घरेलू हिंसा पीड़िता को मिला संरक्षण

जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में संचालित महिला हेल्पलाइन 181 (सखी वन स्टॉप सेंटर, कुशीनगर) को बीती रात लगभग 08:00 बजे रामकोला थाना क्षेत्र से घरेलू हिंसा से संबंधित सूचना प्राप्त हुई। पीड़िता के भाई द्वारा दी गई सूचना में बताया गया कि उसकी बहन को ससुराल पक्ष (पति, सास एवं ससुर) द्वारा लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

सूचना प्राप्त होते ही सखी वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर श्रीमती रीता यादव द्वारा मामले की जानकारी तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी, कुशीनगर को दी गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को वन स्टॉप सेंटर, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन तथा रामकोला थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण टीम में वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर श्रीमती रीता यादव, हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन से श्रीमती प्रीति सिंह एवं श्रीमती बंदना कुशवाहा (जेंडर स्पेशलिस्ट) तथा रामकोला थाना से उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव, बाल संरक्षण अधिकारी प्रदीप यादव, पुलिस आरक्षी, एवं उपनिरीक्षक रामबदन चौहान शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पीड़िता के साथ निरंतर शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न की पुष्टि हुई। पीड़िता के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान पाए गए, जिसके उपरांत प्राथमिक उपचार हेतु उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय, कुशीनगर लाया गया। उपचार के पश्चात पीड़िता को सखी वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रूप से आवासित किया गया है तथा मामले में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जेम पोर्टल के संबंध में कार्यशाला आयोजित



**कुशीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में ह्लजेम पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशालाह्न का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र, कुशीनगर के सौजन्य से किया गया। कार्यशाला में राज्य जेम प्रकोष्ठ, निर्यात भवन, लखनऊ के स्टेट कोऑर्डिनेटर ट्रेनर अंकित शुक्ला द्वारा जेम पोर्टल से संबंधित नवीनतम शासनादेशों, जेम के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की क्रय प्रक्रिया, तथा शासकीय क्रय की अनिवार्यता के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सुश्री वंदिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को कार्यशाला से अधिकतम लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित करते हुए शासकीय नियमों एवं दिशा-निदेर्शों के कड़ाई से अनुपालन पर बल दिया तथा सभी को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के संयोजक उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग केन्द्र, ने अपने संबोधन में अवगत कराया कि शासन द्वारा सभी शासकीय विभागों के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं का क्रय अनिवार्य कर दिया गया है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली में प्रभावित अंग की देखभाल के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भलुअनी ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरौली में मंगलवार को सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) के सदस्य सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। मरीजों को रुग्णता प्रबंधन और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान 10 फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।

पीएसपी सदस्य सीएचओ वरुण चौरसिया ने कहा कि फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है। सीएचओ ने किट में मौजूद सामग्री जैसे साबुन, टावेल, एंटीसेप्टिक व अन्य उपकरणों के उपयोग की विधि करके दिखाया व मरीजों को समझाया। पीएसपी सदस्य ग्राम प्रधान विनय पाण्डेय ने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। कार्यक्रम में सहयोगी संस्था सीफारजिला प्रतिनिधि सहित पीएसपी सदस्य संगिनी मंजू देवी, फाइलेरिया मरीज जोखू, आशा, आंगनबाडी, फाइलेरिया मरीज, वालेंटियर और ग्रामीण मौजूद रहे।

# डॉ. उदयनारायण द्विवेदी की पुण्यतिथि पर बांटे कंबल

- **पुण्य कर्मों से अमर होते हैं लोग : सांसद शशांक मणि**



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर विकास खंड के धनहां स्थित श्रीमती सावित्री देवी महिला महाविद्यालय परिसर में प्रख्यात समाजसेवी एवं चिकित्सक रहे डॉ. उदयनारायण द्विवेदी की 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि सभा में हजारों जरूरतमंद व गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए जिससे ठंड से राहत मिल सके। आयोजन स्थल पर सुबह पहुंचे मुख्यअतिथि सांसद शशांक मणि ने स्व. डा. द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने जीवन में समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करता है, वह मृत्यु के बाद भी अपने कर्मों के माध्यम से जीवित रहता है।

डॉ. उदयनारायण द्विवेदी ऐसे ही व्यक्तित्व थे। जिनकी स्मृति आज भी जनसेवा के रूप में जीवंत है। कहा कि कड़ाके की ठंड में डा. द्विवेदी के पुत्रों द्वारा जरूरतमंदों को कंबल ओढ़ाना न केवल मानवीय संवेदना का परिचायक है, बल्कि एक उत्कृष्ट पुण्य कार्य भी है। माता-पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना हर संतान का परम धर्म होता है, और द्विवेदी परिवार इस दायित्व को पूरी निष्ठा से निभा रहा है। क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि स्व. डा. उदयनारायण द्विवेदी की सामाजिक और मानवीय सेवाएं अमर हैं। उनकी स्मृति में हर वर्ष ठंड के मौसम में कंबल वितरण करना समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल जरूरतमंदों को राहत देते हैं, बल्कि समाज में सेवा और संवेदना की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष दुर्गेश राय ने द्विवेदी परिवार की सराहना करते हुए कहा कि इस भीषण ठंड में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सुध लेना अत्यंत सराहनीय है। द्विवेदी परिवार इसके लिए धन्यवाद का पात्र है।

वहीं सेवरही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय तिवारी ने कहा कि यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह सेवा-कारवां निरंतर चलता रहना चाहिए। डॉ. द्विवेदी के पुत्रद्वय हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज एवं ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि पिताजी द्वारा दी गई सीख हमारे लिए ऊर्जा का स्त्रोत है। जरूरतमंदों को कंबल वितरण के साथ-साथ अन्य सेवा कार्य भी निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय मणि ने किया। समारोह को पूर्व प्रमुख संजय मल्ल, भाजपा नेता चंद्रप्रकाश यादव चमन, महेंद्र उपाध्याय, आचार्य पंडित त्रिभुवन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि व प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, बिंदा कुशवाहा, गौरव जायसवाल आदि ने सम्बोधित किया। इस दौरान प्रह्लाद मिश्र, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, कन्हैया गौड़, सुनील गौड़, आलोक चंद्र उपाध्याय, डा.कन्हैया शर्मा, कुलदीप उपाध्याय, राणा प्रताप मिश्र, मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी, मुन्नू मिश्र, अवकाश प्राप्त कैप्टन दयाशंकर पांडेय, हरेंद्र राय, ग्राम प्रधान गण बबलू राय, राकेश द्विवेदी, विश्वविजय सिंह, विजय बहादुर सिंह, संतोष गुप्ता संगम, कन्हैया लाल सरस, असगर अली, राकेश साहनी, अरविंद कुशवाहा, विनय श्रीवास्तव, अजय राय, डा केपी सिंह, उमेश पांडेय, गिरीश चंद्र पांडेय, थानाध्यक्ष चौरा खास दिनेश साहनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, बुद्धिजीवी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7
न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश महोदय
C. No - 36, जनपद बाराबंकी
R.C.A.No - 10 सन 2025
ता. पेशी - 08.01.2026

सैय्यद सईद अब्बास आदि ......वादी

बनाम

1. जरगाम हैदर
2. मो. मोहसिन
3. जाफर
4. बाकर उर्फ सोनू
5. शब्बररजा उर्फ शब्बू
6. आसिम

(2–5) पुत्रगण मो. हसनैन

**निवासीगण-** प्लॉट नं- 1801 रेगालया हाईट सिप्रासन सिटी इन्द्रापुरम गाजियाबाद, उ.प्र.।

....प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 08.01.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 05.01.2026 के दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधीश**

संक्षेप

## भारी मात्रा में लहन कराया नष्ट

मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक निशान सिंह तथा मौरावां पुलिस के द्वारा लगातार रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मौरावा पुलिस एवं आबकारी टीम के संयुक्त कार्यवाही में टीम द्वारा मौरावां क्षेत्र के अंतर्गत लउवा, कुटी खेड़ा, एवं हडहरा में अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त होने वाला लगभग 600 किलोग्राम लहन बरामद किया गया तथा मौके पर 8 अवैध भट्ठी को नष्ट किया गया निशांत सिंह ने बताया की अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा सम्मिलित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही जारी रहेगी।

## महिला ने की आत्महत्या की कोशिश की

उन्नाव। मंगलवार शाम नवीन गंगापुल पर एक महिला द्वारा गंगा नदी में छलांग लगाने के प्रयास से हड़कंप मच गया, हालांकि पुल से गुजर रहे राहगीरों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को पकड़ लिया और कूदने से रोक लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। महिला की पहचान संजना के रूप में हुई है, जो कन्नौज जनपद की निवासी बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला मानसिक रूप से परेशान नजर आ रही थी। पुलिस का कहना है कि महिला से पूछताछ की जा रही है तथा प्रारंभिक जांच में पारिवारिक या व्यक्तिगत कारणों से कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल महिला पूरी तरह सुरक्षित है और पुलिस परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

## महोली बार चुनाव का ऐलान

महोली/ सीतापुर बार एसोसिएशन महोली की वार्षिक बैठक एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें नई कमेटी गठित हेतु 17 जनवरी को मतदान की तिथि घोषित की गई। जानकारी अनुसार पूर्व बार की कमेटी का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो गया है वही कोषाध्यक्ष द्वारा आय व्यय का व्योरा बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष रामाश्रय अवस्थी ने बताया कि नई मतदान प्रक्रिया के तहत 7 जनवरी को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन, 8 जनवरी को सभी पदों हेतु नामांकन पत्रों की बिक्री व दाखिला , 9 जनवरी को दोपहर 2:00 तक नामांकन बिक्री व दाखिला इसके बाद अपराह्न 3:00 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व जांच व पांच बजे तक नामांकन पत्रों की वापसी होगी। 17 जनवरी को 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा इसके पश्चात मतगणना व परिणाम की घोषणा की जाएगी। समस्त चुनाव अधिवक्ता यदुवीर सिंह की देखरेख में संपन्न होंगे। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, महासचिव जगजीवन, भारती, कमलेश भार्गव भूपेंद्र दीक्षित, नीरज मिश्रा, हरिकरन दीक्षित, राजकृष्ण शुक्ला, अभय मिश्रा, सरोज राठौर, अरशद खान, अनिल मिश्रा, कमलेश वर्मा, अंकित पांडेय सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

## शिवा शर्मा ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

सिधौली (सीतापुर)। कस्बे के मोहल्ला नरोत्तम नगर निवासी शिवा शर्मा ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बीते 28 दिसंबर को सीतापुर में आयोजित सीतापुर सुपर स्टार सीजन 2 डांस प्रतियोगिता में शिवा शर्मा ने प्रथम पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खास बात यह रही कि इससे पहले आयोजित पहले सीजन में भी शिवा शर्मा ने ही पहला स्थान हासिल किया था। लगातार दूसरी बार मिली इस सफलता से परिवार मित्रों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता में जिले भर से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जहां शिवा शर्मा ने अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। शिवा की इस उपलब्धि को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। शिवाने सिधौली पहुंचकर अपनी उपलब्धियां परिजनों से साझा की। शिवा का कहना है बिना किसी संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया और न ही किसी से सीखा स्वयं सीखा और कम्पटीशन में भाग लिया। शिव ने बताया कि उन्होंने लखनऊ व लखीमपुर में आयोजित डांस प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान जीता है। उत्तराखंड में आयोजित अगले माह होने वाली एक डांस प्रतियोगिता में भी उनका चयन हुआ है।

# पूरी शुद्धता से की जाये डाटा फीडिंग



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों में गम्भीरता लायें। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि गैर पंजीकृत चिकित्सालयों एवं घरों में कोई प्रसव न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई कवच पोर्टल एवं आरसीएच पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूरी शुद्धता के साथ किया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वीएचएसएनडी सत्र व्यापक रूप से आयोजित किये जायें तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। सभी सत्रों का नियमानुसार सुपरवाईजरी विजिट भी सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर कम किये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही बरतने वाले सी0एच0ओ0 को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये। उन्होंने टेलीकंसल्टेंसी में सुधार के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये। फैमिली प्लानिंग हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। एन0आर0सी0 में रेफरल बढ़ाये जाने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि कम्युनिटी रेफरल को प्रोत्साहित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बाहर आकर्षक बोर्ड लगाते हुये ब्रान्डिंग की जाये तथा इन इकाईयों में उपलब्ध सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि व्यापक अभियान चलाते हुये टी0बी0 मरीजों को चिन्हीकरण किया जाये तथा चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं प्रदान की जायें। मैसरेटेड फीटस के खैराबाद एवं एलिया में अधिक मामले मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी खैराबाद एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी एलिया का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविदा बिजली कर्मचारियों ने किया विरोध-प्रदर्शन

साण्डा (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन व संगठन पदाधिकारियों के बीच हुई। बैठक वार्ता में बनी सहमति के अनुरूप कार्यवृत्त जारी न करने के कारण संगठन द्वारा 5 जनवरी 2026 को प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों में विरोध प्रदर्शन किया गया तथा विरोध प्रदर्शन के दौरान पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा 29 नवम्बर 2025 को जारी किए गये। कार्यवृत्त कि प्रति का दहन किया गया। बताते चलें 26 नवम्बर 2025 को पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन व संगठन पदाधिकारियों के बीच हुई बैठक वार्ता में सहमति बनी थी कि पावर कार्पोरेशन के आदेश 15 मई 2017 का उलंघन कर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा। 55 वर्ष का हवाला देकर हटाए गये कर्मचारियों को रिक्त स्थानों पर तैनात किया जाएगा। वर्टिकल व्यवस्था लागू होने पर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा। उर्जा मंत्री के निर्देश पर पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा 18 सितम्बर 2025 को किए गए आदेश का पालन किया जाएगा। मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन से कम वेतन देने कि जांच कराई जाएगी। किन्तु पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा 29 नवम्बर 2025 को जारी किया गया। कार्यवृत्त 26 नवम्बर 2025 को बनी सहमति के अनुरूप न होने के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसके कारण कर्मचारियों द्वारा चरण बद्ध तरीके से 29 नवम्बर 2025 के कार्यवृत्त का दहन किया गया।

## देवीगंज प्रीमियर लीग में दिखा कड़ा संघर्ष




फतेहपुर। देवीगंज प्रीमियर लीग (डीपीएल) सीजन-4 के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों ने दर्शकों को खूब उत्साहित किया।

पहले मैच में लक्ष्मी इलेवन ने शुभम इलेवन को 11 रनों से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में विश्वास इलेवन ने शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल से प्रदीप गर्ग और किशन मल्होत्रा उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। पहला मैचः लक्ष्मी इलेवन बनाम शुभम इलेवनलक्ष्मी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 10 ओवर में 98/8 रन बनाए। प्रज्वल ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली, लेकिन शुभम इलेवन के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी की। जवाब में शुभम इलेवन 10 ओवर में 87/ऑलआउट रह गई। आशीष तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरा मैचः विश्वास इलेवन की शानदार जीत दूसरे मैच में विश्वास इलेवन ने कड़ा मुकाबला जीत लिया। अमित पांडे को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 3 महत्वपूर्ण विकेट लेकर टीम को विजयी बनाया। इस जीत ने लीग में विश्वास इलेवन को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। डीपीएल के संरक्षक सुनील कुमार समाजसेवी, नृपेंद्र सिंह, लवकुश गुप्ता, अन्नू शुक्ला, अनूप बाजपेयी, आशू सिंह, प्रवीण शुक्ला और आकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि यह लीग स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन मंच है, और आगामी मैच और भी रोमांचक होंगे।

## भाकियू भानू गुट की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर चर्चा हुई



पटना, उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन भानू के मंडल महासचिव लखनऊ डॉ. वृजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जगतपुर में यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें नववर्ष पर आगामी कार्यक्रमो के लेकर चर्चा परिचर्चा हुई।

युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष उन्नाव अभिषेक पांडे ने 25 लोगों की ज्वाइनिंग संगठन में करवाई जिसमें अंकित पाण्डेय को विधानसभा अध्यक्ष भगवन्त नगर व अभिषेक शुक्ला को ब्लॉक उपाध्यक्ष सुमेरपुर मनोनीत किया गया। नरेंद्र कुमार, फरमान, अरशद, विमलेश यादव, सरताज अहमद, अजमेर अली, असलम, शाहिद समेत दो दर्जन से अधिक सदस्यों को सदस्यता दी गई। कार्यक्रम में जिला सलाहकार उन्नाव मनोज शुक्ला ने देसी अंदाज में आए हुए पदाधिकारियों का स्वागत गर्म दूध व ताजा गुड़ खिलाकर किया। अंकित पाण्डेय ने कहा कि नहरों में सफाई समुचित तरीके से न होने से किसानों को टेल तक पानी नहीं मिल पा रहा है फुन्नी त्रिपाठी ने कहा कि यूरिया की आपूर्ति ससमय प्रत्येक समिति व केंद्र में आवंटित की जाए। कार्यक्रम समापन उप जिलाधिकारी बीघापुर के आश्वासन पर हुआ। उप जिलाधिकारी बीघापुर ने आश्वासन दिया कि संगठन द्वारा उठाए गए मुद्दों से संबंधित विभाग को अवगत करा दिया गया है जल्द ही समस्याएं समाप्त होगी।

## रील के चक्कर में हाईवे पर डांस करना पड़ा भारी, मामला दर्ज

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर नेशनल हाईवे पर रील बनाने के लिए दो युवतियों द्वारा बीच सड़क पर नाचने का मामला सामने आया है, जिसके वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुए। वीडियो में दोनों युवतियां ठंड के मौसम में बिना गर्म कपड़ों के नागिन डांस और भोजपुरी गानों पर सड़क पर लेट-लेटकर डांस करती नजर आ रही हैं, जिससे यातायात और सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ। बताया गया कि घंटों तक रील बनाई गई और इस दौरान उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए एक युवती की पहचान काजल, निवासी अंबेडकर कॉलोनी गदनखेड़ा के रूप में की है। कोतवाली पुलिस ने काजल एवं उसकी एक अज्ञात साथी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 125/223 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिला अस्पताल में लेंस खत्म होने से आंखों के ऑपरेशन टल रहे




उन्नाव। सर्दी का सीजन शुरू होते ही आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने के लिए बुजुर्गो की भीड़ बढ़ने लगती है। जिला अस्पताल में मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होती है। लगभग 12 दिन से आंख में डाले जाने वाले लेंस खत्म हो जाने से मरीजों के आंखों के ऑपरेशन नहीं हो रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की आंखों की जांच और रेटीना की जांच कर उन्हें दवाएं लिखी जा रही है। जिला अस्पताल में मंगलवार, गुरुवार, और शनिवार को आंख के ऑपरेशन किए जाते हैं लेंस न होने की बात कहकर मरीजों को वापस कर दिया जाता है।

### क्या बोले सीएमएस

सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता ने बताया की सीएमओ डॉ सत्य प्रकाश को तीन बार पत्रचार कर चुके हैं 15 तारीख तक लेंस आने की उम्मीद है उसके बाद मरीजों के आंखों के ऑपरेशन शुरू हो जाएंगे।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उपमुख्यमंत्री ने किया नमन



उन्नाव। शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती के अवसर पर विकासखंड सिकंदरपुर करण के बदरका में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक पंकज गुप्ता, विधायक आशुतोष शुक्ला, जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में झंडारोहण के बाद सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया तथा आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली वितरित की गई। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक थे, जिनका जीवन आज भी युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश विकास के नए पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शहीद चंद्रशेखर आजाद स्मारक ट्रस्ट के पदाधिकारी, भाजपा संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मानव सेवा की मिशाल पेशकर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन ने बांटे कंबल



जिला संवाददाता

बिसवां नगर (सीतापुर)। शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह० अलैह के उर्स एवं वार्षिक मेले के अवसर पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन द्वारा मानव सेवा और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने दरगाह पर श्रद्धापूर्वक चादर अर्पित कर देश में शांति और सौहार्द की कामना की। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की ओर से गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गये। इसके अतिरिक्त बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन पर भी जाकर लगभग पचास जरूरतमंद लोगों को कंबल प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिली।

इस अवसर पर मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानवता है। कंबल वितरण जैसे कार्य समाज के कमजोर वर्ग के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाते हैं। वहीं मौलाना तौकीर रजा खैराबादी ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा सर्दी के मौसम में गरीब और बेसहारा लोगों को कंबल देना करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

कार्यक्रम में मेले की सुरक्षा व्यवस्था में योगदान देने वाले मेला प्रभारी उपनिरीक्षक मंजीत खरवार, दारा सिंह, कांस्टेबल विवेक यादव एवं आकाश सिंह को दस्तार पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेला सेक्रेटरी सैय्यद हुसैन कादरी, फैजानुल हक, असरारुल हक, महफूज, हाफिज शुऐब, तुफैल, अब्दुर्रहमान, इमतियाज रजा, शेखु अहमद हुसैन, रेहान कादरी, लियाकत, हसीब सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाब की जमीन से हटाया अतिक्रमण



जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली क्षेत्र के झखरांवा गांव में तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती कर रहे दबंगों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की।

**प्रशासन ने ट्रैक्टर चलवाकर नष्ट करायी अवैध फसल**

मंगलवार को प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में ट्रैक्टर चलवाकर अवैध रूप से बोई गई फसल को नष्ट कराया गया। नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह ने बताया कि उपजिलाधिकारी राखी वर्मा के निर्देश पर झखरांवा गांव में स्थित लगभग 12 बीघा तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जाकर खेती की जा रही थी। इस दौरान गेंहू की फसल बोई हुई थी। कार्रवाई के दौरान सिधौली कानूनगो, स्थानीय लेखपाल तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं ग्रामीणों ने तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त कराने पर संतोष जताया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## घर-घर दवा सेवन पर रहेगा फोकस

फतेहपुर। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश, बहुआ ब्लॉक से शुरू होगी ट्रिपल ड्रग थैरेपीफतेहपुर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन अभियान मास उन्मूलन कार्यक्रम- ट्रिपल ड्रग थैरेपी को जनपद स्तर पर प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में डिस्ट्रिक्ट ओटीटी आउटरीच ट्रेनिंग एंड सपोर्टिव सुपरविजन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अभियान को बहुआ ब्लॉक से शुरू करते हुए फरवरी से फरवरी तक चलेगा, जिसका लक्ष्य जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। जिलाधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा, ₹बहुआ ब्लॉक का माइक्रोप्लान तैयार कर पंचायती राज, आईसीडीएस, जिला पूर्ति, यूपी एसआरएलएम, अल्पसंख्यक कल्याण, नगर निकाय, समाज कल्याण आदि विभागों से समन्वय स्थापित करें। प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का निर्धारित प्रोफॉर्मा में पालन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।₹ फाइलेरिया से बचाव के लिए वृहद प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मुनादी कराई जाए, ग्राम प्रधान, पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा बहनों के माध्यम से जनता को दवा सेवन के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, आबादी के पास स्थित सभी जल स्रोतों को मच्छरमुक्त किया जाए और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षा क्षेत्र पर फोकस करते हुए जिलाधिकारी ने कहा, ₹विद्यालयों में प्रचार-प्रसार के साथ मानक अनुसार दवा वितरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से यूपी बोर्ड परीक्षा से पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में दवा सेवन करा दिया जाए।₹ स्वास्थ्य विभाग को जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय बनाकर राशन वितरण के समय कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। खंड विकास अधिकारी बहुआ को अभियान की निरंतर निगरानी रखने और स्वास्थ्य विभाग कोशत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बेंगलुरु में तैनात एयरफोर्स का जवान रहस्यमय ढंग से गायब

उन्नाव। बेंगलुरु में तैनात उन्नाव निवासी एयरफोर्स जवान शशांक दीक्षित रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए हैं, जिससे परिवार के साथ-साथ वायुसेना विभाग में भी हड़कंप मच गया है। परिजनों के अनुसार शशांक घर से दूध लेने के लिए निकले थे और उन्होंने अपनी मां से शाम 4:38 बजे फोन पर अंतिम बार बात की थी, जिसमें लौटकर दोबारा संपर्क करने की बात कही थी, लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। काफी देर तक संपर्क न होने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। शशांक के भाई सुलभ दीक्षित ने बताया कि स्थानीय प्रशासन से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज में शशांक एक टैक्सी कार में बैठते हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इसके बाद उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। जवान के अचानक लापता होने की सूचना से परिवार बेहद चिंतित है, वहीं वायुसेना व स्थानीय पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। वह फतेहपुर चैरासी क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी बताए जा रहे है।

## सकट पर्व पर पुत्रों की दीर्घायु के लिए कामना की

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र में मंगलवार सकट का पर्व धूमधाम से मनाया गया। माताओं ने अपने पुत्रों की दीघार्यु के लिए व्रत रख कर उनकी समृद्धि एवं दीर्घ आयु की कामना की। मान्यता है की इस दिन व्रत रखने से सन्तान पर कोई संकट नही आता और जो भी संकट हो वह टल जाते है। फतेहपुर चौरासी नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण अंचलों में आज सकट चतुर्दशी पर्व के अवसर महिलाओं द्वारा पुत्रों हेतु व्रत रखा, इस व्रत मे तिल से बने लड्डू व शकरकन्द का प्रयोग महिलाए करती है। सम्पूर्ण दिन महिलायें व्रत रहती हैं, संकटा माता पूजा के बाद ही जल पान करती हैं। सकट चौथ के दिन संकटा माता के रूप में मां पार्वती और भगवान गणेश का पूजन किया गया। माताओं ने अपनी संतान की समृद्धि के साथ दीर्ध आयु के लिए व्रत रखा। अपनी संतान की मंगलकामना के लिए महिलाओं ने माघ मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को व्रत रखने की परम्परा है। परम्परा के अनुसार तिलकुट एवं आटे का बकरा घर के पुत्र से कटवाते है, मान्यता है गणेश जी की कृपा सदैव बनी रहे इस लिए बकरे का सिर कटवाया जाता है।

## चौपाल में एडीएम ने सुनीं ग्रामीणों की शिकायतें, निस्तारण के दिए निर्देश

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अटवा में सोमवार को शीतकालीन भ्रमण कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। चैपाल में पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील गोंड ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। आवास, पेंशन, शौचालय, फार्मर रजिस्ट्री, वारासत आदि की एक दर्जन शिकायतें सामने आईं। गांव की ऊषा देवी और रन्नो ने बताया कि उनका आवास कच्चा है और पात्र होने के बावजूद राशन कार्ड, आवास या अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिला। वहीं उमेश ने खेलकूद के लिए कोई मैदान न होने की शिकायत की, जिस पर एडीएम ने लेखपाल को खेलकूद हेतु भूमि चयन के निर्देश दिए। एडीएम ने सभी शिकायतों को जल्द निस्तारित करने का आदेश दिया। इस अवसर पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, कृष्णा नन्द बाजपेई नायब तहसीलदार पुरवा, खंड विकास अधिकारी संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त गिरफ्तार

सेउता (सीतापुर)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी की अगुवाई में अवैध शस्त्र के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रेउसा पुलिस टीम ने दबिश देकर एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बाबूराम पुत्र मैकू निवासी शिवपुर देवरिया थाना सदरपुर जिला सीतापुर को पकड़ा। हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त की तलाशी के दौरान एक तमन्चा, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 4800 भी बरामद किए गये। अभियुक्त ने तलाशी के दौरान बताया कि पूर्व में कोतवाली बिसवां क्षेत्र में चोरी की थी उसी चोरी के रुपये हैं। उपरोक्त चोरी की



घटना बिसवां कोतवाली में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस सूचना के अनुसार हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त बाबूराम के खिलाफ जनपद के साथ-साथ गैर जनपद में पूर्व में भी संगीन धाराओं में मुकदमें पंजीकृत हैं। जनचर्चा है कि रेउसा थानाध्यक्ष हनुमंत लाल तिवारी के कुशल नेतृत्व में तथा अच्छी पुलिसिंग से हर तरह के अपराधों में भारी कमी देखी जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार, कांस्टेबल विपुल, कांस्टेबल संजय कुमार मौजूद थे।

## समाधान दिवस में उठा बैंक खातों से धन हड़पने का मामला

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र से जुड़े एक निजी बैंक के जन सुविधा केंद्र से जुड़े खातों में जमा धनराशि हड़पने का गंभीर मामला सामने आया है। मोहल्ला तुलसी नगर निवासी गुड्डी पत्नी मुन्ना ने संचालक रोहितास विक्रम सिंह पर आरोप लगाया है कि रोहितास विक्रम सिंह भारतीय स्टेट बैंक का जन सुविधा केंद्र का संचालन करते थे। जिसके माध्यम से गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बैंक खाते खोले जाते थे। प्रार्थिनी के अनुसार स्वयं उनके खाते सहित उनकी पुत्रियों व अन्य ग्रामीणों के खातों में जमा की गई लाखों रुपये की धनराशि संबंधित खातों में न तो जमा की गई और न ही वापस की गई। कई खातों में जमा रकम शून्य या अत्यंत कम शेष रह गई है। आरोप है कि उप शाखा संचालक रोहिताश विक्रम सिंह द्वारा रकम बाजार स्थित केंद्र में जमा करवा उनके खाते में जमा कराने की बात कही जाती थी। आरोपी द्वारा उनकी बैंक पास बुक पर कम्प्यूटर से धन प्रिंट न करके पेन से लिखकर सभी को दिया जाता था। जब उसे बेटी की विवाह के लिए धन की जरूरत पड़ी तो वह जब रुपये निकालने पहुंची तब शाखा बन्द थी। जिससे भुगतान नहीं किया गया। सोमवार को जिलाधिकारी द्वारा आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिधौली कोतवाली प्रभारी को तत्काल मुकदमा दर्जकर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## अधेड़ की नाले में गिरकर मौत

बांदा। आटा चक्की जा रहे अधेड़ की नाले में गिरकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कहा कि कोहरा होने के कारण अधेड़ नाला समझ नहीं सका और गिर गया। पैलानी तहसील चिल्ला थाना क्षेत्र के महेदू गांव निवासी 45 वर्षीय घनश्याम कुशवाहा पुत्र कामता कुशवाहा की बीती शाम पानी से भरे नाले में गिरकर मौत हो गई। थानाध्यक्ष चिल्ला अनूप दुबे ने बताया कि घनश्याम कुशवाहा घर से तेल पिराई के लिए निकला हुआ था। घने कोहरे की वजह से पास ही स्थित पानी से भरा नाला दिखाई नहीं पड़ा जिससे उसकी गिरकर मौत हो गयी। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घायल महिला की मौत


ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम सौंरई के मुहल्ला मजगुवां में रहने वाले राहुल पुत्र रज्जू सिंह ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसकी मां निर्मिला देवी जो कि आशा कार्यकत्री हैं। 22 दिसम्बर को करीब 4 बजे उसकी मां ललितपुर से टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी. 3836 से घर वापिस जा रही थी। ग्राम रौंडा बिजोरिया पुल के पास टैक्सी पहुंची ही थी कि तभी ड्राईवर ने लापरवाही के चलते पुलिया में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में उसकी मां निर्मिला को सिर में काफी गंभीर चोट आयीं थी। जिसको जिला अस्पताल में उपचार के लिए गंभीर हालत में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण इलाज के दौरान 29 दिसम्बर को मेडीकल कॉलेज में मृत्यु हो गयी। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अवैध कब्जा हटाने की बात कहने पर धमकाया

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम नयागांव कलां में रहने वाले प्रतिपाल सिंह पुत्र समर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह घर के पास बेडे पर जण्डेल सिंह पुत्र चन्दन सिंह, चाली सिंह पुत्र चन्दन सिंह, राजीव सिंह पुत्र जण्डेल सिंह, निखिल सिंह पुत्र चाली सिंह उसके बेडे पर अवैध तरीके से कब्जा किये हुये है। पीड़ित ने जब उक्त लोगों को मना किया तो उक्त लोगों ने कब्जा हटाने से मना करते हुये उसे व उसकी पत्नी ममता राजा के साथ बात-विवाद करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि 5 जनवरी को सुबह 7.30 बजे जब वह अपनी पत्नी के साथ घर पर था, तभी उक्त लोग आये और उसकी पत्नी के कारण विवाद करने लगे। आरोप है कि उक्त लोग एकराय होकर मारपीट पर उतारू हो गये और गांव छोड़कर भागने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने बताया कि उसे जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3) व 352 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक सड़क का होगा जीर्णोद्धार : डीएम

### लम्बे समय से जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को हो रही थी परेशानी



ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने मंगलवार को पिसनारी तिराहे से लेकर राजघाट तिराहे तक जीर्णशीर्ण हालत में पड़ी सड़क के जीर्णोद्धार के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अवर अभियंता को सड़क का जीर्णोद्धार कराते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये, ताकि स्थानीय लोगों का आवागमन सुगम हो सके। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार द्वारा बताया गया कि लम्बे समय से इस सड़क का जीर्णोद्धार न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती थी, चूंकि शहर को राजघाट मार्ग से जोड़ने वाली यह मुख्य सड़क है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों व वाहनों का आना जाना यहां से होता है, जिसको दृष्टिगत रखते हुए इस सड़क के जीर्णोद्धार का टेण्डर पास करा दिया गया है, सड़क डलवाये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है। मौके पर अवर अभियंता खुशबू खान ने सड़क का तकनीकि आंकलन किया और जल्द से जल्द सड़क का कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया।

# मेडिकल कॉलेज में महिला के घुटने का हुआ सफल प्रत्यारोपण



ललितपुर। स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मेडीकल कॉलेज में अब जटिल स्वास्थ्य सेवाएं और ऑपरेशनों का लाभ जनपदवासियों को मिल रहा है। पूर्व में जनपदवासियों को छोटे-बडे सभी प्रकार के ऑपरेशनों एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महानगरों की ओर कूच करना पडता था, जिससे उनका धन और समय दोनों ही बर्बाद होता था। अब मेडीकल कॉलेज में डीन डा0 मयंक शुक्ला के निर्देशन में जटिल ऑपरेशनों सहित तमाम प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं जनपदवासियों को मिल रही हैं। नई बस्ती में रहने वाली 75 वर्षीय महिला का वायें घुटने का सफल प्रत्यारोपड़ किया गया। मरीज लगभग 02 वर्ष से घुटनों में दर्द से काफी परेशान थी। उन्होने कई बड़े शहरों में जाकर परामर्श लिया, जहां पर उन्हे घुटने बदलने के ऑपरेशन की सलाह दी गयी। मरीज की आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण उन्होने अंततः मेडिकल कॉलेज के अस्थि रोग विभाग में परामर्श लिया। मरीज को विश्वास दिलाया गया कि यह ऑपरेशन सफलता पूर्वक मेडिकल कॉलेज में सम्भव है एवं प्रधानामंत्री की आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत पूर्णतः निःशुल्क है। मरीज ने आयुष्मान भारत योजना द्वारा अपना ऑपरेशन करवाया। एक माह बाद वह पूर्णतरू चलने फिरने एवं सीढी स्वयं चढने उतरने में दर्द के बिना सक्षम है। इस जटिल ऑपरेशन की टीम में सह आचार्य डा.सौरभ, सहायक आचार्य डा.शुभम, वरिष्ठ परामर्शदाता डा. एम.सी. गुप्ता, ऑर्थो सर्जन डा.निर्भय नारायण सिंह, सहायक आचार्य डा.कौशल बिजलानी, निश्चेतना विभाग डा.चेतनराज, ओ.टी. इंचार्ज मंजू वर्मा, पूनम साहू, शैलेन्द्र, अजय आदि शामिल थे। इस प्रकार के जटिल ऑपरेशन अब जनपद की जनता को मेडिकल कॉलेज द्वारा निरन्तर प्रदान किये जा रहे हैं, जो कि कभी किसी समय में सिर्फ बडे महानगरों में सम्भव थे। प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला ने मरीज से हाल-चाल पूंछा गया और टीम की सराहना की गई।

# नगर पालिका की टीम ने शहर में देखी अलाव की व्यवस्था

ललितपुर। शीत ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में पालिका की टीम द्वारा रात्रि में रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, मंदिरों आदि के आसपास खुले में सो रहे गरीब, असहाय निराश्रित व्यक्तियों को पालिका द्वारा संचालित किये जा रहे रेन बसेरों में पहुंचाये जाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा कई निराश्रित व्यक्तियों को रेन बसेरा में पहुंचा गया। अभियान में रात्रि टीम द्वारा रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाते हुए निराश्रित व्यक्तियों के लिए जागरूक किया गया। राजस्व निरीक्षक आशुतोष द्वारा समस्त निराश्रित व्यक्तियों से अपील की गई कि जिला प्रशासन व नगर पालिका द्वारा शीत लहर के बचाव हेतु कोतवाली सदर के सामने व डाईट के सामने स्थित रेन बसेरा का संचालन किया जा रहा है, जो भी व्यक्ति रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल आदि स्थलों पर रात्रि में खुले में सो रहे है वह उक्त स्थलों पर पहुंचकर विश्राम कर सकते है। इसके अलावा टीम में मौजूद वरिष्ठ लिपिक अभिषेक चैबे द्वारा रेन बसेरा, सेल्टर होम एवं पालिका द्वारा जलाये जा रहे अलावा आदि का निरीक्षण किया गया, जहां पर सस्मस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई। वहीं रेन बसेरा में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया गया किया कोई भी रेन बसेरा के आसपास खुले में न सोये, जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आश्रय लेने आता है, उसकी जानकारी तथा पहचान सम्बन्धी दस्तावेज लेकर उन्हें आश्रय दिलाये जाना सुनिश्चित करें। ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया है, जिसमें टीम 01 में 13 कर्मचारी एवं टीम 02 में 14 कर्मचारी तैनात किये गये है, जो रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, मंदिर, जिला अस्पताल, प्रमुख चैराहों, हॉस्पिटल, आस पास खुले में सो रहे व्यक्तियों से संपर्क कर उन्हें रेन बसेरा में आश्रित होने हेतु जागरूक करेगें।

# घर-घर जाकर फार्म-6 भरवायें राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता: डीएम

**ललितपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिले के राजनैतिक दलों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन एवं स्नातक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। एसआईआर के आलेख्य और स्नातक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की सूची राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध करायी और अपील की कि वे बीएलए व कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर में नये मतदाताओं और छूटे हुए मतदाताओं का फार्म 6 भरवाएं, इसके लिए सभी राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय से हजार-हजार फार्म 6 उपलब्ध कराने के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देश भी दिये गए। इसके अलावा प्रकाशन सूचियों का अच्छे से अवलोकन कर लें और जो भी दावे या आपत्तियां हैं, वह 6 फरवरी तक अनिवार्य रुप से उपलब्ध करा दें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के आलेख्य का प्रकाशन आज 06 जनवरी 2026 को किया गया है, जिसके अनुसार जनपद में कुल 863348 मतदाता हैं, जिसमें विधानसभा ललितपुर में कुल 435003 व महरौनी में 428345 मतदाता शामिल हैं। दावे एवं आपत्तियों के लिए 06 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित की गई है, इसके साथ ही 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा गणन प्रपत्रों पर निर्णय और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा, 03 मार्च 2026 तक मतदाता सूची के स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त की जाएगी तथा 06 मार्च 2026 को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इसके अलावा एसआईआर के अंतर्गत सर्विस निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन भी आज ही किया गया है, जिसके तहत जनपद में कुल 233 मतदाता हैं, इनमें विधानसभा ललितपुर के 142 व महरौनी के 91 मतदाता शामिल हैं। उन्होंने जनपदवासियों को अवगत कराया कि मतदाता सूची का निरीक्षण सम्बन्धित निर्वाचक/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय/सम्बन्धित बी.एल.ओ. के पास/जिला निर्वाचन कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एवं छूटे हुए अर्ह व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये जाने हेतु फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित), अप्रवासी भारतीय मतदाता हेतु फार्म-6क, निर्वाचक नामावली से नाम अपमार्जन हेतु फार्म-7, किसी नाम, पता, जन्मतिथि आदि प्रविष्टियों के संशोधन अथवा स्थान परिवर्तन हेतु फार्म-8 पर आवेदन कर सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा हेतु आयोग की वेबसाईट पर अथवा आयोग द्वारा विकसित बेवसाइड के माध्यम से कोई भी अर्ह व्यक्ति आवश्यकतानुसार परिवर्धन, अपमार्जन एवं संशोधन ऑनलाइन कर सकते हैं। आयोग द्वारा जारी टोल फ्री नम्बर 1950 पर पुनरीक्षण से सम्बन्धित कोई भी जानकारी प्राप्त की सकती है।

# धान खरीद केंद्रों में अव्यवस्था, किसानों का धरना जारी



बांदा। भारतीय किसान यूनियन ने अतर्रा तहसील क्षेत्र में सरकारी धान खरीद केंद्रों में अव्यवस्थाओं और किसानों की उपेक्षा को लेकर सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है और यह मंगलवार को भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में राजा सिंह, दिलीप कुमार सहित लगभग आधा सैकड़ा किसानों व ग्रामीणों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि खुले सरकारी धान खरीद केंद्रों पर धान की खरीद बेहद धीमी गति से हो रही है, जिससे किसान मजबूर होकर व्यापारियों को कम दाम पर धान बेचने को मजबूर हैं। व्यापारी 1800 से 1850 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीद रहे हैं, जबकि न तो सिक्स आर और न ही नाइन आर की कटौती की जा रही है। इससे एक ओर किसानों का शोषण हो रहा है, दूसरी ओर सरकारी टैक्स की चोरी और काला बाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। बदौसा उपमंडी में किसानों का धान महीनों से पड़ा है, लेकिन केंद्र प्रभारी बोरे न होने का बहाना बनाकर खरीद नहीं कर रहे हैं। किसानों ने सवाल उठाया कि जब प्रतिदिन 250 कुंतल की ऑनलाइन खरीद हो रही है तो बोरे कैसे उपलब्ध हो जाते हैं। 2 जनवरी को उपजिलाधिकारी की जांच में यह स्थिति स्पष्ट हो चुकी है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उपमंडी खुरहंड में पांच धान खरीद केंद्र होने के बावजूद किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा है। आरोप है कि प्रतिदिन लगभग 1500 कुंतल की तौल केवल कागजों और मशीनों में दिखाई जा रही है, जबकि धरातल पर वास्तविक तौल नहीं हो रही। किसानों ने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है। किसानों ने यह भी मांग की, कि प्रत्येक मंडी में धान लाने वाले किसानों की एंट्री के लिए रजिस्टर और टोकन व्यवस्था लागू की जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

# यूको बैंक स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



बांदा। सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक ने स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में यूको बैंक शाखा बांदा के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राहकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा प्रबंधक अमित शुक्ला ने किया। उन्होने कहा कि यूको बैंक स्थापना काल से ही बैंकिंग सेवाओं के साथ ही सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। रक्तदान जैसे पुनीत कार्य समाज के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। शिविर में बैंक कर्मियों व ग्राहकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक शिव सिंह, बैंक कर्मी बालेन्द्र सिंह, प्रीती साहू, आनंद सिंह, महेन्द्र सिंह और ग्राहकों में नरेन्द्र गुप्ता, राजेश पाण्डेय पत्रकार, बच्चालाल धुरिया, भोलानाथ पाण्डेय, रीशू गुप्ता व गण्यमान लोग मौजूद रहे।

# खेल मैदान की नीलामी रोकने को राज्यपाल और सीएम को ज्ञापन

बांदा। जनता दल यूनाईटेड की प्रदेश उपाध्यक्ष, बुंदेलखण्ड प्रभारी शालिनी पटेल ने आयुक्त की मार्फत राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर ऐतिहासिक राइफल क्लब खेल मैदान की नीलामी पर रोक लगाने की मांग की है। नेत्री का कहना है कि शहर के मध्य खेल मैदान की प्रस्तावित नीलामी अब प्रशासनिक मनमानी और टकराव का हिस्सा बन गयी है। आरोप लगाया कि जिला प्रशासन का अड़ियल रवैया ब्रिटिश शासन की कठोरता को भी मात देता लग रहा है। कहा कि आयुक्त इस मामले पर कई बार जिलाधिकारी से वार्ता कर चुके हैं लेकिन उनकी बात भी गंभीरता से नही ली गई। इससे यह प्रतीत होता है कि संवैधानिक पद पर बैठे अधिकारी भी प्रशासनिक रवैये के सामने असहज हैं। राइफल क्लब की भूमि का अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत महज जनहित और खेल प्रयोजन के लिए किया गया था। 99 वर्षों की लीग खत्म होने के बावजूद इसे व्यवसायिक उपयोग के लिए नीलाम करना कानून का उल्लंघन है। बांदा विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नीलामी 21 जनवरी प्रशासनिक जिद और भू-माफियाओं की संरक्षण की आशंका को बलवती करती है। यह मैदान खिलाड़ियों का साधना स्थल दशकों से रहा है। यहां से अनेक खिलाड़ियों ने प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। शालिनी पटेल ने चेतावनी दी कि यदि नीलामी निरस्त नही हुई तो वह 15 जनवरी से अशोक लाट पर आमरण अनशन करेंगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# जनसामान्य की शिकायतों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो। जिलाधिकारी जसजीत कौर बीते दिन तहसील नजीबाबाद के नव निर्मित स्थित कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लंबित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके। समाधान दिवस के मौके पर कुल 23 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 02 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को मृत्यु दण्ड

बांदा। मासूम बच्ची के साथ जघन्न दुष्कर्म के आरोपी को दोषी पाते हुए अदालत ने मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई है। कालिंजर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती 25 जुलाई को पूर्व परिचित आरोपी अमित पुत्र बाबू निवासी महोरछा थाना कालिंजर ने 6 वर्षीय बालिका को बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और बच्ची को गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल बच्ची को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर थाना कालिंजर में रिपोर्ट दर्ज की गयी। एसपी पलाश बंसल ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों का गठन कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। 26 जुलाई को पुलिस ने आरोपी को ग्राम गुढ़ा कला, मंदिर रोड पुलिया के पास से गिरफ्तार करने का प्रयास किया लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनो पैर में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर इलाज के बाद जेल भजा गया। मामले की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने बेहद संवेदनशीलता व वैज्ञानिक दृष्टिकोण से की। विवेचक ने महज 20 दिनों के अंदर आरोप पत्र अदालत में प्रेसित कर दिया। अदालत में डीजीसी क्रिमिनल विजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में लोक अभियोजक कमल सिंह गौतम ने प्रभावी पैरवी की। सुनवाई के दौरान दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने आरोपी अमित पुत्र बाबू को जघन्न रूप से अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए मृत्यु दण्ड व 25 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। एसपी ने गिरफ्तारी विवेचना एवं अभियोजन की सराहना करते हुए उन्हे बधाई दी है।

## बहू ने दहेज प्रताड़ना को लेकर दर्ज कराया मुकदमा

बांदा। दहेज प्रताड़ना को लेकर बहू ने ससुरालीजनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि अतिरिक्त दहेज के लिए उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जसपुरा थाना के झंझरीपुरवा निवासी रश्मि पुत्री वीरपाल पत्नी आनंद सिंह ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस को बताया कि उसका विवाह 26 अप्रैल 2024 को आनंद पुत्र जगदीश निषाद निवासी शिवपालडेरा खप्टिहाकला में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह में पिता ने 2 लाख 51 हजार रुपये नगद, गृहस्थी का सामान व जेवरात दिये थे। पति, सास, ससुर व ननद ने पिता के दिए गए दान दहेज से असंतुष्ट होकर विवाद करना शुरू कर दिया। दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग को लेकर लगातार शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। विवाह के बाद पति सूरत ले गए। सूरत में भी मेरे पति आनंद व सास नीता पत्नी जगदीश, ससुर जगदीश पुत्र मैयादीन, ननद पूनम पुत्री जगदीश लगातार दहेज की मांग को लेकर पीटते रहे। 4 मई 2025 को पति आनंद शराब पीकर आए। ससुरालीजनों ने मिलकर गालियां देते हुए बुरी तरह से मारा-पीटा, जान से मारने की धमकी देने लगे। किसी तरह वह बच कर वहां से निकल आई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## गोली लगा व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कम्प, पुलिस ने की जांच शुरू

बिजनौर। व्यक्ति का गोली लगा शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को लिया कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर पुलिस को जरुरी दिशा निर्देश दिये है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की तडके लगभग 03 बजे थाना हल्दौर पुलिस को सूचना मिली कि गांव खारी से गौसपुर टोपरी को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। सूचना पर चैकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति का पेट में गोली लगा शव पड़ा है। चैकी प्रभारी ने शव की सूचना तुरंत ही उच्चाधिकारियों को दी। हल्दौर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने शव की शिनाख्त आसपास के ग्रामीणों से कराई तो गोली लगे शव की शिनाख्त खारी निवासी इस्लामुद्दीन (38 वर्ष) पुत्र शराफत अली के रूप में हुई। पुलिस ने शव को लिया कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। शव की सूचना मिलने पर क्षेत्राअधिकारी संग्राम सिंह भी मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। वहीं दूसरी और घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की अफवाह उडाई जा रही है। घटना के संबंध में हल्दौर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार ने बताया कि रास्ते में पड़ा हुआ एक शव मिला है जिसकी शिनाख्त खारी के निवासी के रूप में हुई है शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना के सम्बंध में कई पहलुओं पर जांच की जा रही हैं।

## बंदियों को पायामय इंसानियत यूनिट ने दी गर्म शॉल



बिजनौर। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत बिजनौर यूनिट की तरफ से जिला कारागार में सजा काट रहे बंदियों को 100 गर्म शाल वितरित कर उनको कडाके की इस ठंड में राहत देने का काम किया गया। मौलाना अरशद हक्की ने इस मौके पर कहा कि हमें हर उस जगह जाकर काम करना चाहिए जो इंसानियत को इंसानियत सिखाती हो और इंसान को इंसान बनने के लिए काम करती हो क्योंकि ऑल इंडिया पायामय इंसानियत पूरे हिंदुस्तान में अलग-अलग जगह में जेल में जाकर गर्म शाल गर्म कपड़े बांटने का काम करती ह। उन्होंने बताया कि जो कैदी अपना जुमार्ना न भरने के बिना पर जेल में सजा काट रहे होते हैं उनको भी छुड़ाने का काम करती है। ऑल इंडिया पायामय इंसानियत सर्दियों में गर्म चाय गरम कपड़े व गर्मियों में ठंडा पानी शरबत भी निःशुल्क बाटती है। भीषण ठंड को देखते हुए गरम शाल जेल में बाटी गई। जेल अधीक्षक डॉ0 अदिति श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया पायामय इंसानियत के पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे ऐसे सराहानीय कार्य की प्रशंसा की। इस मौके पर जेलर रविन्द्रनाथ, मौलाना अरशद हक्की, मुफ्ती फूजेल, हाजी तंजील आलम सहित जेल स्टाफ मौजूद रहा।

## मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फार्म-6 भरकर बीएलओ को दें: निर्वाचन अधिकारी



बिजनौर। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर के अध्यक्षता में निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों एवं सर्विस वोटर्स का आलेख्य प्रकाशन तथा एमएलसी नामावलियों के अंतिम प्रकाशन से संबंधित राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में उपस्थित समस्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जा चुका है, जिसका अवलोकन किया जाना है। उन्होंने आह्वान किया कि उनको उपलब्ध कराई जा रही निर्वाचन नामावलियों का गहन अध्ययन कर ले और यदि कोई दावे या आपत्ति करनी है तो निर्धारित समय 06-02-2026 तक उसको संबंधित को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि उसका निस्तारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि 01-01-2026 (मंगलवार) को जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय (तहसील) में सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा, प्रत्येक पदाभिहित स्थलों (मतदान केन्द्र) एवं मतदेय स्थलों पर सम्बन्धित पदाभिहित अधिकारियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। उक्त स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची जनसामान्य के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

# नये बाजार खोजे भारत

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप जिस तरह अमरीकी शक्ति का नग्न प्रदर्शन कर दूसरे देशों के संसाधनों पर कब्जा करने में लगे हैं, उससे एक बात स्पष्ट है कि अब ट्रंप से न्यायपूर्ण ट्रेड डील की उम्मीद करना व्यर्थ है। बेहतर यह होगा कि भारत अब अमरीका के साथ समय व्यर्थ करने के बजाय नये बाजार तलाशे और नये व्यापारिक भागीदारों के जरिए निर्यात कारोबार बढ़ाने का प्रयास करे। राष्ट्रपति ट्रंप का अस्थिर बर्ताव, अनावश्यक दबाव डालने और द्विपक्षीय व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की घृणित कूटनीति के बीच भारत को अमरीका का विकल्प तलाशना होगा। ट्रंप टैरिफ के कारण भारत का अमरीका के साथ कारोबार प्रभावित होगा यह तय है। इसी तरह वीजा नीति, फिल्मों पर टैरिफ और तमाम अन्य तरीकों से ट्रंप के भारत विरोधी फैसलों के कारण यह जरूरी हो गया है कि फिलहाल भारत 20 जनवरी 2029 तक अमरीका से अच्छे रिश्ते, द्विपक्षीय कारोबार और अन्य किसी तरह के सहयोग की उम्मीद न करे। अमरीका से उम्मीद छोड़कर नये




व्यापारिक साझेदार तलाश करे और अपनी विकास यात्रा को अमरीका के बिना भी जारी रखे। इस दिशा में अनेक देशों के साथ हो रहा मुक्त व्यापार समझौता भारत की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता बीते एक अक्टूबर से लागू हो गया है। यह समझौता निष्कर्ष तक पहुंचने एवं इस पर हस्ताक्षर होने के एक साल बाद प्रभाव में आया है। व्यापार के मोर्चे पर भारत की अन्य चुनौतियों (अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर लगाया गया 50 फीसदी शुल्क और यूरोपीय संघ के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में हो रही देरी) को देखते हुए सरकार इस समझौते पर विशेष जोर दे रही है, जो कि जरूरी भी है। एफ्टा समझौता निश्चित रूप से एक अच्छी खबर है। विकसित देशों का यह छोटा समूह (जिसमें स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटनस्टाइन शामिल हैं) भले ही ईयू जितना प्रभावशाली न हो लेकिन इसमें कुछ देश आर्थिक रूप से काफी मजबूत हैं। इस समझौते के प्रभाव में आने के बाद पहले दशक में 50 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद की जा रही है। यह समझौता भारतीय वातार्कारों के गंभीर प्रयास और लचीले रुख को भी दर्शाता है। एफ्टा देशों से कई वस्तुओं के आयात पर शुल्क समाप्त कर दिए जाएंगे लेकिन वे देश पहले से ही भारतीय निर्यात पर अधिक शुल्क नहीं लगा रहे हैं। यह बात उत्साहजनक है कि भारतीय अधिकारियों ने यह बात महसूस की है कि जब देश ऊंचे शुल्क हटाने के एवज में अधिक निवेश सहित अन्य लाभ पा रहा तो ऐसे सौदे किए जा सकते हैं। अब वह दौर समाप्त हो गया है जिसमें व्यापार समझौते वस्तुओं पर शुल्कों में पारस्परिक कमी पर आधारित होते थे। कई अन्य कारक (जिनमें निवेश भी शामिल है) जैसे आपसी तालमेल से तैयार नियम और गैर-शुल्क बाधाओं में कमी भी अब व्यापार वार्ता का अहम हिस्सा हो गये हैं। सरकार को यह भी स्वीकार करना चाहिए कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) केवल तभी लाभकारी होते हैं जब वे सही तरीके से इस्तेमाल में लाए जाते हैं। पूर्व में ऐसी शिकायतें रही हैं कि भारतीय निर्यातक जापान और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ हुए एफटीए का ठीक से लाभ नहीं उठा पाये। यह गंभीर चिंता का विषय है। आसियान के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत से उस क्षेत्र को निर्यात उतनी तेजी से नहीं बढ़ा जितनी तेजी से आयात बढ़ा है। इसलिए भारत को नये ट्रेड डील के साथ ही जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता है, उनमें कारोबार बढ़ाने के लिए गंभीरता से प्रयास करने चाहिए। इससे अमरीकी बाजार की कमी पूरी हो जायेगी।

### विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

# दूसरा पाकिस्तान बना रहेगा बांग्लादेश



संजय श्रीवास्तव

**चुन-चुनकर हिन्दुओं की हत्या, हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार और पाकिस्तान के नक़्शे कदम पर चलते हुए अपनी क्रिकेट टीम को भारत में टी-20 विश्व कप के लिए न भेजने का फैसला। बांग्लादेश भारत के लिए पूरी तरह से दूसरा पाकिस्तान बन गया है और जिस तरह की हवा बह रही है, उससे लगता यही है कि आगामी चुनावों के बाद भी स्थिति कोई खास बदलने वाली नहीं है।**

उम्मीद है बांग्लादेश में 20 फरवरी 2026 तक एक चुनी हुई सरकार सत्ता संभाल ले। ये चुनाव बहुत पहले होने चाहिये थे, 2024 को छात्रों के आंदोलन के बाद हसीना जब इस्तीफा दे भारत भाग आयीं और 8 अगस्त 2024 को मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ तो उसने 6 महीने के भीतर चुनाव कराने का वादा किया था। खैर, शायद इस देरी ने भी बांग्लादेश को कुछ सियासी सबक सिखाएं हों और आगामी चुनावों में वह इस सबक का इस्तेमाल भी करे, लेकिन शायद ही देर आयद शायद दुरुस्त आयद हो। जाहिर है इन चुनावों के नतीजों का सबसे ज्यादा असर बांग्लादेश और बांग्लादेशियों पर होगा लेकिन चीन और पाकिस्तान की नजरें भी इस ओर हैं तो हमारी भी। सभी चाहते हैं कि बांग्लादेश में लोकतंत्र बहाल हो और वहां हिंसा रुके। हमारी चाहत है कि वहां हिंदुओं की सुरक्षा देने वाली स्थिर सरकार बने जिससे सीमा सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग और पूर्वोत्तर की स्थिरता को प्राथमिकता मिले, कपास आयात जैसे मसले और तीस्ता जल बंटवारे पर ठोस बातचीत हो सके। हम इस चुनाव को महज सत्ता परिवर्तन के रूप में नहीं देख रहे बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता, सुरक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन के एक निर्णायक मोड़ के बतौर ले रहे हैं। उधर चीन की मंशा है कि उसकी आर्थिक घुसपैठ निरंतर रहे और उसके बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट्स निर्बाध रहें।

पाकिस्तान 'एंटी-इंडिया' भावना को मजबूत बनानी वाली और 1971 के मुद्दों पर नरम रुख रखने वाली सरकार चाहता है। अमेरिका-यूरोप की निगाह ऐसी सरकार पर है जो यूनुस के सुधारों का समर्थन करती हो। सबसे ज्यादा अपेक्षाएं बांग्लादेशियों की हैं। वे नई सरकार से आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार पर रोक, महंगाई पर नियंत्रण, बेरोजगारी दूर करना, बिजली की बेहतर आपूर्ति, संविधान में सुधार, कानून व्यवस्था की बहाली तथा आवामी लीग के अत्याचारों पर जवाबदेही चाहते हैं। धार्मिक कट्टरता या वैचारिक बहसें यहां आम मतदाता के लिए दोयम दर्जे के मुद्दे हैं। बेशक यह चुनाव राजनीतिक रूप से अंतरिम सरकार के सुधारों को परखेगा और कूटनीतिक तौरपर भारत-चीन-पाकिस्तान की क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा को प्रभावित




करेगा लेकिन जो पार्टियां चुनावी मैदान में हैं उनके इतिहास, प्रवृत्ति, तौर तरीके तथा मौजूदा सियासी समीकरणों और देश के हालात को देखते हुए भारत और बांग्लादेशियों की इच्छाएं, अपेक्षाएं पूरी होती नहीं दिखती हैं। बांग्लादेश में चालीस से अधिक पंजीकृत पार्टियां चुनाव मैदान में होने के बावजूद मुकाबला 10 दलों वाले बांग्लादेश जमाते इस्लामी गठबंधन और बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी में ही हैं। शेख हसीन की आवामी लीग चुनाव से बाहर है तो मामला द्विदलीय हो गया है। जमाते इस्लामी का मुख्य मुद्दा है इस्लामी कानून लागू करवा कर धार्मिक न्याय व शासन स्थापित करना, सेकुलर और समाजवाद को हटाना और पश्चिमी प्रभाव का विरोध। पहली नजर में ही यह बांग्लादेश के कुछ कट्टरपंथियों और पाकिस्तान के अलावा किसी और की अपेक्षा पूरी करेगी इसमें संदेह है। एनसीपी यानी नेशलिस्ट सिटिजन पार्टी जो पिछले साल ही युवा विद्रोह के दौरान बनी है फिलहाल भारी खटपट के बावजूद जमाते इस्लामी के साथ है और खुद को तीसरी ताकत के रूप में पेश कर रही है जबकि बीएनपी उसे महज वोट-कटवा मानती है। उसका लक्ष्य है, प्रखर राष्ट्रवाद, आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार विरोध, संस्थागत सुधार और युवा राजनीति को बढावा देना। बीएनपी का भी वादा राष्ट्रवाद, आर्थिक सुधार, सत्ता विकेंद्रीकरण है। एनसीपी अपेक्षाकृत नया और सीमित प्रभाव वाला अनुभवहीन उत्साही भारत विरोधी दल है इसलिये उससे कोई अपेक्षा पालना बेकार ही है। वैसे भी बांग्लादेश में वैकल्पिक राजनीति की बात करने वाली एनसीपी

### बांग्लादेश चुनाव

को जमात-ए इस्लामी की बी टीम भी कहा जा रहा है और वह जमाते इस्लामी की छोड़ी हुई 19 सीटों पर ही लड़ रही है। अजब यह है कि जमाते इस्लामी पिछले दिनों बीएनपी के साथ आने की मंशा जाहिर कर चुकी है, बीएनपी इसके लिये उत्सुक नहीं है फिर भी ऐसे में गठबंधनों का चेहरा चुनाव या उसके बाद बदल सकता है। सरकार की सूरत कुछ यूं बनती है, या तो बीएनपी अकेले सरकार बनाए या फिर वह जमाते इस्लामी से सरकार बनाने में सहायता ले पर इसे औपचारिक गठबंधन का नाम न दे। अगर बीएनपी ज्यादा सीटें लाती है तो एनसीपी जमाते इस्लामी का साथ छोड़कर उससे हाथ मिला ले, वैसे इसके इमकान कम हैं, हालांकि राजनीति में क्या नहीं हो सकता।

चुनाव में सबसे अहम है चुनाव से दूर आवामी लीग के मतदाता किधर जाते हैं। आवामी लीग के वोटरों की विचारधारा जमाते इस्लामी के खिलाफ तो है पर उसके वोटरों का छोटा हिस्सा धार्मिक रूझान को समर्थन देते हुए ग्रामीण इलाकों में उसकी ओर जायेगा ही लेकिन वोट बैंक का बड़ा हिस्सा अगर जमाते इस्लामी हथियाने में कामयाब रहता है तो वह बहुमत के आसपास नजर आ सकती है। लंबे समय से सत्ता से बाहर रहने के बीएनपी को सत्ता-विरोधी माहौल का फायदा मिल सकता है। 17 साल बाद स्वदेश लौटे खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को जिया की मौत के बाद भावनात्मक लाभ मिल सकता है, उन्हें परिणाम को प्रभावित कर सकने वाला जनसमर्थन भी है और उन्हें प्रधानमंत्री के बतौर पेश भी किया जा रहा है। हालांकि अनुपस्थिति और विवादित छवि उन्हें 'गेम-चेंजर से ज्यादा' 'पोलराइजिंग फैक्टर' बनाती है। अगर सर्वे सही है कि बीएनपी 33 फीसद तो जमात 29 प्रतिशत और एनसीपी 16 फीसद मतदाताओं की पसंद हैं। युवाओं में भी पहली पसंद बीएनपी और दूसरी जमाते इस्लामी है। भले ही बीएनपी अभी आगे दिखती हो पर जमाते इस्लामी भी बहुत पीछे नहीं है। उसने खुद को पुनर्गठित कर मजबूत दावेदारी पेश कर रही है। संगठनात्मक अनुशासन और स्पष्ट फोकस के मामले में वह आगे है। कांटे की लड़ाई में बीएनपी बहुमत के नजदीक पहुंच सकती है लेकिन स्पष्ट बहुमत न मिलने की स्थिति में उसे जमात या एनसीपी की बैसाखी चाहिये होगी। चुनाव के बाद या उससे पहले अप्रत्याशित गठबंधन, एनसीपी की खींचतान और टूट, युवा और शहरी मतदाता का रुझान, सोशल मीडिया-प्रभावित नैरेटिव, आवामी लीग के मतदाताओं का प्रत्याशित और एकमुश्त वोट ट्रांसफर या युवा मतदाता उन्माद या फिर तकरीबन 10 फीसदी हिंदू वोटरों का कुछ सीटों पर रुझान, बेहद कम मतदान वगैरह चुनावी नतीजों को या सरकार के गठन को लेकर चुनावी विश्लेषकों को चैंका सकते हैं।

भारत चाहेगा कि जमाते इस्लामी सत्ता में न आये, उसकी सरकार बनने का मतलब है बांग्लादेश की बर्बादी और भारत विरोधी ताकतों का मजबूत होना। यह मान भी लिया जाए कि सत्ता में आने के बाद शरीयत कानून लागू कर महिलाओं और अल्पसंख्यकों को हाशिए पर धकेलने वाली पाकिस्तान की कठपुतली जमाते इस्लामी सत्ता से दूर रह जायेगी पर इस बात की कोई गारंटी नहीं कि बीएनपी इतनी बंपर जीत हासिल कर ले कि उसे न तो धर्मांध जमाते इस्लामी की जरूरत पड़े न ही मुखर भारत विरोधी एनसीपी की। अगर बीएनपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आये तब भी उसके भीतर धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने वाले तत्व हैं जिनकी राय भारत के बारे में बेहतर नहीं है। रहमान का भी नारा है, न दिल्ली, न पिंडी। जमात के मुकाबले बीएनपी को एक अधिक उदार और लोकतांत्रिक विकल्प के रूप में देखना दिवास्वप्न है। भारत के लिये बीएनपी 'दो बुरे विकल्पों में से कम बुरा' चुनने की मजबूरी जैसा है।

### सोशल मीडिया

विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट, 2025 ग्रामीण विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होनो जा रहहा है। सीएम,योगी.



इससे पहले कि वोटर्स का रोष आक्रोश बन के आंदोलन का रूप ले ले चुनाव आयोग मैनपुरी में एसआईआर से कटे वैध नामों को संज्ञान ले कर वोटर लिस्ट दुरुस्त कराये। अखिलेश यादव.



गवर्नमेंट प्रेस मैदान, प्रयागराज में आयोजित खेलो प्रयागराज महापौर कप 2025 में शामिल हो प्रतिभागी खिलाड़ियों से संवाद स्थापित कर उनका उत्साहवर्धन किया। केशव प्रसाद मौर्य.



# असाधारण शक्तियां

### अंतर्दृष्टि

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

# ... तो हम विश्व चैंपियन होते

### व्यंग्यलोक

चक दे ... चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का खेल भी शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं।

अब 'उपयोगी' को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है( हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। पिताजी रात में हॉकी को अपने सिरहाने रखकर सोते थे ताकि घर में घुसे चोरों की हॉकी से धुनाई कर सकें। हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया खूब चली। लोगों ने अनेक बार देखी। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। उनमें विकट समानता है। दिखने में एक जैसी दिखती हैं। ऊपर से सीधी और नीचे से पंजे की तरफ टेढ़ी। सीधे भाग पर जोर देकर टेढ़े भाग से धौल जमाने का काम लिया जाता है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त 'धौल' के शब्दार्थ भिन्न है। एक को 'शॉट लगाना' कहते हैं और दूसरे को 'लात जमाना'। गोया कि टांग अड़ाना और हॉकी अड़ाना एक ही बात है। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते।



राकेश सोहम

# सर्दी के मौसम में नवजात बच्चों की करें खास देखभाल



पैरेंटिंग

नीलम अरोड़ा

यूं तो शिशु अपने माता-पिता से कुछ हद तक जन्म के बाद बीमारियों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता लेकर पैदा होता है। जन्म के बाद यदि उसे स्तनपान न कराया जाए या कम कराया जाए तो उसके बीमार होने की आशंका ज्यादा रहती है। ऐसे में स्तनपान ही वह जरिया है, जिससे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके बावजूद जन्म के बाद लगातार बढ़ते और बदलते वायरसों से वे कई बार कई तरह की समस्याओं से घिर जाते हैं। हालांकि जन्म के पहले तीन महीनों में नवजात के बाहरी रोगों से लड़ने की क्षमता में तेजी से वृद्धि होती है और धीरे-धीरे उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रणाली वयस्क हो जाती है।

इसके बावजूद सर्दी के मौसम में बाहरी संक्रमण के कारण उसकी भूख कम हो जाती है। वह चिड़चिड़ा हो जाता है। लगातार रोता रहता है। यदि उसे बुखार होता है और बुखार लगातार दो तीन दिन तक रहता है, तो उसको डॉक्टर को दिखाना चाहिए। सर्दी, जुकाम होने पर भी उसे बुखार हो जाता है और बुखार में वह चिड़चिड़ा हो सकता है। अगर छाती में बलगम जम जाए तो नाक बंद होना और नाक का बहने जैसी समस्याएं तो होती ही है, खांसी भी हो सकती है। ऐसे में पैरेंट्स को काफी परेशानी होती है। कभी-कभी यह तीन से चार दिन की अवधि में खत्म हो जाता है, लेकिन अगर सर्दी, जुकाम ज्यादा लंबे समय तक बना रहता है, तो समझ लेना चाहिए कि मां की गलती या लापरवाही से उसे ज्यादा ठंड लगी है। क्योंकि ऐसे में बलगम लगातार सीने में जमा हो जाता है और बच्चे की भूख कम हो जाती है। यूं तो सर्दी, जुकाम गंभीर नहीं होता, लेकिन उसके गंभीर होने की आशंका भी होती है। अगर यह ज्यादा दिन तक रहता है तो बच्चे को कान का संक्रमण, साइनस, निमोनिया और गले का इंफेक्शन होने का डर रहता है। ऐसे में बच्चे को गंभीर रूप से बीमार होने से बचाने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। जब तक बच्चे को पहला टीका नहीं लगता, तब तक उसे बाहरी इंफेक्शन से बचाकर रखना चाहिए। घर के हर सदस्य के लिए जरूरी है कि वह बच्चे के ज्यादा करीब न रहें। बच्चे को भी घर से बाहर लेकर नहीं जाना चाहिए। पहले दो महीनों में उसे ठंड और सर्दी जुकाम से बचाने के लिए आवश्यक है कि घर में अगर किसी को सर्दी, जुकाम की समस्या होती है, तो उसे बच्चे से थोड़ा दूर रहना चाहिए। अगर उसे उठाना ही है तो कैरियर में लेकर रखें। अजनबी और बाहरी लोगों द्वारा बच्चे के हाथों और चेहरे को नहीं छूना चाहिए। उसे हर समय ढककर रखें। यदि घर में किसी को बुखार है, उसे बच्चे के संपर्क में नहीं रहना चाहिए। क्योंकि उन्हें इंफेक्शन जल्दी हो सकता है।

मां को चाहिए कि खाना खाने, बाथरूम जाने या डाइपर बदलने के बाद अपने हाथों को अच्छी तरह धोएं। क्योंकि बड़ों के मल में बैक्टीरिया होते हैं और हाथों की साफ-सफाई जरूरी है। बाहर से आने वाले व्यक्ति को सेनेटाइजर का इस्तेमाल करने के बाद ही उसे छूने की इजाजत दें। ब्रेस्ट फीडिंग ही एक ऐसा जरिया है, जिससे सर्दी के मौसम में बच्चे को पेट संबंधी बीमारियों के होने से बचा सकते हैं। इसलिए जहां तक हो सके बच्चे को स्तनपान कराएं, बीमार होने पर तो यह और भी जरूरी है ताकि उसे अतिरिक्त एंटीबॉडीज मिल सकें। यदि आप उसे स्तनपान नहीं कराते और ऊपर का फॉर्मूला दूध ही देते हैं, तो भी उन्हें भरपूर दूध पिलाएं ताकि सर्दी होने पर उन्हें आवश्यक पोषण मिल सके। अगर बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाने की जरूरत होती है तो उसे ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर न रखें, क्योंकि क्लिनिक में बीमार व्यक्तियों से भी बच्चे को इंफेक्शन हो सकता है। यदि आपका नवजात शिशु बार-बार जाग जाता है, ऐसे में मां के लिए अपनी नींद पूरी करना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसलिए जैसे ही समय मिले, जब भी संभव हो, नींद लेने की कोशिश करें। अपने आहार का खास ध्यान रखें। क्योंकि अगर मां की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी तो शिशु भी कम बीमार होता है। अगर बच्चे को सर्दी, खांसी, जुकाम हो जाए तो उसे तुरंत कोई भी दवाई न दें। अगर देना जरूरी ही हो तो डॉक्टर से पूछकर दें। क्योंकि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सर्दी, जुकाम की दवाएं या नाक बंद होने की दवाईयां आमतौर पर देने की सलाह डॉक्टर नहीं देते। बच्चे को हाइड्रेट रखें। ज्यादा ठंड के दिनों में उसे ज्यादा हीटर की गर्मी में न रखें। अगर बच्चा ज्यादा सुस्त है और लगातार सोता रहता है, दूध नहीं पी रहा है। तो तुरंत डॉक्टर को दिखायें।

## आप की बात

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। दरअसल सरकार को इस तरह का सिस्टम विकसित करना चाहिए कि देश में श्रमिकों के लिए वाजिब सामाजिक सुरक्षा विकसित हो। फिलहाल तो सरकार अधिकांश संसाधन सरकारी कर्मचारियों पर ही लुटाती रहती है। आम आदमी की कोई पूछ नहीं है।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### गरीबों का सशक्तीकरण

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। गरीबों को घर मिलने से उनका सशक्तीकरण होगा। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं।

यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## छात्र-छात्राओं बांटे को मोजे वितरण



रुपईडीहा बहराइच भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में इस ठंड भरी शीत लहर छात्र-छात्राओं को पहनने के लिए मौज वितरित किया आपको बताते चले इमीग्रेशन में अधिकारी मैं तैनात आशुतोष दुबे रुपईडीहा नगर पंचायत में सैकड़ो छात्र-छात्राओं को शिक्षा निशुल्क अपनी अलग-अलग पहचान बने हुए हैं उन्होंने सैकड़ो बच्चों को मंगलवार को बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए एक-एक जोड़ी पहनने के लिए मोजे वितरण किया बच्चों के अभिभावकों ने उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए कहा जब से आप आए हैं सरकारी पोस्ट पर रहकर भी हमारे बच्चों को शिक्षा ज्ञान के मार्ग पर चलने के लिए संस्कार दिए हैं हम जीवन में भूल नहीं पाएंगे आज हमारे बच्चे अपने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने लगे हैं ।

## गरिमा पंत हुई महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित



बाराबंकी। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के ऐतिहासिक और सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंत को महाकुंभ सेवा मेडल एंव प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्राधिकारी रामनगर को मेडल देकर सम्मानित किया। तथा उनके द्वारा महाकुंभ के सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों की सराहना की।

## उत्तर प्रदेश रत्न से सम्मानित हुए अरविंद चौरसिया

अयोध्या। सहादतगंज स्थित लॉन में आयोजित अयोध्या महोत्सव के समापन एवं सम्मान समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान से डिप्टी एसपी उन्नाव अरविंद चैरसिया को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पुलिस सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासित कार्यशैली और जनहित में किए गए सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लक्ष्मीकांत वाजपेयी सांसद राज्यसभा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, विधायक रुदौली रामचंद्र यादव, डॉ. अनिल मिश्रा सदस्य श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, विक्रमा प्रसाद पाण्डेय महानगर सरसंघ चालक, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर किया। सम्मान स्वरूप अरविंद चैरसिया को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर अरविंद चैरसिया ने आयोजक मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक निष्ठा व समर्पण के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित करेगा।

# शांतिपूर्ण पूर्वक हुआ फैजाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव

- 90 प्रतिशत मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग
- कड़ी सुरक्षा के बींच आज होगी मतगणना

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** भारी गहमागहमी व शोर शराबे के बींच फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया। मंगलवार को हुए चुनाव में 90 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी के साथ प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष व महामंत्री समेत 12 पदों पर हुए चुनाव में 45 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटिका में बंद हो गया है। मतगणना बुधवार को सुबह 9 बजे से आचार्य नरेन्द्रदेव सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच होगी। मतगणना कार्यकारिणी ए के पदों से शुरू होगी।

फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव 2025-26 शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न हो गया है। कड़ाके की ठंड व गलन के बींच 2278 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल वोटों की संख्या लगभग 2500 थी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व चुनाव अधिकारी सूर्य नाराराण सिंह ने बताया कि मतगणना बुधवार को 9 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच शुरू होगी। मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बींच फैजाबाद बार एसोसिएशन के 12 पदों के लिए हुए मतदान साढ़े आठ बजे से आचार्य नरेन्द्र देव सभागार में शुरू हुआ। इसके लिए 30 बूथ बनाये गये थे। मतदान शुरू होने के दो घंटे तक मतदान धीमा रहा। इसके पश्चात लंच के डेढ़ बजे तक मतदान स्थत पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गयी। प्रत्याशियों के समर्थक मतदान स्थल के दो फलांग दूरी पर दोनों तरफ खड़े थे और अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रंग बिरेंगे पम्पलेट देकर वोट मांग रहे थे। इन समर्थकों द्वारा वरिष्ठ मतदाताओं का हाथ-पैर जोड़कर वोट मांगते देखा गया। लंच डेढ़ से दो बजे तक रहा। तत्पश्चात फिर मतदान शुरू हुआ जो शाम पांच बजे तक चला। विभिन्न पदों के प्रत्याशी मतदान स्थल से काफी दूर खड़े दिखाई दिये। मंगलवार को हुए मतदान में 2500 मतदाताओं में से कुल 2278 वोट पड़े। एक मतदाता तीन अलग-अलग पर्चियों से वोट डाल रहे थे जिन्हें निरस्त किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशियों में कालिका प्रसाद मिश्र, सूर्यभान वर्मा, बब्बन प्रसाद चैबे, वाई.वी. मिश्र व जुगुल किशोर मिश्र के बीच काटें की टक्कर रही।

वही उपाध्यक्ष पद पर रणधीर यादव, अंजनी कुमार मिश्र उर्फ प्रभु, राजेश उपाध्याय, धनुष श्रीवास्तव, राजेश पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह मुन्ना के बींच कड़ा संघर्ष रहा। प्रतिष्ठापूर्ण महामंत्री के पद पर प्रदीप कुमार चैबे, शैलेन्द्र जायसवाल, अजय कुमार श्रीवास्तव, विनोद कुमार सिंह, अजय वर्मा, श्री प्रकाश दूबे, राजेश यादव के बींच टक्कर रहा। कोषाध्यक्ष के पद पर राजेन्द्र कुमार तिवारी, अशोक कुमार दूबे, महेन्द्र तिवारी व जय प्रकाश पाल के बींच कड़ा मुकाबला रहा। संयुक्त मंत्री प्रथम के पद पर मनोज कुमार सिंह व संतोष कुमार के बींच अंतिम समय तक मुकाबला रहा। संयुक्त मंत्री द्वितीय के पद पर अखण्ड प्रताप यादव, पियूषमय त्रिपाठी व अजय श्रीवास्तव के बींच त्रिकोणात्मक संघर्ष अन्तिम समय तक रहा। कार्यकारिणी ए के पद पर रामचन्द्र यादव, पंकज द्विवेदी, दुर्गा प्रसाद सिंह, रामजी गुप्ता व हरीराम शुक्ला के बींच कड़ा मुकाबला रहा। कार्यकारिणी ए के पद पर बद्री प्रसाद यादव, अभय प्रताप सिंह, विजय नारायण तिवारी व कौशल किशोर के बींच कड़ा संघर्ष देखा गया। कार्यकारिणी सी के पद पर रूद्र प्रकाश मिश्र, सलीम नैयर, अमित कुमार वर्मा, अमित कुमार तिवारी, गोपाल त्रिपाठी, प्रदीप कुमार सिंह, प्रमोद कुमार तिवारी व प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के बींच कड़ा संघर्ष रहा। मतदान के दौरान एलडर्स कमेटी के चेयरमैन घनश्याम उपाध्याय, बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह, सदस्य पूर्णिमा सिंह, लकी पाण्डेय के अलावां मतदान अधिकारी राज कपूर सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, आलोक खरे, कृष्ण मोहन सिंह, आलोक कुमार सिंह, शैलेष पाण्डेय, संजीव दूबे, आनन्द श्रीवास्तव, कैलाश बिहारी पाठक, आशीष कुमार तिवारी, अरविंद पाण्डेय, संजीव अग्रवाल, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल, कप्तान सिंह, आत्मजीत यादव, रत्नेश सिंह, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्वदेशी हस्तशिल्प और हैण्डलूम मेले का शुभारंभ



बाराबंकी। राजकीय इण्टर कालेज मैदान में बाराबंकी महोत्सव 2026 के अन्तर्गत स्वदेशी हस्तशिल्प एंव हैण्डलूम मेला की शुरूआत हुई है। महोत्सव की जानकारी देते हुये समाजसेवी व आयोजक मो0 सलमान सल्लू ने बताया कि छोटे उद्यमों व व्यवसायियों को बढ़ावा देने, उनके उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए, छोटे, मध्यम और बड़े उपक्रम में महोत्सव आयोजित होने से आमजन को अपने ही जिले में उत्पादित प्रसिद्ध उत्पादों को देखने का अवसर मिलेगा। जिसमे लकड़ी के कई उत्पाद रेस्ट चेयर, स्टडी चेयर, मुगलकालीन फर्नीचर, नक्काशी की हुई ड्रेसिंग टेबल, बच्चों की कुर्सी-टेबल, भदोही से कारपेट, सैण्डल, कश्मीरी शॉलें, खादी वस्त्रों, राजस्थानी अचार, लुधियाना ऊलेन वस्त्र, बच्चों के खिलौनें, कश्मीरी ड्राई फ्रूट, आयुर्वेदिक दवाइयों समेत गृह उपयोगी वस्तुओं एवं अनेक प्रकार की हाथ से बनी कलाकृतियों का स्टाल लगा हुआ है। जिसका उद्देश्य प्रदेश में हस्तशिल्प द्वारा तैयार वस्तुओं को प्रचारित किया जाना है।

## एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कुमारगंज स्थित चंद्रबली सिंह उर्मिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर सुधीर कुमार ने छात्र एवं छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया। उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि जैसे ही आप लोगों की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो जाए, तत्काल अपने क्षेत्र के बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से संपर्क कर फॉर्म-6 प्राप्त करें और उसे सही ढंग से भरकर जमा करें। इससे आपका नाम मतदाता सूची में जुड़ सकेगा और आप लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदार बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर मतदाता पंजीकरण, संशोधन एवं अन्य समस्याओं के समाधान से संबंधित पूरी जानकारी उपलब्ध है, जहां से छात्र-छात्राएं अपनी हर समस्या का समाधान पा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि जिनका भविष्य में राजनीति में आने का विचार है, उन्हें राजनीति की बुनियादी जानकारी अवश्य रखनी चाहिए। साथ ही अपने अधिकारों, कर्तव्यों और संविधान के प्रावधानों को समझना भी जरूरी है। इस दौरान उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 और 326 का उल्लेख करते हुए निर्वाचन आयोग की भूमिका और सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के महत्व को समझाया।

## नलकूप विभाग ने दर्जन भर किसानों का भेजा वारंट



सोहावल-अयोध्या। सरकारी नलकूप संख्या 42 एफजी से जुड़े तहसीनपुर के दर्जन भर किसानों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। नलकूप विभाग ने अपनी अदालत से इनका वारंट जारी कर दिया है। किसानों पर यह मुकदमा नलकूप विभाग की नाली की भूमि काटकर अवैध कब्जा करने को लेकर है। इसे लेकर किसानों ने सोमवार को समाधान दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष भी न्याय के लिए गुहार की है। राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ अयोध्या के किनारे टोल प्लाजा के निकट स्थापित इस सरकारी नलकूप से जुड़े करीब 22 किसानों पर नलकूप विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विभाग में करीब 8 वर्ष पहले मुकदमा किया था। पेशी दर पेशी किसानों ने अपना पक्ष रखते हुए विभाग के अभियंताओं की जांच रिपोर्ट पक्ष में बता कर मुकदमे से फुर्सत पा ली थी। अचानक तीन दिन पहले नलकूप विभाग का यह जिन्न फिर बाहर आ गया और रौनाही थाने की पुलिस ने इसे लेकर 11 किसानों का वारंट आने की बात कही तो किसानों के पैरों तले धरती खिसकने लगी। वारंट की चपेट में बताए जा रहे किसान रामनाथ मिश्रा, ध्यानीस कुमार, पंचम लाल, स्वामीनाथ, हरीश मिश्रा, केशव राम, शिवकरण, शिव वरदान, द्वारिका, गंगाराम, राम बरन यादव आदि में से कुछ ने इसे विभाग की दबंगई और उत्पीड़न की संज्ञा देते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार की है। पूछे जाने पर विभाग के एसडीओ योगेश सोनकर ने बताया कि कुछ किसानों की शिकायत समाधान दिवस पर मिली है। जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट और कार्रवाई होगी।

## छात्रों ने सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली




सतरिख, बारबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज छात्र-छात्राओं ने आम जन-मानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने को लेकर रैली निकाल सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। रैली विधि महाविद्यालय से निकल सतरिख थाने के मोड़ पर पहुँची। जंहा लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों एवं मानकों की जानकारी देते हुये सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, मत करो इतनी मस्ती, जिन्दगी नहीं है इतनी सस्ती, हेलमेट लगाओं जान बचाओ, एवं वाहन धीमा चलायें और अपना कीमती जीवन बचाएं आदि नारों के माध्यम से जागरुक किया। रैली में प्रवक्ता डा0 मंजय कुमार यादव, डा0 प्रमोद कुमार पाण्डेय, अंकित कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

## युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना उददे्श्य : मोहम्मद शहजाद



बाराबंकी। बॉडीबिलि्ंडग एसोसिएशन एवं माइन न्यूट्रिशन वर्ल्ड के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 31 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले माइन क्लासिक सीजन-2 मिस्टर इंडिया बॉडीबिलि्ंडग शो को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे आयोजक मोहम्मद शहजाद ने बताया कि प्रतियोगिता जनपद स्तर पर पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित की जा रही है। जो शहर के राजकमल पैलेस में संपन्न होगी। इसका उद्देश्य युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने आगे बताया कि प्रतियोगिता में प्रसिद्ध बॉडीबिल्डर्स हैदर मलिक, करन कपूर, पर्ल कपूर, जीत सिंह, अनूप ठाकुर और विपिन त्यागी शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इच्छुक प्रतिभागी अपना रजिस्ट्रेशन डब्लूडब्लूडब्लू.माइनक्लासिक.इन पर जाकर ऑनलाइन कर सकते हैं। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, भव्य मंच, उच्च स्तरीय साउंड सिस्टम, आकर्षक लाइटिंग एवं दर्शकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रेस वार्ता में समिति सदस्य डॉ0 सौरभ कुशवाहा, देव सैनी, नसीम, डॉ0 शिवेंद्र, मो0 अरशद, प्राहर्ष सिंह, रजत रस्तोगी, जावेद अकील, आतिफ अहमर, अली अब्बास मौजूद रहे।

## बहराइच हंटर्स व बहराइच थंडर्स के मध्य खेला गया दूसरा मुकाबला

### बहराइच थंडर्स ने 76 रनों से जीता दूसरा मुकाबला

बहराइच। इंदिरा गांधी स्टेडियम में आज ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में दूसरा मुकाबला बहराइच हन्टर्स व बहराइच थंडर्स के मध्य खेला गया। जिसमे अतिथि के रूप में कुशल गोयल व नित्यम श्रीवास्तव मौजूद रहे। अतिथियों ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच थंडर के कप्तान वत्सल सिंह ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 22 ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 153 रनों का स्कोर खड़ा किया।



हन्टर्स की तरफ से कृष्णा सिंह ने 3 विकेट अपने नाम किए। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हन्टर्स की टीम 15.3 ओवरों में सभी विकेट के नुकसान पर मात्र 77 रनो पर ही सिमट गई। बहराइच थंडर्स की तरफ से अक्षत सिंह ने 4 विकेट अपने नाम किए। बहराइच थंडर्स ने 76 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन करने पर अक्षत सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया एवं वत्सल सिंह को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज के मैच में अम्पायरिंग की भूमिका में अकील अहमद एवं आतिफ खान रहे। स्कोरर की भूमिका यश चौरसिया ने निभाई। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस अवसर पर, सुनील राय, रामानंद सिंह, भूपेंद्र पांडे, आयुश चित्रांश, देवाशीष राय, प्रदीप गुप्ता, आशुतोष कैराती, कार्तिकेय सिंह, सारिक, एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। तीसरा मुकाबला बहराइच ग्लैडिएटर्स एवं बहराइच डेयरडेवील्स के बीच खेला जाएगा।

## जीवन अनमोल है, इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी : अंकिता शुक्ला

### छात्र-छात्राओं व वाहन चालकों में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन




बाराबंकी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा नन्दलाल प्रभुदेवी प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट परिसर मे सड़क सुरक्षा के प्रति स्कूली छात्र-छात्राओ व वाहन चालको मे जागरुकता लाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव, यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने छात्र-छात्राओ को कहा कि जीवन अनमोल है, इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटनाएँ केवल एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की क्षति होती हैं। जिन्हें यदि हम थोड़ी सी सावधानी, अनुशासन एवं जागरूकता से रोक सकते है। एआरटीओ ने हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, नशे की हालत में वाहन न चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा रोड़ सेफ्टी नियमों का पालन करने पर विशेष जोर दिया। तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने, गलत दिशा में गाड़ी न चलाने और धैर्यपूर्वक नियमों का पालन करने का संकल्प दिलाया। सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री यादव ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि युवा वर्ग समाज का सबसे सशक्त माध्यम है जो न केवल स्वयं नियमों का पालन करे। बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करे। यातायात प्रभारी श्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सुरक्षित ड्राइविंग, पैदल यात्रियों के अधिकारों का सम्मान, यातायात संकेतों का पालन और धैर्यपूर्ण व्यवहार ही सुरक्षित सड़कों की नींव है। इसके उपरान्त सभी को हमेशा सतर्क, जागरूक व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला मे प्रबन्धक सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, योगेश, शमशद अली, शिवम, संजय, अंशुमान, सपना, अनामिका, नेहा सहित छात्र-छात्रायें व शिक्षक मौजूद रहे।

## रुपईडीहा पत्रकार संघ की बैठक संपन्न



रुपईडीहा बहराइच। रुपईडीहा पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार की शाम 6:00 बजे संघ के सदस्य रमेश कुमार सिंह के निज निवास पर संपन्न हुई। बैठक में संघ के अधिकांश सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान संघ से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक 15 दिन में नियमित बैठक आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही संघ के विस्तार एवं सदस्यता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में संघ के संरक्षक शेर सिंह कशौधन, संजय कुमार गुप्ता, शकील अहमद, बनारस गिरी, इरशाद हुसैन, रमेश कुमार सिंह मोहम्मद कौसर , धीरेंद्र कुमार शर्मा, रमेश कुमार मिश्रा, श्याम कुमार मिश्रा, मोहम्मद सलीम अरविंद कुमार वर्मा सहित दर्जनों पत्रकारों ने सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में संगठन की एकजुटता बनाए रखने एवं पत्रकार हितों के संरक्षण के लिए सभी सदस्यों ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## रोड डायवर्जन से जाम की समस्या का होगा समाधान



बहराइच। यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाकर सड़क दुघर्टनाओं में कमी लाये जाने तथा षहर में जाम की स्थिति को सुधारने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रोडवेज बस स्टैण्ड, मरीमाता चौराहा इत्यादि जगहों पर बसों के सचांलन का आवागमन देखा। उन्होनें श्रावस्ती, गोण्डा व बलरामपुर जाने वाली बसों का डायवर्जन कराने के भी निर्देष दिये। डीएम ने निर्देष दिया कि जो बसे बाहर से जा सकती है वह अन्दर प्रवेष न करे। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होनें कहा कि केडीसी के पहले हम कोई व्यवस्था दे की सवारी वहां से निकल जाय और सीधे चली जाय। रोडवेज विभाग ने एक वर्कषाप की जमीन के लिए अनुरोध किया गया है। प्रयास यही किया जायेगा जिन बसों का यहां प्रवेष न हो वह बाहर से ही निकल जाय। जल्द ही एक हफ्ते के अन्दर जो कार्यवाही की जानी है इसको विस्थापित कराया जायेगा।

## आज मोरे आये है आज मोरे आये है, धन गुरु गोबिन्द सिंह साहेब...

### सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिह जी महाराज का मनाया गया प्रकाशोत्सव

सरदार परमजीत सिंह विक्की

**बाराबंकी।** लाजपत नगर स्थित गुरुद्धारा श्री गुरु सिंह सभा में सिक्खों के दसवें गुरु साहिबें कमाल, सरवंश दानी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। कीर्तन जस-गायन के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया। हजूरी रागी जत्था भाई तीरथ सिंह व साथियो द्वारा वडे.वडे मुन देवते कई जुग तिनही तन ताया, किन्ही तेरा अंत न पाया व एक तिन नाही बिसरे, प्राण आधारा जप जप नानक जीवो शब्द कीर्तन कर सांध संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा। प्रकाशोत्सव पर विशेष रुप से दिल्ली से आयें भाई रविन्दर सिंह व साथियो द्वारा शब्द कीर्तन धन धन हमारे भाग्य घर आया फिर मेरा, हर हरा स्वामी सुखे गामी, अनंद मंगल रस घना के साथ कीर्तन की शुरूआत की। इसके अतिरिक्त आज मेरो आये है-2 सुपन




चरित्र चित्र बानक बने बचित्तर, पावन पवित्र मित्र आज मेरो आये है तन गुरु गोबिन्द सिंह साहेब, दिन तने चढ़े ली माओं आये सफल सेहे, आप लिहे लड़ लाये, धन धन गुरु गोबिन्द सिंह साहेब, शब्द कीर्तन कर साध-संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा। तो वही गुरुद्धारा परिसर मे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा, न0पालिका अध्यक्षा शीला सिंह पूर्व एमएलसी हरगोबिन्द सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियो ने माथा टेका। तथा गुरु का लंगर ग्रहण किया। देर शाम को शुरू हुये रात्रि विशेष दीवान में दिल्ली से आयें भाई रविन्दर सिंह व साथियो द्वारा रात 7 बजे 9:30 बजें तक गुरु महाराज की जीवन का बखान कर साध-संगत को गुरु चरणो के साथ जोड़ा। समाप्ति उपरान्त दूध व नाश्ते का लंगर वितरण किया गया। मंच का संचालन सतनाम सिंह खालसा ने किया।

## डीएम ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अवसर पर मतदाता रजिस्टेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा झुनझुनबाला परास्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या में किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि सभी नये युवा, जिन्होंने 18 वर्ष हो गये है और अभी तक अपना मतदाता/एपिक आई0डी0 के लिए आवेदन नहीं किया है तो मतदाता सेवा पोर्टल अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 की वेबसाइड पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते है और ऑनलाइन पर अपनी सूची भी देख सकते है। इसके साथ ही मतदाताओं के लिए उनके नजदीकी पोलिंग बूथ पर बूथ लेवेल अधिकारियों द्वारा फार्म-6 नाम जोड़ने का, फार्म-7 नाम कटवाने का तथा फार्म-8 संशोधित करायें।

## डीएम ने रोडवेज बस स्टैण्ड पर स्थापित रैन बसेरे का किया निरीक्षण



बहराइच । बढ़ती शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सोमवार को देर षाम रोडवेज बस स्टैण्ड पर नगर पालिका द्वारा बनाये गये रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में पर्याप्त संख्या में बेड, कंबल, स्वच्छ एवं सुरक्षित, सोने की व्यवस्था रात्रि में प्रकाश एवं ताप व्यवस्था स्वच्छ पेयजल शौचालय एवं साफ सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई। डीएम ने अधिषाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए की शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए ब्लोवर की व्यवस्था के साथ-साथ अतिरिक्त कंबल, गद्दा, तकिया, चादर, बिस्तर, रूम हीटर, फोल्डिंग एवं गर्माहट से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण रूप सुनिश्चित कर लें उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए की रात्रि में सभी अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें और यदि खुले में सो रहा कोई व्यक्ति मिल जाये तो उनको तत्काल जागरुक कर सम्मानपूर्वक रैन बसेरा में पहुंचाया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। डीएम ने कहा कि तहसील प्रशासन सभी के लिए 24 घंटे तत्पर तैयार है किसी को भी किसी भी स्तर पर कोई भी समस्या नहीं होने दी जाएगी कोई भी ठंड में बाहर नहीं सोएगा रैन बसेरे में रुकने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण /चिकित्सा उपचार भी कराया जाएगा।

संक्षेप

## इंजन में फंसकर पूर्व प्रधान की मौत

**परशदेपुर,रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के ठकुराइन मजरे अहल गांव के पूर्व प्रधान रामगरीब (52) पुत्र भगवान दीन की खेत में लगे ट्यूबवेल के इंजन में फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि राम गरीब अपने खेत में सिंचाई के लिए लगे ट्यूबवेल का इंजन चला रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे चलते हुए इंजन की चपेट में आ गए। इंजन में फंसने से उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर डीह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पूर्व प्रधान रामगरीब के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## दोस्तपुर बाजार में नेटवर्क का संकट

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर बाजार में मोबाइल नेटवर्क की समस्या लगातार गंभीर रूप लेती जा रही है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार बिजली आपूर्ति बाधित होते ही जियो नेटवर्क पूरी तरह से काम करना बंद कर देता है, जिससे आम जनजीवन और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। बिजली रहने तक किसी तरह कॉल और इंटरनेट की सुविधा मिल जाती है, लेकिन लाइट कटते ही मोबाइल फोन लगभग बेकार हो जाते हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, नसीम ट्रेवल्स के अजय शुक्ला, पेट्रोल पंप संचालक, छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिकों ने बताया कि नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण ऑनलाइन भुगतान, व्यापारिक लेनदेन, पढ़ाई और जरूरी कॉलिंग में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार आपातकालीन स्थितियों में भी कॉल नहीं लग पाती, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जियो टावर पूरी तरह बिजली आपूर्ति पर निर्भर हैं और उनमें बैकअप व्यवस्था बेहद कमजोर है। जैसे ही बिजली कटती है, टावर बंद हो जाते हैं और पूरे दोस्तपुर बाजार सहित आसपास के इलाकों में नेटवर्क ठप हो जाता है। इस समस्या से तंग आकर कई उपभोक्ता अपना सिम कार्ड दूसरे नेटवर्क में पोर्ट कराने को मजबूर हो चुके हैं। युवाओं का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे जियो कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होंगे। नागरिकों ने मांग की है दोस्तपुर बाजार में जियो टावरों पर मजबूत पावर बैकअप की व्यवस्था की जाए।

## हिंदू सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** छत्रपति शिवाजी शाखा उतरा गौरी में हिंदू सम्मेलन एवं सहभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ है। हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान सच्चे लाल सिंह के द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए समग्र ग्राम विकास प्रांत प्रमुख लायक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी। संघ स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में हिंदू सम्मेलनों का भी आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रचना हिंदुओं को संगठित करने के उद्देश्य से हुई है। संघ सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हिंदू जनमानस के माध्यम से लगातार कर रहा है।

# तहसील में अलाव नदारद, वकील और फरियादी ठिठुरने को मजबूर



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** तहसील परिसर में कड़ाके की ठंड के बावजूद अलाव की कोई ठोस व्यवस्था न होने से वकीलों, फरियादियों और कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना अपने-अपने कार्यों को लेकर तहसील पहुंचने वाले लोग ठंड में ठिठुरते नजर आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील परिसर में एक भी स्थान पर प्रशासन द्वारा अलाव नहीं जलवाया गया है। मजबूरी में वकीलों को टूटी-फूटी लकड़ियों और पुरानी बेंच-कुर्सियों को इकट्ठा कर खुद अलाव की व्यवस्था करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जहां अधिकारी अपने-अपने कमरों में हीटर लगाकर आराम फरमा रहे हैं, वहीं आम फरियादी और मातहत कर्मचारी ठंड से जूझ रहे हैं। बार संगठन जयसिंहपुर के महासचिव देवानंद पांडेय ने बताया कि भीषण ठंड पड़ने के बावजूद प्रशासन पूरी तरह से संवेदनहीन बना हुआ है। तहसील में दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए न तो अलाव की व्यवस्था है और न ही किसी प्रकार की वैकल्पिक सुविधा। हालात यह हैं कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को खुद टूटे फर्नीचर जलाकर ठंड से बचाव करना पड़ रहा है। वकीलों और फरियादियों में प्रशासन की इस उदासीनता को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही तहसील परिसर में पर्याप्त अलाव की व्यवस्था नहीं की गई, तो इससे न केवल आम जनता को परेशानी होगी, बल्कि प्रशासन की संवेदनशीलता पर भी सवाल खड़े होते रहेंगे।

## कूरेभार एडीओ पंचायत का वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**सुलतानपुर।** मंगलवार की शाम ड्यूटी समाप्त कर घर वापस लौट रहे कूरेभार ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा का वाहन सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। यह हादसा कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय से घर जाते समय पीढ़ी गांव के समीप हुआ, जब सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एडीओ पंचायत का वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि सौभाग्यवश इस हादसे में एडीओ पंचायत प्रकाश कुमार मिश्रा को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## उप जिलाधिकारी ने बैठक कर मतदाता सूची का किया प्रकाशन

**बछरावां रायबरेली।** शासन की मंशा के अनुरूप उप जिला अधिकारी ने बीएलओ के साथ बैठक करके मतदाता सूची काबछरावां नगर के दयानंद पीजी कॉलेज में प्रकाशन किया। वहीं इसके साथ ही साथ फॉर्म 6 के द्वारा नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए बीएलओ को जागरूक किया जिससे अधिक से अधिक 18 वर्ष से अधिक आयु पूर्ण कर चुके नागरिकों को मतदान में भाग लेने का मौका मिल सके। वहीं मैपिंग के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी गौतम कुमार ने बीएलओ को अवगत कराया की जिनकी मैपिंग नहीं हो पा रही है उनके लिए 13 दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को अपलोड करके मैपिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। वहीं नवीन मतदाताओं को अपना फोटो आधार कार्ड व अपनी संबंधी का डिटेल देकर एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण करवानी होगी जिससे वह भी आगामी चुनाव में भाग ले सके। इस मौके पर क्षेत्र की बीएलओ, शकील मंसूरी, दयानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा. सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, कुंवर वीरभान सिंह, रज्जन लाल कानून गो, लेखपाल संदीप सिंह, शकील मंसूरी, रमाकांत गुप्ता, नदीम मंसूरी, सतीश तिवारी, पवन शुक्ला सत्य प्रकाश शुक्ला, सरिता आदि लोग मौजूद रहे।

### ब्लॉक मुख्यालय से मतदाता सूचियों का हुआ वितरण

**लालगंज, रायबरेली।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एस आई आर के तहत ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। मंगलवार को लालगंज विकासखंड कार्यालय से मतदाता सूचियों का वितरण हुआ है। खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देश के क्रम में 6 फरवरी तक मतदाता सूची के बाबत दावे व आपत्तियां ली जाएगी। मतदाता सूची में नए नामो को जोड़ने, आपत्ति व दावों के लिए 6 फरवरी तक विशेष अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। छूटे हुए मतदाता बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म भरकर दावा कर सकते हैं। वहीं ब्लॉक कार्यालय से आलेख मतदाता सूचियों का वितरण कर रहे कानून गो बृजेश प्रताप सिंह और राजेंद्र प्रजापति ने बताया कि सभी सुपरवाइजरों को मतदाता सूची दे दी गई हैं। बीएलओ के माध्यम से प्रकाशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरेनी विधानसभा में नई मतदाता सूची के क्रम में 28 बूथ भी बढ़ गए हैं। अब संपूर्ण विधानसभा में 446 बूथ बन गए हैं। पहले 418 बूथ थे।अब किसी भी बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता नहीं रहेंगे।

## कांग्रेस अपनी नीतियों के साथ लड़ाई लड़ेगी : राम लखन शुक्ला



**गौरीगंज, अमेठी।** केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को नवनियुक्त ‎ह्ममनरेगा बचाओ संग्रामह्न अमेठी के कोऑर्डिनेटर रामलखन शुक्ला का जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने शुक्ला को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मनरेगा देश की ग्रामीण जनता और श्रमिकों की जीवनरेखा है, लेकिन वर्तमान जनविरोधी सरकार द्वारा इसे कमजोर करने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इन नीतियों के खिलाफ पूरी मजबूती के साथ संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रामलखन शुक्ला के नेतृत्व में अमेठी जनपद में मनरेगा बचाओ संग्राम को नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्राप्त होगी। अपने संबोधन में रामलखन शुक्ला जी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मनरेगा योजना और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। बैठक में एसआईआर , विषय पर भी विशेष चर्चा हुई, जिसमें एसआईआर के जिला समन्वयक, विधानसभा एवं ब्लॉक प्रभारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की एकजुटता और संघर्ष के संकल्प के साथ हुआ।

## सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा के संदेश को धरातल पर उतारें सभी विभाग

**अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सड़क सुरक्षा के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से एक्सप्रेस वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क दुघर्टनाएं कम करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है ? जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है 15जनवरी के बाद जागरूकता कार्यक्रम और तेज किए जायेंगे। सड़क सुरक्षा समिति के सचिव और लोनिवि निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि डीएम की ओर से दिए गए निर्देशों पर शत प्रतिशत अमल करने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों से पत्राचार किया जा रहा है। मुख्य मार्गों के किनारे झाड़ियों और कंटीले पेड़ों को काटने का काम तेजी से चल रहा है। सभी ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेफलेक्टिव टेप चिपकाए जा रहे हैं ताकि घने कोहरे में दुर्घटनाएं कम हों सके। सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा के संदेश के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम शीघ्र शुरू किए जायेंगे। जिला मुख्यालय पर एक महीने के भीतर कलर कोड युक्त ई -रिक्शा रूट प्रणाली को लागू किया जाएगा।

## घटिया निर्माण सामग्री से पंचायत विकास कार्य सवालों के घेरे में, प्रधानों की बढ़ी कमाई

**अमेठी।** आशीशपुर मर्दानपुर गयासपुर में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग और निर्माण में मानक के विपरीत घटिया सामग्री के प्रयोग के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नियमों को दरकिनार कर जिम्मेदार लोग सरकारी धन से निजी लाभ उठा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024इ25 में इन ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए कुल 30 से 35 लाख रुपये की धनराशि खर्च दिखाई गई है। इसमें नाली निर्माण पर करीब 12 लाख रुपये, खड़ंजा व इंटरलॉकिंग पर लगभग लगभग आठ 10 लाख रुपए नाली निर्माण इझ10 लाख रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। जबकि मौके पर कार्यों की स्थिति इन आंकड़ों के अनुरूप नहीं पाई जा रही। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में पीली रेत, कम मात्रा में सीमेंट और कमजोर ईंटों का उपयोग किया गया। मानक के अनुसार जहां 1:4 सीमेंट-रेत अनुपात होना चाहिए, वहां 1:7 या उससे भी कम अनुपात अपनाया गया। कई नालियां ढलाई के 10-15 दिन के भीतर ही दरक गईं, जबकि खड़ंजे एक माह में बैठने लगे। आरोप है कि कार्यस्थलों पर प्राक्कलन बोर्ड और मस्टर रोल नहीं लगाए गए। माप पुस्तिका (एमबी) में कार्य पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया। सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक कार्य में 20 से 25 प्रतिशत तक सामग्री में कटौती की गई, जिससे कुल मिलाकर 7 से 10 लाख रुपये के गबन की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी प्रकार की अनियमितताओं की चर्चा पास की अन्य ग्राम पंचायतों–जैसे पड़ोसी पंचायतों में हुए नाली और खड़ंजा निर्माण–में भी सामने आ रही है, जहां गुणवत्ता से समझौता कर भुगतान निकाल लिया गया। ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी और जिलाधिकारी से तकनीकी व वित्तीय जांच की मांग की है। अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत आशीशपुर मर्दानपुर खेममऊ अहमदपुर गयासपुर सहित आसपास की पंचायतों में हुए इन विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कब होती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

# यूपी पुलिस भर्ती में 3 वर्ष की छूट दिये जाने के निर्णय का सदर विधायक ने किया स्वागत



- मुख्यमंत्री योगी द्वारा अभ्यर्थियों के हित में लिया गया यह निर्णय दूरदर्शी, न्यायसंगत व युवा हितैषी है : सदर वधायक

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने उपपुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस. पीएसी, सशस्त्र पुलिस, विशेष सुरक्षा बल, महिला बटालियन, घुड़सवार पुलिस एवं जेल वार्डर के कुल 32679 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती-2025 के अंतर्गत अभ्यर्थियों को एक बार के लिए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दिए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि 12 जून 2025 को उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री, उप्र से भेंट कर पुलिस भर्ती में आयु सीमा में शिथिलीकरण की मांग रखी थी, ताकि कोविड काल एवं अन्य कारणों से आयु सीमा पार कर चुके योग्य अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके। सरकार द्वारा इस मांग को स्वीकार कर लिया जाना युवाओं के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अभ्यर्थियों के हित में लिया गया यह निर्णय दूरदर्शी, न्यायसंगत एवं युवा हितैषी है। विगत वर्षों में कई योग्य अभ्यर्थी आयु सीमा के कारण भर्ती से वंचित रह जाते थे, ऐसे में यह निर्णय उन्हें एक नया अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है और इससे पुलिस बल को योग्य, प्रशिक्षित एवं ऊर्जावान मानव संसाधन मिलेगा, जिससे प्रदेश की कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। विधायक ने मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार का युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा सभी अभ्यर्थियों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित हों।

## विद्यालय परिसर से दूर अलग कमरे में चल रहा था अवैध खाद निर्माण, जांच टीम का खुलासा

**अमेठी।** कस्बे के ककवा रोड स्थित मंगलपुर में विद्यालय परिसर में अवैध खाद निर्माण के मामले की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम का बयान सामने आया है। जांच टीम ने स्पष्ट किया है कि जिस कमरे में अवैध रूप से खाद बनाई जा रही थी, वह विद्यालय की मान्यता प्राप्त शैक्षणिक सीमा से पूरी तरह अलग और बच्चों की पढ़ाई से दूर स्थित था। जांच टीम के अनुसार अवैध खाद निर्माण का कमरा स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ा नहीं पाया गया। विद्यालय की मान्यता से संबंधित सभी दस्तावेजों और नक्शों की गहन जांच की गई, जिसमें यह साफ हुआ कि जिस स्थान पर अवैध गतिविधि हो रही थी, वह स्कूल के अधिकृत शैक्षणिक क्षेत्र में शामिल नहीं है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि उक्त कमरा अपना दल नेता शिवम तिवारी द्वारा किराए पर लिया गया था। बताया गया कि विद्यालय प्रबंधन को कमरे के वास्तविक उपयोग की जानकारी नहीं दी गई थी और उन्हें गुमराह कर किराया लिया गया। जांच टीम ने प्रथम दृष्टया विद्यालय प्रशासन की भूमिका को संदिग्ध नहीं माना है टीम के अनुसार अवैध खाद निर्माण का पूरा कारोबार शिवम तिवारी द्वारा स्वतंत्र रूप से संचालित किया जा रहा था। विद्यालय प्रशासन का इस गतिविधि से कोई प्रत्यक्ष संबंध सामने नहीं आया है फिलहाल जांच रिपोर्ट को उच्चाधिकारियों को सौंप दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं जांच में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित करने वाला कोई प्रतिकूल तथ्य सामने नहीं आया है।

# समायोजन में हुई मनमानी, आरएसएम ने निरस्त करने की मांग की

- बिना सीनियर और जूनियर के मनमानी तरीके से किया गया समायोजन



**रायबरेली।** परिषदीय विद्यालयों में तीसरे चरण के हुए अन्तःजनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन में जमकर मनमानी की गई है। शिक्षक विहीन व एकल विद्यालयों में सरप्लस अध्यापकों को समायोजित करते समय पूरी मनमानी की है। गलत तरीके से किए गए समायोजन के खिलाफ आवाज उठाते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने जिलाधिकारी से लेकर बीएसए को ज्ञापन देकर समायोजन को निरस्त किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला स्तर पर सरप्लस शिक्षकों का निर्धारण एवं विद्यालय आवंटन में एकरूपता न होकर मनमाने तरीके से अलग-अलग मानक अपनाये गए हैं। जिससे जनपद के कई विकास खण्डों में कहीं वरिष्ठ शिक्षक तो कहीं कनिष्ठ शिक्षकों को सरप्लस मानकर समायोजित कर दिया गया है। समायोजन में संविदा पर कार्यरत शिक्षामित्रों व अनुदेशकों की शिक्षक के रूप में गणना की गई है, जो पूर्व में निर्गत विभागीय आदेशों-निर्देशों के विधि विरुद्ध है। प्रदेश के अधिकांश जनपदों में सरप्लस शिक्षकों से विकल्प लेकर विद्यालय आवंटित किये गए हैं, जबकि जिले में बिना विकल्प लिए ही गुपचुप तरीके से शिक्षकों को अन्य विद्यालयों में समायोजित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरेनी ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय भोजपुर में छात्र संख्या 224 के सापेक्ष 8 शिक्षक कार्यरत हैं विद्यालय की दो शिक्षिकाओं को उनके विद्यालय से लगभग 20 किमी दूरस्थ विद्यालय प्राथमिक विद्यालय कंजास में समायोजित कर दिया गया है जबकि ब्लॉक के ही अन्य विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय हरीपुर में 60 छात्रों के सापेक्ष 4 शिक्षक तथा दो शिक्षामित्र और प्रावि मलकेगांव प्रथम में 64 छात्रों के सापेक्ष 4 शिक्षक और दो शिक्षामित्र कार्यरत हैं। इनमें से किसी का भी स्थानांतरण नहीं किया गया है।

जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने बताया कि दीनशाह गौरा के ब्लॉक में कन्या उच्च प्रावि टीकर आगाचीपुर में 80 छात्रों के सापेक्ष 3 शिक्षक कार्यरत है जो विभागीय नियमानुसार सरप्लस नहीं हैं। जबकि विद्यालय के विज्ञान शिक्षक भूपेन्द्र सिंह को सरप्लस मानते हुए उच्च प्रावि पूरे रूप पयागपुर में समायोजित/ स्थानांतरित कर दिया गया है, जहां पहले से ही विज्ञान विषय का एक शिक्षक नियुक्त है। इसी ब्लॉक से प्राथमिक विद्यालय सुट्टा में कार्यरत प्रियंका सिंह का 15 किमी दूर प्रावि हजरतपुर में समायोजित कर दिया गया है, जबकि उनके नजदीक ही प्रावि राठौर का पुरवा, प्रावि कटरा कलां, प्रावि चंडरई चरुहार और प्रावि बड़ा का पुरवा आदि एकल विद्यालय हैं। जिला महामंत्री संजय कनौजिया ने बताया कि सलोन ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जौदहा में कार्यरत इंचार्ज प्रधानाध्यापक मदनलाल वैश्य अपने विद्यालय में एकमात्र विज्ञान/ गणित के शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं, किंतु इनका समायोजन उच्च प्रावि सैदपुर विकास खंड सलोन में कर दिया गया है। जबकि विभागीय नियमानुसार प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में गणित व विज्ञान का एक शिक्षक होना अनिवार्य है। ऐसे ही छतोह ब्लॉक में कम्पोजिट विद्यालय काजीपुर तेलियानी में कार्यरत अध्यापक दिनेश कुमार के विद्यालय की छात्र संख्या 93 है, जबकि विद्यालय को एकल करते हुए इनका समायोजन उच्च प्रावि पदमपुर में कर दिया गया है। ऐसे महराजगंज ब्लॉक में प्रावि पोखरनी द्वितीय में अध्यापक आरती को उनके विद्यालय से 12 किमी दूर समायोजित कर दिया गया है, जबकि विद्यालय के पास ही प्रावि पोखरनी प्रथम एकल अध्यापकीय विद्यालय है। उन्होंने कहा कि समायोजित शिक्षकों को विद्यालय से कार्यमुक्त-कार्यभार ग्रहण कराये बिना ही यू-डायस पोर्टल पर उनके विद्यालय बदल दिये गए हैं, जो कि बेसिक शिक्षा विभाग में अब तक स्थापित विभागीय व्यवस्था/परम्परा के एकदम विपरीत है। बड़े स्तर पर जिले में मनमानी की गई हैं और अगर स्थानांतरण नहीं निरस्त हुआ तो फिर हम लोग धरना प्रदर्शन करेंगे।

## राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन



**गौरीगंज, अमेठी।** नुख्यमंत्री द्वारा ₹राज्य सड़क सुरक्षा परिषद₹ की सम्पन्न बैठक में दिये गये निर्देश एवं मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ दिये गये निर्देश के अनुपालन में ₹राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक जनपद अमेठी में किया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन / प्रवर्तन) अमेठी महेन्द्र बाबू गुप्ता द्वारा नई पुलिस लाईन गौरीगंज में सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अण्डर ट्रेनी के लगभग 150 रिक्रूट्स को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर अमेठी एवं पुलिस इंस्पेक्टर ट्रेनिंग सेन्टर अनेठी के साथ-साथ परिवहन कार्यालय के कर्मचारी व प्रवर्तन दल उपस्थित रहे। यात्री / मालकर अधिकारी, अमेठी दिनेश कुमार रावत द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 25 हेलमेट के अभियोग में, फिटनेस / बीमा आदि के अभियोग में 15 ई-रिक्शा के चालान, रांग साइड में 07, नो पार्किंग के अभियोग में 10 वाहनों को मिलाकर कुल 65 वाहनों के विरूद्ध चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी है।

## दौड़ व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आज

**भेटुआ ,अमेठी।** आगामी बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जयंती के उपलक्ष्य पर बाल वर्ग,युवा एवं प्रौढ़ वर्ग के लिए दौड़ और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रहेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बीते लंबे समय से चल रहे हिंदू युवा सम्मेलन के उपरान्त स्वामी विवेकानंद के जयंती के उपलक्ष्य में दौड़ एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आज क्षेत्र के लाल विजयानंद महाविद्यालय में प्राथमिक शिक्षा वर्ग के स्थल पर सुबह साढ़े नौ बजे किया जाएगा। जिला प्रचारक पवन कुमार ने बताया कि दौड़ एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हिंदू युवा सम्मेलन के अंतर्गत आज किया जा रहा है जिसमें दौड़ प्रतियोगिता में बालक और बालिकाएं भाग लेंगे। चौदह से बीस वर्ष के बालक बालिका दो सौ मीटर , सत्रह से तेईस वर्ष के लिए चार सौ मीटर, अठारह से पच्चीस वर्ष के लिए आठ सौ मीटर एवं बाइस से तीस वर्ष की आयु वर्ग के लिए सोलह सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता होगी।एक प्रतिभागी एक ही दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। वहीं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पंद्रह से पच्चीस वर्ष की आयु वर्ग के लोग भाग लेंगे। बताया कि प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी, स्वयंसेवक सहित क्षेत्र के लोग भी पूरी तन्मयता के साथ लगे हैं। प्रतियोगिता में राजेंद्र सिंह, कमलेश, अभिषेक त्रिपाठी, सचिन सहित बड़ी संख्या में लोग लगे हैं।

## भाकियू की पंचायत में अधिकारियों को घेरा, 31 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को भाकियू (राष्ट्रवादीगट) की एक महत्वपूर्ण पंचायत विद्युत उप खण्ड चांदा परिसर में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता सुलतानपुर जिलाध्यक्ष गौरी शंकर पाण्डेय ने की। बैठक में किसानों द्वारा सौंपे गए मांगपत्र पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया। निर्धारित समय पर कुछ अधिकारियों के पंचायत स्थल पर न पहुंचने से किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली। आक्रोशित किसानों का हुजूम जैसे ही प्रदर्शन के लिए निकलने वाला था, तभी थाना अध्यक्ष चांदा मौके पर पहुंचे और किसानों को समझा-बुझाकर पुनः पंचायत स्थल पर रोका। इसके बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों को बुलाकर वार्ता कराने का आश्वासन दिया। कुछ ही समय में तहसीलदार, लम्भुआ प्रांजल तिवारी विद्युत एस.डी.ओ. शोएब जमाल, सहायक पंचायत अधिकारी दीपक प्रजापति मौके पर पहुंचे और किसान संगठन के पदाधिकारियो ने ज्ञापन शौपकर अधिकारियों को समस्याए से अवगत कराया। अधिकारियों ने समस्याएं को गंभीरता से सुनीं। अधिकारियों द्वारा समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी दिया। मुख्य रूप से गारावपुर 33 के.वी. विद्युत लाइन का शीघ्र निर्माण, एव नहरों की सफाई की जांच, तथा किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने का भी भरोसा दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने शांतिपूर्वक 31 सूत्री मांगपत्र तहसीलदार को सौंपा, जिसके बाद पंचायत का समापन हुआ। संगठन के जिलाध्यक्ष ने कहा अगर समस्या का समाधान तय समय के अन्दर नही होता हैं तो 16 जनवरी को सुलतानपुर के तिकोनिया पार्क में धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

# डीएम ने शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर किया दीपदान

**रायबरेली।** किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों की याद में शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर डीएम हर्षिता माथुर व अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सई नदी के तट पर दीपदान एवं भारत माता मंदिर में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया।

डीएम ने कहा कि सई नदी के पुनीत तट पर अंग्रेजों की नीतियों के खिलाफ किसानों ने एक बड़ा आन्दोलन किया जिसमें कई किसान शहीद हुए। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे पूर्वजों के अथक संघर्षो के बाद मिली है। हम सभी को इसका महत्व समझना चाहिए। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी की कीमत हम सबको समझनी चाहिए। हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान का सम्मान करना चाहिए। शहीद श्रद्धांजलि समारोह



का आयोजन 07 जनवरी 2026, को पूर्वान्ह 11:30 बजे शहीद स्मारक स्थल मुंशीगंज में मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अमर शहीदों को जिलाधिकारी/गणमान्य नागरिकों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पण कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस अवसर पर सीडीओ अंजूलता, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम( न्यायिक) विशाल यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, पीडी डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार व अनिल कुमार मिश्रा अध्यक्ष जिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, अमित मिश्रा, शिव नारायण मिश्रा, अनूप कुमार मिश्र, पीके शर्मा, जीसी सिंह चौहान, मो. उमर, पूनम तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारी आदि लोगों उपस्थित रहे।

## युवाओं को मतदाता बनाने के लिए स्वीप कार्यक्रम का शुभारंभ

**सलोन, रायबरेली।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को मतदाता बनाने के लिए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 6 फरवरी 2026 तक चलने वाले कार्यक्रम का सलोन विधानसभा में सर्वोदय इंटर कॉलेज सभागार में एसडीएमचंद्रप्रकाश गौतम के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में सभी शिक्षक एवं बच्चे मिलकर सहयोग करें जिससे गांव-गांव घर-घर तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को मतदाता सूची में शामिल कराया जा सके।

## संक्षेप

### तमंचा सहित गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस ने चेकिंग के दौरान आने जाने वाले लोगों पर गलत फब्तियां कसने वाले एक अभियुक्त को तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। एसएसपी द्वारा जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना टूण्डला प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम उ0नि0 शैलेन्द्र शर्मा मय उ.नि.सावन कुमार मय हमराह का.भूरी सिंह गौरव कुमार के द्वारा चैकिंग के दौरान जरौली बम्बा से एक व्यक्ति शोएब अमीर पुत्र अमीरूद्दीन निवासी हाजीपुरा थाना रसूलपुर को गिरफ्तार किया,जो आने जाने वालो को देखकर फवत्तिया कस रहा था जिसके पास से एक तंमचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### सेवानिवृत आर्मी कैप्टन गिरधारी लाल का हुआ भव्य स्वागत

**मथुरा।** जनपद मथुरा के औरंगाबाद क्षेत्र के निवासी आर्मी कैप्टन गिरधारी लाल जी 29 सालों तक भारतीय सेना में योगदान देने के बाद सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत होने के बाद प्रथम बार गांव पहुंचने पर क्षेत्रीय वासियों ने फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया , कई किमी तक बैंड-बाजे के साथ देश भक्ति धुन गाते गुनगुनाते हुए लोग पैदल चले। 29 वर्षों तक भारतीय सेना में योगदान के दौरान उन्होंने अपनी विशिष्ट सेवा दी। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण सैन्य अभियान में भी शामिल रहे। इनकी पुत्री सरिता सिंह भी उत्तर प्रदेश पुलिस में सहायक उप निरीक्षक के पद पर देश सेवा में अपना योगदान दे रही हैं। मीडिया से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि देश की सेवा करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा गौरव का विषय रहा है। युवाओं को अनुशासन, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए और राष्ट्रप्रथम की भावना को हृदय में अग्रज रखकर अपने कत्र्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। मां विद्या देवी और पिता अमर सिंह का आशीर्वाद लिया और सभी नाते-रिश्तेदारों व क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया।

### दशभुजी गणेश मंदिर पर श्रद्धा से मना सकट चतुर्थी महोत्सव

**मथुरा।** महानगर के चैबिया पाड़ा में विराजमान महागणपति दशभुजी गणेश का सकट चतुर्थी महोत्सव श्री दशभुजी गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार 6 जनवरी 2026 को श्रद्धा एवं विधि विधान के साथ मनाया गया। महोत्सव का आयोजन श्रीजी पीठाधीश्वर 108 श्री ठाकुरजी बाबा महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा ( कपिल बाबा ) द्वारा मध्याह्न काल में महागणपति का दूध दही घी शहद एवं बूरा से पंचामृत महाभिषेक कराया गया। अभिषेक के उपरांत गणपति विग्रह का षोडशोपचार पूजन किया गया तथा तिल द्वारा सहस्त्रार्चन संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात भगवान गणेश का दिव्य श्रृंगार कर उन्हें पुष्प बंगला धारण कराया गया जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। रात्रि काल में श्रीजी पीठाचार्य मनीष बाबा द्वारा आरती एवं पुष्पांजलि अर्पित कर सकट चतुर्थी महोत्सव को विश्राम दिया गया। इस अवसर पर मनीष चतुर्वेदी कुलदीप चतुर्वेदी दीपक जमुना चतुर्वेदी भैया चतुर्वेदी सहित अनेक श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# भतीजे ने की सराफा की हत्या




- ऑनलाइन सट्टेबाजी 35 लाख हारने वाले भतीजे ने फूफा की हत्या कर घर में की थी करोड़ों की लूट

**मथुरा।** गोविंद नगर पुलिस ने चांदी कारोबारी की हत्या करने के मामले में भतीजे को गिरफ्तार किया है। उसने गेमिंग एप पर 35 लाख रुपए हारने के बाद वारदात को अंजाम देने का षड्यंत्र रचा था। उसके पास से 45 किलो 946 ग्राम चांदी (कीमत लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये) 19.59 ग्राम सोना (कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये) 18 हजार रुपये नगद घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। कुल बरामदगी की कीमत लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये बताई गई है। आरोपी की पहचान गोविंद नगर के गुरु कृपा संगम निवासी ललित उर्फ रितेश के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस आशय की जानकारी आज पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी, सीओ सिटी ने दी है।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि विगत 4 रविवार की रात तेलीपाड़ा, लाल दरवाजा नि. 50 वर्षीय सतीश चंद्र गर्ग की अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर घर से सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और मोबाइल फोन लूट लिया गया। सोमवार को घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी द्वारा छह अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच एवं गोपनीय सूचनाओं के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जिसमें एक संदिग्ध की भूमिका सामने आई। 6 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे पुलिस टीम ने हनुमान मंदिर के पास वृंदावन-मथुरा रोड से लाला उर्फ रितेश पुत्र बाबूलाल अग्रवाल निवासी गुरुकृपा संगम, थाना गोविंदनगर, मथुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में लाला उर्फ रितेश ने बताया कि मृतक सतीश चंद्र गर्ग उसका सगा फूफा था। वह ऑनलाइन सट्टेबाजी साइट पर जुए का आदी था और लगातार हार के कारण उस पर करीब 35 लाख रुपये का कर्ज हो गया था। कर्ज चुकाने और धन प्राप्त करने के लालच में उसने अपने फूफा की हत्या की योजना बनाई। अभियुक्त ने बताया कि एक दिन पहले उसने हत्या के लिए सुआ नुमा हथियार खरीदा था। वह स्कूटी से मृतक के घर पहुंचा और बातचीत के दौरान मौका पाकर सुआ से कनपटी पर वार कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद वह घर से चांदी, सोना, नगदी और मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। लूटे गए माल को ठिकाने लगाने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 45 किलो 946 ग्राम चांदी (कीमत लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपये) 19.59 ग्राम सोना (कीमत लगभग 2.5 लाख रुपये) 18 हजार रुपये नगद घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की है। कुल बरामदगी की कीमत लगभग 1 करोड़ 25 लाख रुपये बताई गई है।

## मथुरा जंक्शन पर सर्राफ को लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**मथुरा।** पुलिस की वर्दी पहनकर बदमाशों ने मथुरा जंक्शन पर सर्राफ कारोबारी से लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कारोबारी से सवा सात लाख की चांदी व नकदी लूटने के साथ अपहरण का भी प्रयास किया लेकिन शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमें गठित कर कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस ने मंगलवार तड़के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया।

जानकारी के अनुसार हाथरस जिले के थाना सादाबाद क्षेत्र के गांव गोपुरा निवासी योगेश कुमार सराफ कारोबारी हैं। वह 4 जनवरी को चांदी के कारोबार के सिलसिले में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा गए थे। वहां चांदी की पायल बेचकर तीन किलो 282 ग्राम कच्ची चांदी और 75 हजार रुपये नकद लेकर पातालकोट एक्सप्रेस से मथुरा लौट रहे थे। सोमवार रात करीब ढाई बजे वह मथुरा जंक्शन के गेट नंबर 3 से बाहर निकलकर ऑटो स्टैंड की ओर बढ़े तभी वहां खड़ी नीले रंग की बलेनो कार के पास पुलिस वर्दी में खड़े दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने गाली-गलौच करते हुए कारोबारी पर गांजा बेचने का आरोप लगाया और चांदी व नकदी से भरा बैग छीन लिया। इसके बाद पुलिसकर्मी बने बदमाश जबरन उन्हें कार में बैठाने लगे। कार की पिछली सीट पर योगेश ने अपने गांव के परिचित रोहित और गोपाल कृष्ण को सभागार मथुरा पुलिस बैठे देखा। पीड़ित के अनुसार रोहित को पहले ही फोन पर यह जानकारी दे दी गई थी कि वह चांदी बेचकर मथुरा लौट रहा है जिसके बाद पूरी साजिश रची गई। शोर मचाने पर आरोपी चांदी और नकदी लेकर कार से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद व दो अज्ञात वदीर्धारी बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी श्लोक कुमार ने तीन पुलिस टीमें गठित कीं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश करते हुए मंगलवार सुबह कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने घेराबंदी कर रोहित पुत्र हरवीर गोपाल कृष्ण पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम पचावरी थाना सादाबाद हाथरस तथा नरेंद्र पुत्र शिवराम निवासी जमुनापार मथुरा को माल गोदाम रोड से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से 2 किलो 452 ग्राम सफेद धातु 60 हजार रुपये नकद दो तमंचे एक काला बैग तथा घटना में प्रयुक्त बलेनो कार बरामद की है। एसएसपी द्वारा गठित टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू थाना कोतवाली, उनि राकेश कुमार प्रभारी एसओजी टीम, व उनि सुनील कुमार जोशी थाना कोतवाली आदि शामिल है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों विधायक ने प्रमाण पत्र वितरित किये



**टूंडला।** खंड विकास कार्यालय टूंडला में मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान 108 चयनित लाभार्थियों के खातों में पहली किस्त के रूप में 40 हजार रुपये की राशि भेजी गई। कुल 176 लाभार्थियों का चयन मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक प्रेमपाल धनगर ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपते हुए बताया कि यह योजना विधवाओं दिव्यांगों और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए है। सरकार आवास निर्माण के लिए कुल 1 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि अलग-अलग किस्तों में सीधे लाभार्थी के खाते में भेजती है। इसके अतिरिक्त मनरेगा मजदूरी के रूप में 22 हजार रुपये और शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की जाती है। विधायक ने यह भी बताया कि पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत और उज्ज्वला गैस कनेक्शन जैसी अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलता है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतीश धनगर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में 2280 लाभार्थियों के नाम शामिल हैं, जिन्हें जल्द ही आवास आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम के दौरान बड़ा कुआं निवासी एक दिव्यांग महिला ने प्रधानमंत्री आवास सूची में अपना नाम न होने की शिकायत की। विधायक ने तत्काल खंड विकास अधिकारी को महिला का नाम सूची में दर्ज करने के निर्देश दिए। कुछ अन्य लाभार्थियों ने राशन और आयुष्मान कार्ड न होने की शिकायतें भी दर्ज कराईं। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ प्रभात रंजन ने किया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र एडीओ आईएसबी अनिल कुमार बघेल एडीओ पंचायत इंद्रलता तोमर एडीओ संगीता यादव, सचिव अनिल रजक मुकुल शर्मा भावना वर्मा श्याम सुंदर और रजनेश यादव सहित कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एआरटीओ ने नो हेल्मेट-नो फ्यूल अभियान के सड़क सुरक्षा नियमों से ड्राइवरों को किया जागरूक



**मथुरा।** सीएम द्वारा 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह बनाये जाने के निर्देश दिये। उक्त माह को जीरो फेटेलिटी माह के रूप में बनाया जाना है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंगलवार एआरटीओ राजेश राजपूत द्वारा जनपद के विभिन्न पेट्रोल पंपो पर नो हेल्मेट-नो फ्यूल का अभियान चलाया। उन्होनें जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों से अनुरोध किया कि कार्यालय में आने वाले समस्त कर्मचारी तथा आगुंतको को नो हेल्मेट-नो फ्यूल योजना का शत प्रतिशत पालन कराया जाये। इसी क्रम में एआरटीओ राजेश राजपूत के निर्देशन संदीप चैधरी, यात्रीकर अधिकारी तथा पूजा सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा छाता क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्रो में टेम्पो ड्राइवरों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया तथा अपने वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी बिठा करा/लटका कर यात्रा न करने एवं वैध प्रपत्र पूर्ण होने के उपरांत ही वाहन को मार्ग पर संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। एआरटीओ ने जिला पंचायतीराज अधिकारी से यह अनुरोध किया है कि वे अपने अधीनस्थ समस्त खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायतों के प्रधान को अपने स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन एवं जागरूकता अभियान जैसे बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल का प्रयोग न करने, ड्रंकन डाइविंग न करने, बिना इंटिकेटर के लेन बदलना, ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर पट्टी लगवा कर ही मार्ग पर संचालित करें।

# गलत इंजेक्शन लगने से महिला की मौत

- आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में जमकर की तोड़फोड़
- कर्मचारी को बंधक बनाकर ले गए साथ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में एटा रोड चौमुखी महादेव मंदिर के समीप बने माया क्लिनिक एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर में एक महिला में खून की कमी होने पर इंजेक्शन लगाने के बाद हालत बिगड़ गई। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए प्राइवेट ट्रामा सेंटर ले गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने हॉस्पिटल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान मृतिका के परिजनों ने वहां मौजूद कर्मचारी को एम्बुलेंस में डालकर कही ले गए। तोड़फोड़, मारपीट, कर्मचारी को अगवा करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद भेज दिया।

तबस्सुम पत्नी शाहरुख निवासी कटरा मीरा तीसरी बार गर्भवती हुई थी। महिला को उसके परिजन चौमुखी महादेव मंदिर के पास स्थित माया क्लिनिक ले गए। डॉक्टर लीना गुप्ता ने बताया कि महिला के ब्लड की कमी के चलते ब्लड बढ़ाने के लिए एक इंजेक्शन दिया। उसके बाद उसे अपने घर ले गए। कुछ देर बाद ही महिला की हालत बिगड़ गई। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए लीना गुप्ता के अस्पताल पर लेकर आए जहां उसकी और हालात बिगड़ने लगी जिसके परिजनों ने आक्रोश व्याप्त हो गया महिला के पति ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी जिसके बाद और लोग अस्पताल में आ गए और वहां पर अस्पताल में मौजूद कम्पोर्टर लवकुश निवासी बोझिया के साथ जमकर मारपीट की और उसके बाद महिला के परिजन एंबुलेंस में अपने साथ बंधक बनाकर ले गए कम्पोर्टर को अगवा कर ले गए जहा फिरोजाबाद स्थित ट्रामा सेंटर में डॉक्टर ने महिला और उसके पेट में बच्चे को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप था कि महिला की हालत ठीक थी। वह चेकअप कराने आए थे। डॉक्टर ने इंजेक्शन लगाते ही उसकी हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर मामले को शांत दिया। पुलिस ने मृतिका के परिजनों को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## भाकियू महाशक्ति ने आलू का समर्थन मूल्य 2500 रु. कुंतल घोषित करने की मांग की

**टूंडला।** तहसील क्षेत्र के गांव उत्तमगढ़ी में संजय पाठक के नेतृत्व में भाकियू महाशक्ति की पंचायत हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा.धर्मेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार से आलू किसानों के लिए आलू समर्थन मूल्य 2500 रुपए कुंतल कराकर आलू की सरकारी खरीद कराने की मांग की उन्होंने कहा कि लागत ज्यादा है रेट कम है किसान दिन पर दिन घाटे में जा रहा है इसलिए हमें पूर्ण विश्वास है जैसे मुख्यमंत्री ने गन्ना किसानों के लिए दिवाली का तोहफा दिया था ऐसे ही जरूर आलू का समर्थन मूल्य बढ़ाने का काम करेंगे इसी में संगठन का विस्तार करते हुए संजय पाठक जिला महामंत्री आनंद कुमार फौजी जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ डा. रविंद्र पाठक जिला प्रभारी डॉक्टर प्रकोष्ठ, शुघर सिंह जिला संयोजक,नमन पाठक जिला सचिव महेश कुमार सिंह तहसील संयोजक,राघवेंद्र शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नारखी,निहाल सिंह तहसील संगठन मंत्री ऋषि पाल सिंह तहसील संगठन महामंत्री, रविंद्र सिंह ग्राम प्रभारी अक्षय कुमार ग्राम अध्यक्ष बदनपुर,नरेश चौहान ग्राम अध्यक्ष नगला अनरुध, राम प्रकाश ग्राम संरक्षक, सतपाल सिंह तोमर तहसील उपाध्यक्ष, शेशपाल यादव तहसील संयोजक अशोक कुमार नगर संरक्षक टूंडला हरी बाबू ब्लॉक संयोजक, रामबरन सिंह ग्राम अध्यक्ष ममाई,सोनू ग्राम संयोजक आदि सहित सैकड़ो किसानों ने सदस्यता ग्रहण की जिसमें अशोक यादव व विरज क्षेत्र अध्यक्ष युवा, जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद नागेंद्र प्रताप, ठाकुर सुनील सिंह, बंटी सिंह लोधी, सुमित जादौन युवा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनूप यादव आदि उपस्थित रहे।

# जिले की 10 टीमों ने 49 उर्वरक दुकानों पर की छापेमारी




- 11 को नोटिस जारी, 05 लाइसेंस निलम्बित

**मथुरा।** जनपद की सभी तहसीलों/ विकास खण्डों में उप जिला मजिस्ट्रेट एवं कृषि/सहकारिता विभाग के अधिकारियों की टीम बनाकर सभी 10 विकास खण्डों में छापेमारी की गयी। इस समय प्रमुख रूप से यूरिया की बिक्री चल रही है। किसान यूरिया का उपयोग आलू एवं गेहूँ की फसल में टॉप ड्रेसिग के रूप में कर रहे हैं। 10 टीमों द्वारा जॉच रिपोर्ट दी गयी जिसमें 49 उर्वरक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें से 11 उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों पर अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है तथा 05 उर्वरक विक्रेताओं के उर्वरक प्राधिकार पत्र/लाइसेंस निलम्बित किये गये है, जिन सभी उर्वरक विक्रेताओ की उर्वरक आपूर्ति भी प्रतिबन्धित की गयी है।

इनके अलावा कई विक्रेताओं की जॉच की जा रही है, इस प्रकार के आकस्मिक छापे लगातार पड़ते रहेंगें। सभी थोक/खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को आगाह किया जाता है कि वह किसी भी दशा में यूरिया के साथ अन्य उत्पाद, जिंक/माइक्रोन्यूटियन्ट आदि की टैगिंग न करें तथा निर्धारित दरों पर ही यूरिया का विक्रय करें। यदि किसी विक्रेता द्वारा टैगिंग की गयी अथवा यूरिया अधिक दरों पर बिक्री की गयी तो संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं उर्वरक (कार्बनिक एवं अकार्बनिक) नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत नियमों के उल्लंघन में विधिक कार्यवाही की जायेगी। सभी खुदरा विक्रेता स्टॉक/रेट बोर्ड प्रतिदिन अध्यतन करें तथा अनिवार्य रूप से स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर पूर्ण करके बिक्री रजिस्टर में क्रेता कृषक का पूर्ण विवरण के साथ उसका मोबाइल नम्बर, खतौनी लें तथा 01 है0 क्षेत्रफल में अधिकतम 07 बैग/बोरी यूरिया का विक्रय करें। पॉस मशीन एवं भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक समान रहें। यदि पॉस मशीन के स्टॉक तथा भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक में भिन्नता निरीक्षण में पायी जाती है तो इसे कालाबाजारी मानते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए उर्वरक आपूर्ति बन्द करा दी जायेगी।

## शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**अमेठी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 नवम्बर 2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश के खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का पुनरीक्षण कराया गया था। इस क्रम में गोरखपुरझफैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन आज दिनांक 06 जनवरी 2026 को नियत स्थलों पर करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अन्तिम रूप से प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण संबंधित मतदेय स्थलों, तहसील कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय, अमेठी में निःशुल्क किया जा सकता है।

## डीएम ने एसआईआर के संबंध में की बैठक



**फिरोजाबाद।** डीएम व जिला निर्वाचन अधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के आलेख्य विशेष प्रागढ पुनरीक्षण एवं विधानसभा परिषद आगरा खंड स्नातक शिक्षक निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई, बैठक में एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा भी उपस्थित रहे, इस बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में नो मैपिंग से संबंधित डाटा को शत प्रतिशत सही किया जाना प्राथमिकता है, इस कार्य में सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटि रहित हो सके, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 20 वर्ष की आयु के ऐसे मतदाता जिनके नाम मतदाता सूची में त्रुटिपूर्ण ढंग से अंकित हो गए हैं या जिनमें कोई सुधार अपेक्षित है, उनसे फॉर्म 8 भरवाया जाए, नई मतदाताओं के लिए फॉर्म 6 भरवाए जाएं, इसका उद्देश्य युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना और डाटा की शुद्धता को बढ़ावा देना है, साथ ही जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराया की 6 जनवरी से 6 फरवरी तक प्राप्त होने वाले सभी दावा और आपत्तियों के निस्तारण का समय निर्धारित किया गया है, इस अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों की गहन जांच कर उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, डीएम ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वह हरमतदेय स्थल पर अपने बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से करें, यह एजेंट बी एल ओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने और पात्र व्यक्तियों के नाम सम्मिलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया की निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव के लिए एक शुद्ध मतदाता सूची आधारशिला है, उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया।

## मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी तथा समस्त महिला उपनिरीक्षक संग साथ एसपी ने की समीक्षा गोष्ठी




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा श्लोक कुमार के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के द्वारा जनपद के समस्त 22 मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी तथा समस्त महिला उपनिरीक्षक व महिला बीट पुलिस कर्मियों के साथ समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। वही वीडियो फिल्म्स के माध्यम से पुलिस कर्मियों को नवीनतम प्रावधानों के बारे जागरूक किया। मिशन शक्ति की क्रियाशीलता को और अधिक सक्रिय किए जाने हेतु प्रेरित किया गया स छात्राओं के स्कूल/ कोचिंग स्थलों से आवागमन के मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे का कवरेज चिन्हित किए जाने तथा छेड़खानी इत्यादि के हॉटस्पॉट को चिन्हित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# एसआईआर अभियान के तहत डीएम ने दिलायी शपथ




**मथुरा।** बीएसए कॉलेज के सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन के संबंध में कार्यक्रम हुआ संपन्न। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी / डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी सदर अभिनव जे जैन, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार सहित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन की 2 प्रतियां (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी) भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी आदि के जिलाध्यक्षों को प्रदान की। कार्यक्रम में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मतदाता शपथ ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत आज दिनांक 6 जनवरी 2026 को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन हुआ है। 6 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 6 जनवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 मार्च 2026 को किया जाएगा। डीएम ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया है कि मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन का पूर्ण मिलान / अध्ययन करले। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी 2026 तक मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियों प्रस्तुत कर सकते है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 के मध्य सभी मतदान केन्द्रों पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी। अपने मोबाइल में वोटर हेल्प लाइन ऐप डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भरे, मतदाता सूची से नाम हटवाने या गलत प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए फॉर्म-7 भरे तथा मतदाता का नाम, पता, जन्मतिथि, लिंग या फोटो में हुई गड़बड़ी हटाने के लिए फॉर्म-8 भरे। कार्यक्रम में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में बसपा से मुनेन्द्र सिंह निगम एवं प्रेम प्रकाश, समाजवादी पार्टी से वीरेंद्र यादव एवं प्रदीप चैधरी, कांग्रेस से आदित्य तिवारी, मुकेश धनगर, मनोज गौड़ एवं विक्रम बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## डीएम ने मक्खनपुर नगर पंचायत और गौ शाला का निरीक्षण किया

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी ने नगर पंचायत मक्खनपुर कार्यालय व गौ शाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय की कार्य प्रणाली और विकास कार्यों में अनियमिताएं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को फटकार लगाई, जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कार्यालय के मीटिंग हॉल को बारीकी से निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए की मीटिंग हॉल की क्षमता को बढ़ाते हुए कम से कम 100 लोगों की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए, निरीक्षण के दौरान मीटिंग हॉल में रखे फर्नीचर की गुणवत्ता खराब पाई गई, जिलाधिकारी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए फर्नीचर खरीद प्रक्रिया और गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए, यहां पर राजस्व कर की समीक्षा के दौरान वॉटर टैक्स और हाउस टैक्स की वसूली की स्थिति अत्यंत खराब मिली, जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया की वसूली में लापरवाही बरतने वाले पटल सहायकों की जिम्मेदारी तय की जाए, और शत प्रतिशत वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कार्यों को समय से और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दियेनिरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और टैक्स वसूली के लक्ष्य को पूरा नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी वही जिलाधिकारी ने मक्खनपुर नगर पंचायत के ग्राम जरौली में स्थित कान्हा गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने गोवंश के रखरखाव, चारे की उपलब्धता और शीत लहर के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## संक्षेप

### एमजी विंडसर रही अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार

बंगलुरु। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की एमजी विंडसर साल 2025 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार बन गई है। एमजी विंडसर ने ऑटोमोटिव बाजार में काफी मजबूत मूल्य प्रस्ताव पेश किया है तथा यह अपने सेगमेंट में मार्केट लीडर के रूप में स्थापित हो गई है। साल 2025 में इस कार की 46,735 यूनिटें बिकी हैं। एमजी विंडसर ने सफलता का एक ऐसा मानक स्थापित कर दिया है, जो इससे पहले भारत के इलेक्ट्रिक कार बाजार में अभी तक कोई भी ऑटो निर्माता कंपनी हासिल नहीं कर पाई है। विंडसर आधुनिक समय का एक बेहतरीन ऑटोमोटिव चमत्कार है, जिसकी टेक्नोलॉजी तथा व्यवहारिक और भविष्य पर केंद्रित डिजाइन ने इलेक्ट्रिक कारों के सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं। इसने इलेक्ट्रिक कारों की खरीद को बढ़ाने में बहुमूल्य योगदान दिया है। शंका के कारण इलेक्ट्रिक कार खरीदने में विलंब कर रहे लोगों ने विश्वास के साथ यह कार खरीदी है।

### लॉर्ड्स मार्क 153 यूएस एफडीए-लिस्टेड उत्पादों के साथ पहली भारतीय कंपनियों में शामिल

नई दिल्ली। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ऐसा करने वाली यह भारत की पहली कंपनियों में से एक है, जिसने भारतीय मेडिकल डिवाइस बनाने वाली कंपनियों के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया है। यूएस एफडीए-लिस्टेड पोर्टफोलियो में ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज शामिल है, जिसमें ऑर्थोपेडिक ब्रेसिज, स्पाइनल और सर्वाइकल सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड घुटने और टखने के ब्रेसिज, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड कम्प्रेशन स्टॉकिंग्स, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड हर्निया बेल्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड इलास्टिक घुटने का सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड ऑर्थोसिस सॉफ्ट और हार्ड सर्वाइकल कॉलर, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड चिन सपोर्ट बेल्ट, लॉर्ड्स जॉयक्लिप्स डिसइंफेक्टेंट और क्लींजिंग वाइप्स, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड टेनिस एल्बो सपोर्ट, लॉर्ड्स मैजिक इलास्टिक एडहेसिव बैंडेज, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड एब्डोमिनल सपोर्ट, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड एआरएस पैड, लॉर्ड्स एक्टिवगार्ड ट्रैवल नेक पिलो और सर्जरी के बाद के रिहैबिलिटेशन प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जो कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं की गहराई और विविधता को दर्शाते हैं। यह मील का पत्थर रेगुलेटरी पहचान से कहीं ज़्यादा है।

### कॉन्सर्ट्स और म्यूजिक फेस्टिवल्स तय कर रहे हैं जेन जेड की ट्रैवल प्लानिंग

नयी दिल्ली। म्यूजिक अब युवा भारतीयों की यात्रा की दिशा तय कर रहा है। एयरबीएनबी की अनुभव-आधारित ट्रैवल इन साइट्स के अनुसार, जेन जेड अब लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स के इर्द-गिर्द अपनी यात्राओं की योजना बना रहे हैं। यह उनके लिए नए शहरों को एक्सप्लोर करने का जरिया बन रहा है जहां वे सिर्फ इवेंट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कुछ दिन ठहरते भी हैं और स्थानीय इलाकों को तसल्ली से जानते-समझते हैं। नई पीढ़ी यात्रा के फैसले अब सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर लेती है लाइव इवेंट्स और आईआरएल (इन-रियल-लाइफ) अनुभव यह तय कर रहे हैं कि वे कहां जाएं, किसके साथ यात्रा करें और गंतव्य के साथ कितनी गहराई से जुड़ें। म्यूजिक कॉन्सर्ट्स और फेस्टिवल्स में बढ़ती दिलचस्पी ने एक नए तरह के ट्रैवलर को जन्म दिया है–जो संगीत को नए गंतव्यों की खोज का जरिया मानता है।

### हिंदी जी5 की डॉक्यू-सीरीज हनीमून से हत्या लॉन्च

बंगलुरु। जी5 अपनी नई सच्ची अपराध डॉक्यू-सीरीज हनीमून से हत्या के लॉन्च की घोषणा करता है, जो 9 जनवरी 2026 को प्रीमियर होगी। यह सीरीज असली घटनाओं पर आधारित है, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की, यह सिर्फ सुर्खियों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सवाल उठाती है औरतें हत्या क्यों करती हैं? हनीमून से हत्या उन शादियों की कहानी बताती है, जो शुरुआत में खुशहाल लग रही थीं लेकिन बाद में हिंसा में बदल गईं, यह सीरीज उन भावनात्मक, सामाजिक और मानसिक वजहों को समझने की कोशिश करती है, जिनकी वजह से ये महिलाएं ऐसे काम कर बैठीं, जिसने पूरे देश को चौंका दिया। बिना सनसनी फैलाए, या कोई फैसला सुनाए, सीरीज असली घटनाओं को वैसे ही दिखाती है जैसे वो हुईं, और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है कि बंद दरवाजों के पीछे की जटिल हकीकतें क्या हैं।

# सेंसेक्स में 376 अंकों की गिरावट




मुंबई। एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 376 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी करीब 72 अंक फिसल गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, भारत पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी से निवेशक सतर्क हो गए और कारोबारी धारणा प्रभावित हुई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक यानी 0.44 प्रतिशत टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 539.52 अंक तक लुढ़ककर 84,900.10 अंक पर आ गया था। वहीं, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 71.60 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 26,178.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयर में 8.62 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर तिमाही में कंपनी की राजस्व वृद्धि के आंकड़े निवेशकों को उत्साहित करने में नाकाम रहे हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.42 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 36.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। इसके उलट घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,764.07 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद की। बाजार पर दबाव का एक कारण अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान भी रहा। उन्होंने कहा है कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीद जारी रखने से वह खुश नहीं हैं और अमेरिका भारत पर शुल्क को बहुत जल्द बढ़ा सकता है। इस बीच, एक सर्वेक्षण ने दिसंबर में देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर धीमी पड़ने की बात कही है। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज का खरीद प्रबंध सूचकांक नवंबर के 59.8 से घटकर दिसंबर में 58.0 रह गया, जो 11 महीनों का सबसे निचला स्तर है। इस तरह कारोबारी भरोसा करीब साढ़े तीन साल के निचले स्तर पर पहुंच गया। यूरोपीय बाजारों में मिला-जुला रुख रहा, जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.28 प्रतिशत चढ़कर 61.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सोमवार को भी घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# रुपया 12 पैसे चढ़कर 90.18 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये की विनिमय दर में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर मंगलवार को विराम लगा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे चढ़कर 90.18 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट के बीच रुपया मजबूत हुआ है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और अमेरिका तथा वेनेजुएला के बीच तनाव ने घरेलू मुद्रा में तेज बढ़त पर अंकुश लगाया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.22 पर खुला और 90.08 से 90.25 के दायरे में कारोबार करने के बाद 90.18 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 12 पैसे अधिक है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे टूटकर 90.30 पर बंद हुआ था। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच भू-राजनीतिक तनाव से वैश्विक बाजारों में उपजे जोखिम से बचने के रुख के कारण रुपये में गिरावट जारी रहने का अनुमान है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा कि हालांकि, कमजोर डॉलर के साथ अमेरिकी आर्थिक आंकडें नरम रहने के बीच केंद्रीय बैंक के किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.06 प्रतिशत टूटकर 98.21 पर रहा। अमेरिकी आईएसएम विनिर्माण पीएमआई आंकड़ा उम्मीद से कम रहने से डॉलर सूचकांक में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.47 प्रतिशत चढ़कर 62.05 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर जबकि निफ्टी 71.60 अंक की गिरावट के साथ 26,178.70 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 36.25 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## सीसीआई ने दो कंपनियों को रक्षा निविदाओं में साठगांठ कर बोली लगाना बंद करने को कहा

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने रक्षा खरीद निविदा में साठगांठ कर बोली लगाने का दोषी पाए जाने के बाद लुधियाना स्थित दो कंपनियों को प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिया है।

यह कार्यवाही आयुध सेवा महानिदेशालय की आयुध शाखा के मास्टर जनरल के सीपी सेल द्वारा अधिनियम की धारा 19(1)(बी) के तहत दायर एक अपील के बाद की गई। इसमें आरोप लगाया गया था कि लुधियाना स्थित कंपनियों केकेके मिल्स और संकेश्वर सिंथेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड ने एक समझौते किया है जिसके परिणामस्वरूप ऊनी अंडरपैंट की खरीद के लिए निविदा में मिलीभगत से बोली लगाई गई। सोमवार को जारी बयान के अनुसार, मौजूद साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने पाया कि समान कीमतों का उद्धरण, वित्तीयावाणिज्यिक बोलियां प्रस्तुत करने का समय और समान पूर्व आचरण से मिलीभगत साबित होती है जो अधिनियम की धारा 3(1) के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 3(3)(डी) का उल्लंघन करती है। केकेके मिल्स एक साझेदारी कंपनी है जबकि संकेश्वर सिंथेटिक्स एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। सीसीआई ने कहा कि केकेके मिल्स के साझेदार और संकेश्वर सिंथेटिक्स के निदेशक भी अधिनियम की धारा 48 के तहत उत्तरदायी हैं।

## सोना बढ़कर 141500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



नयी दिल्ली। दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मजबूत वैश्विक रुख के साथ सोने के दाम में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

सोमवार को, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा संघ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मंगलवार को सोने में बढ़त जारी रही। इसे कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम टिप्पणियों का समर्थन मिला, जिससे आने वाले महीनों में ब्याज दरों में संभावित कटौती को लेकर बाजार की उम्मीदों को बल मिला। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 7,000 रुपये बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) हो गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 11.45 डॉलर यानी 0.26 प्रतिशत बढ़कर 4,460.49 डॉलर प्रति औंस हो गया। ...भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने की वजह से हाजिर सोना बढ़त के साथ लगभग 4,460 डॉलर प्रति औंस पर रहा। विदेशी कारोबार में हाजिर चांदी भी मजबूत हुई। यह 1.75 डॉलर यानी 2.28 प्रतिशत बढ़कर 78.36 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं की क्षमता 2026 में 10 गुना होकर पांच गीगावाट पहुंचने का अनुमानः आईईएसए

नयी दिल्ली। देश में बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता में इस साल करीब 10 गुना वृद्धि होगी जिससे यह 2025 के 507 मेगावाट से बढ़कर पांच गीगावाट पर पहुंच जाएगी। मंगलवार को जारी इंडिया एनर्जी स्टोरेज एलायंस (आईएसई) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई।

रिपोर्ट के अनुसार, जहां 2025 अभूतपूर्व निविदा गतिविधि से परिभाषित था वहीं 2026 वह वर्ष होगा जब उद्योग परिचालन रूप से खुद को साबित करेगा क्योंकि 2023 के मध्य से दी गई निविदाओं के अंततः 18-24 महीनों की विशिष्ट परियोजना समयसीमा के साथ चालू परिसंपत्तियों में तब्दील हो जाएगी। इस अध्ययन पर आईईएसए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि भारत का ऊर्जा भंडारण क्षेत्र 2026 में एक परिवर्तनकारी उछाल के लिए तैयार है जिसमें बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता में वृद्धि 2025 में 507 मेगावाट से लगभग 10 गुना बढ़कर लगभग पांच गीगावाट (5,000 मेगावाट) तक होने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि कि 2026 एक महत्वपूर्ण मोड़ है क्योंकि उद्योग निविदा प्रक्रिया से कार्यान्वयन की ओर अग्रसर है जिसमें 60 गीगावाट की परियोजनाएं कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर रही हैं, जबकि 2025 में संचयी क्षमता में 84 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# राष्ट्रीय राजमार्गों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या



नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल नेटवर्क संपर्क में सुधार के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) से तत्काल हस्तक्षेप का आह्वान किया है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की एजेंसी द्वारा किए गए एक व्यापक मूल्यांकन के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर लगभग 1750 किलोमीटर में फैले 424 स्थानों को मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों के तौर पर चिह्नित किया गया है। इसमें कहा गया, राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्याओं की पहचान करते हुए, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने दूरसंचार विभाग (डीओटी) और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है ताकि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को राष्ट्रीय राजमार्गों के कई हिस्सों, खासकर नए एवं दूरस्थ खंडों पर मोबाइल नेटवर्क संपर्क की अनुपलब्धता को दूर करने के लिए उचित निर्देश जारी किए जा सकें। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के सार्वजनिक सुरक्षा निहितार्थों एवं रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए एनएचएआई ने कहा कि उसने देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों पर मोबाइल नेटवर्क संपर्क में सुधार के लिए एक त्वरित एवं समन्वित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। इसमें कहा गया, इन स्थानों के बारे में विस्तृत जानकारी संकलित कर ली गई है और आवश्यक कार्वाई के लिए दूरसंचार विभाग और ट्राई के साथ औपचारिक रूप से साझा की गई है। एनएचएआई ने कहा कि चूंकि राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारे दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरते हैं, इसलिए इन खंडों पर विश्वसनीय मोबाइल नेटवर्क संपर्क की कमी राष्ट्रीय राजमार्ग संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र एवं प्रौद्योगिकी-सक्षम सार्वजनिक सेवाओं के वितरण को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। इसके अलावा, एनएचएआई ने कहा कि उसने ट्राई से अनुरोध किया है कि वह दूरसंचार संचालकों को भौगोलिक रूप से चिह्नित दुर्घटना-संभावित स्थानों पर सक्रिय एसएमएस या फ्लैश एसएमएस अलर्ट प्रसारित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करे, जिसमें आवारा पशुओं की आवाजाही और अन्य चिह्नित खतरों से प्रभावित क्षेत्र शामिल हैं।

## देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधि में दिसंबर में नरमी



नयी दिल्ली। देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में दिसंबर में गिरावट दर्ज की गई। नए कारोबार एवं उत्पादन में विस्तार की दर 11 महीनों में सबसे धीमी रही और कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती से परहेज किया। मंगलवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक नवंबर के 59.8 से दिसंबर में 58.0 पर आ गया। यह जनवरी के बाद से सबसे धीमी विस्तार दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण के अनुसार, कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी रहीं लेकिन समग्र भावना लगभग साढ़े तीन वर्ष में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्र कार्यकारी निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा कि दिसंबर में भारत के सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन 2025 के अंत में कई सर्वेक्षण संकेतकों में आई गिरावट नए साल में वृद्धि की गति में नरमी का संकेत दे सकती है। बाह्य मांग के संदर्भ में सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने एशिया, उत्तरी अमेरिका, पश्चिम एशिया तथा ब्रिटेन से मांग में वृद्धि दर्ज करते हुए एक और सुधार देखा। नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के अनुसार, कीमतों के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत और उत्पादन शुल्क में मामूली वृद्धि हुई। इस बीच, भारतीय सेवा कंपनियां 2026 में व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि को लेकर आश्वस्त दिखीं लेकिन बाजार में बढ़ती अनिश्चितता एवं विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को लेकर चिंताओं के बीच सकारात्मक भावना का समग्र स्तर लगातार तीसरे महीने घटकर लगभग साढ़े तीन वर्ष में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया।

## पेज एक का शेष

### आवारा कुत्तों पर

मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारी की तीन-न्यायाधीशों वाली विशेष पीठ बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सात नवंबर को आवारा कुत्तों को उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। न्यायालय ने यह भी कहा कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा जहां से उन्हें पकड़ा गया था। न्यायालय ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया।

### यूपी में एसआईआर

आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 46.23 लाख मतदाता (2.99 प्रतिशत) मृत पाए गए, जबकि 2.57 करोड़ मतदाता (14.06 प्रतिशत) या तो स्थायी रूप से बाहर चले गये थे या प्रमाणन की प्रक्रिया के दौरान मौजूद नहीं थे। वहीं, 25.47 लाख अन्य मतदाताओं का नाम एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत पाया गया। उन्होंने कहा मसौदा मतदाता सूची में अब 12.55 करोड़ मतदाता हैं और इसमें राज्य के सभी 75 जिले और 403 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। रिणवा ने बताया कि इस काम में एक लाख 72 हजार 486 बूथ शामिल किये गये थे। इनमें बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फार्म भरवाने के लिये मतदाताओं तक पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 5,76,611 बूथ स्तरीय एजेंटों ने भी इस काम में मदद की। सीईओ ने बताया कि प्रदेश में एसआईआर की कवायद मूल रूप से 11 दिसंबर को खत्म होने वाली थी लेकिन लगभग दो करोड़ 97 लाख मतदाताओं के नाम मसौदा सूची से बाहर हो रहे थे जिसके बाद 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा गया। इसके मद्देनजर निर्वाचन आयोग की मंजूरी से एसआईआर प्रक्रिया की अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ा दी गयी थी। रिणवा ने बताया कि शुरू में मसौदा मतदाता सूची जारी करने की तारीख 31 दिसंबर तय की गई थी लेकिन अपरिहार्य कारणों से बाद में इसे छह जनवरी कर दिया गया।

### निजी व्यावसायिक

विभाजन उत्तराधिकार कानून के तहत प्राप्त हिस्से के अनुपात में किया जाएगा। वाराणसी में बनने वाले 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए श्री शिव प्रसाद गुप्ता मंडलीय जिला चिकित्सालय परिसर में पहले से मौजूद 11 जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त किया जाएगा। मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। वाराणसी में 500 बेड का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन रहा है। यह अस्पताल 315 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनेगा। इसका निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा होगा। यह परियोजना 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार (लगभग 189 करोड़ रुपये) और 40 प्रतिशत राज्य सरकार (लगभग 126 करोड़ रुपये) से पूरी होगी। इस अस्पताल के बनने से वाराणसी ही नहीं पूर्वांचल के सभी जिलों के मरीजों को अत्याधुनिक और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेगी। इस अस्पताल के निर्माण के लिए श्री शिव प्रसाद गुप्ता मंडलीय अस्पताल परिसर में लंबे समय से जर्जर एवं निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त करके उस जगह को खाली किया जाएगा। फिर उस स्थान पर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा।

### वीबी-जी राम

रहे हैं। आदित्यनाथ ने इस कानून को गांव-केंद्रित विकास के लिए एक मील का पत्थर बताते हुए कहा, यह कानून वीबी-जी राम जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए लाया गया है। यह रोजगार की गारंटी देगा, आजीविका सुनिश्चित करेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का विरोध करने वालों को डर है कि ऐसे पारदर्शी सुधारों के समर्थन से उनकी पिछली नाकामियां उजागर हो जाएंगी। उन्होंने कहा, अगर जनता यह पूछने लगे कि जब वे सत्ता में थे तो ये कदम क्यों नहीं उठाए गए, तो उनकी सच्चाई सामने आ जाएगी।

आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि मनरेगा टिकाऊ संपत्ति बनाने में विफल रहा और फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी हाजिरी, मजदूरी के भुगतान में देरी, कमजोर सोशल ऑडिट और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से ग्रस्त था। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को अक्सर समय पर रोजगार और भुगतान से वंचित रखा जाता था, जबकि किसानों को बुवाई और कटाई के मौसम में मजदूरों की भारी कमी का सामना करना पड़ता था।

नए कानून के मुख्य प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिसमें श्रमिकों को साप्ताहिक भुगतान और देरी होने पर अनिवार्य मुआवजा शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर मांग पर काम नहीं मिलता है, तो अब बेरोज़गारी भत्ता एक कानूनी अधिकार बन गया है।

इस कानून का स्वागत करते हुए आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी और राजग का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सुधार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करेगा, किसानों और मज़दूरों को सशक्त बनाएगा और एक विकसित भारत के लिए एक मजबूत नींव रखेगा।

आदित्यनाथ ने कहा कि नया कानून किसानों और मजदूरों को सुरक्षा की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के हित खुदाई और भराई के कार्यों को बंद करने से प्रभावित हुए हैं वे स्वाभाविक रूप से इस सुधार से असहज हैं। कानून की रूपरेखा समझाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों की चार श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें से ग्राम प्रधान स्थानीय स्तर पर चयन कर सकेंगे। उन्होंने कहा, पहले मनरेगा के तहत टिकाऊसंपत्तियों का निर्माण बहुत कम होता था। अब पूरा ध्यान स्थायी संपत्तियों के निर्माण पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कानून इसलिए जरूरी था क्योंकि मनरेगा के दौरान अधूरी व अस्थायी परिसंपत्तियां बनीं, फर्जी जॉब कार्ड, फर्जी हाजिरी और भुगतान में कटौती जैसी शिकायतें हर जनपद से सामने आईं। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में हुए मनरेगा घोटाला हुआ था जिसकी सीबीआई जांच हुई। अतीत की कथित अनियमितताओं का जिक्र करते हुए आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी के शासनकाल के सोनभद्र मामले का हवाला दिया और कहा कि इसमें मनरेगा से जुड़े बड़े घोटाले पकड़े गए थे जिसकी सीबीआई जांच अब भी जारी है। उन्होंने कहा, पहले इस तरह की प्रथाएं व्यापक रूप से प्रचलित थीं। यह कानून उस संस्कृति का अंत करता है।

उन्होंने कहा कि नए ढांचे के तहत हर छह महीने में सोशल ऑडिट की जाएगी, जिसे डिजिटल प्रणालियों, समयबद्ध शिकायत निवारण और जिला स्तरीय लोकपालों के प्रावधान का समर्थन प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि नए अधिनियम में खेती के मौसम में मजदूरों की कमी न हो, इसके लिए राज्यों को बुवाई और कटाई के समय 60 दिन तक कार्य स्थगित करने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत पंचायतें स्थायी परिसंपत्तियां बना सकेंगी। ग्राम पंचायतें चार प्राथमिक श्रेणियों में कार्य तय करेंगी। जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चेक डैम, ग्रामीण सड़कें, नालियां, आजीविका से जुड़ी अवसंरचना, खेलमैदान, ओपन जिम, बाजार और मंडियों का निर्माण किया जा सकेगा। आपदा प्रबंधन और बाढ़ नियंत्रण से जुड़े कार्य भी इसी के तहत होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि कानून में छह माह में अनिवार्य सोशल ऑडिट, डिजिटल और समयबद्ध शिकायत निवारण, जिला लोकपाल और मानकों के अनुरूप ऑडिट की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केंद्रराज्य की साझेदारी 60:40 रहेगी और कार्य पूरी तरह मांग आधारित होगा।

### ट्रंप का

चाहिए। मिलर ने सोमवार दोपहर सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा, राष्ट्रपति कई महीनों से यह स्पष्ट करते आ रहे हैं कि अमेरिका वह देश होना चाहिए जिसके समग्र सुरक्षा तंत्र का ग्रीनलैंड हिस्सा हो।

### अंकिता भंडारी

भावनाओं को समझकर ही आगे की दिशा तय की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंकिता की हत्या केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं थी, बल्कि इस घटना ने पूरे उत्तराखंड की चेतना को झकझोर कर रख दिया। सरकार ने प्रारंभ से यह सुनिश्चित किया कि जांच और न्यायिक प्रक्रिया पूर्णतः स्वतंत्र, निष्पक्ष और किसी भी प्रकार के दबाव से मुक्त रहे। इसी उद्देश्य से महिला अधिकारी रेणुका देवी के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया, जिसने सभी तथ्यों, तकनीकी साक्ष्यों और परिस्थितियों की गहराई से पड़ताल की। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि एसआईटी द्वारा संकलित ठोस साक्ष्यों तथा राज्य सरकार की सशक्त कानूनी पैरवी के परिणामस्वरूप न्यायालय ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्पष्ट करता है कि उत्तराखंड में कानून सबके लिए समान है और अपराध करने वालों को किसी भी स्तर पर संरक्षण नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री धामी ने यह भी कहा कि रव्ळ की जांच की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर निचली अदालत के साथ-साथ उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने भी संतोष व्यक्त किया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि पूरी जांच प्रक्रिया तथ्यपरक, पारदर्शी और कानून के अनुरूप रही।

### बांग्लादेश में

की सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंची और दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नरसिंगदी सदर अस्पताल के शवगृह भेजा गया है।

### गरीब-मजदूर

कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिकाअदा कर रहे हैं।

बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते दिखे। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी गरीब परिवारों के लिए बेहद कठिन होती है। उनकी कोशिशजैसे-तैसे सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते- ठिठुरते हुए रात बिताने को विवश होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य है।




## बायें हाथ के स्पिनरों से निपटने के लिए कर रहे बल्लेबाजी का अभ्यास



नयी दिल्ली। भारत में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप की तैयारी कर रहे न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि बायें हाथ की उनकी बल्लेबाजी में सुधार से भविष्य में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें काफी मदद मिल सकती है।

लीक से हटकर खेलने के अंदाज के लिए मशहूर फिलिप्स ने पिछले मंगलवार को सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के खिलाफ न्यूजीलैंड सुपर स्मैश मुकाबले में ओटागो के लिए नाबाद 90 रन की पारी से प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने बायें हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ बायें हाथ के बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी करते हुए एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उसी सहजता से छक्का जड़ा, जैसा की वह अपनी नियमित दायें हाथ की बल्लेबाजी में करते हैं। वह इस शॉट के दौरान अगर अपने सामान्य दायें हाथ के स्टांस में होते तो गेंद मिडविकेट के ऊपर से निकल जाती। ईएसपीनक्रिकइंफो ने फिलिप्स के हवाले से कहा अभ्यास के दौरान मैं बायें हाथ की बल्लेबाजी का लुत्फ उठाता हूं।

उन्होंने कहा जाहिर है मैं इसे कई कारणों से करता हूं। एक तो, अपने दोनों हाथों और दिमाग के दोनों हिस्सों को सक्रिय रखने के लिए और दूसरा मेरा मानना है कि बायें हाथ के स्पिनर से निपटने का यह कारगर तरीका हो सकता है। आधुनिक क्रिकेट में बल्लेबाज से दूर जाती गेंद को अधिक कारगर माना जाता है।

## जम्मू कश्मीर ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी के साथ पहली बार जीता बीसीसीआई खिताब



सूरत। जम्मू कश्मीर की अंडर-16 टीम ने **विजय मर्चेंट** ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां मिजोरम को पारी और 182 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। यह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए बीसीसीआई के किसी टूर्नामेंट का पहला खिताब है। इस चार दिवसीय मुकाबले में जम्मू कश्मीर ने एक दिन शेष रहते जीत दर्ज की। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी पहली बार जीतने पर अंडर-16 क्रिकेट टीम को बधाई दी।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स हैंडल पर लिखा शानदार जीत और एक ऐतिहासिक बीसीसीआई खिताब। यह जम्मू-कश्मीर की उभरती क्रिकेट प्रतिभा को दर्शाती है। मैच में जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 300 रन की बढ़त हासिल की। मिजोरम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रन पर ऑलआउट हो गई थी, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 95.1 ओवर में 400 रन बनाये। कप्तान एस. खजूरिया ने जम्मू-कश्मीर की ओर से 174 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का की मदद से 102 रन बनाए। अथर्व शर्मा ने 137 गेंदों में नाबाद 92 रन की पारी के दौरान 17 चौके तथा एक छक्का जड़ा। जम्मू कश्मीर के गेंदबाजों ने इसके बाद मैच के तीसरे दिन मिजोरम की टीम को दूसरी पारी में 42.4 ओवर में 118 रन पर समेट दिया। जम्मू कश्मीर की ओर से सनील सिंह ने तीन जबकि जसकरण सिंह और हम्माद फिरदौस ने दो-दो विकेट लिये। वहीं दूसरी ओर बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को होने वाले महाराष्ट्र क्रिकेट संघ की शीर्ष परिषद के चुनाव पर रोक लगा दी है और निवर्तमान अध्यक्ष और एनसीपी विधायक रोहित पवार के रिश्तेदारों समेत 400 नये सदस्यों को जोड़ने पर सवाल उठाये हैं।

मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायाधीश गौतम अनखड़ की पीठ ने कहा कि जिस तरीके से नये सदस्यों को जोड़ा गया है, उससे प्रथम दृष्टया लगता है कि सब कुछ आनन फानन में किया गया। पीठ ने यह फैसला उस याचिका पर सुनाया जिसमें दावा किया गया था कि चुनाव के लिये उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गए दिशा निर्देशों का उल्लंघन हो रहा है और 20 दिसंबर 2025 को जारी मतदाता सूची में सदस्यों को जोड़ने में काफी पक्षपात किया गया है। नये सदस्यों में रोहित पवार की पत्नी कुंती और ससुर सतीश मागर और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले की बेटी रेवती भी है। याचिकाकर्ताओं में पूर्व क्रिकेटर केदार जाधव भी हैं जिन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश नये सदस्यों का क्रिकेट से कोई सरोकार नहीं है और उन्हें सिर्फ इसलिये जोड़ा गया ताकि कुछ लोग अपने निजी संगठन की तरह एमसीए को चला सकें। मामले की अगली सुनवाई चार फरवरी को होगी।

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरस्कार राशि की बढ़ोतरी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि में पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में यह रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने मंगलवार को स्थानीय मुद्रा में अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित की गई है। यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष एकल वर्ग में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (2.8 मिलियन डॉलर) मिलेंगे, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए पुरस्कार राशि में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इसके साथ ही आयोजकों का कहना है कि मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाले सभी एकल और युगल खिलाड़ियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत बढ़ी हुई पुरस्कार राशि मिलेगी।

### अमन राव के दोहरा शतक हैदराबाद का विशाल स्कोर

राजकोट। अमेरिका में जन्में अमन राव ने बड़े शॉट खेलने के अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए मंगलवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में नाबाद दोहरा शतक लगाया जिससे हैदराबाद ने बंगाल के खिलाफ पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा था। उन्होंने लिस्ट ए में अपने तीसरे मैच में ही 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के जड़े। यह टूर्नामेंट के इस सत्र का दूसरा दोहरा शतक है। इससे पहले दिसंबर में ओडिशा के स्वास्तिक सामल ने सौराष्ट्र के खिलाफ 212 रन बनाए थे। अमन राव ने बंगाल के तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी, आकाशदीप और मुकेश कुमार की एक नहीं चलने दी। भारत के इन तीनों तेज गेंदबाजों के खिलाफ उन्होंने कुलमिलाकर 120 रन बटोरे। राव ने राहुल सिंह (65) के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की और बाद में कप्तान तिलक वर्मा (34) के साथ 87 रन जोड़े। उन्होंने पारी की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया।

### दिल्ली विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में

अलूर (कर्नाटक)। ज्षभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने रेलवे को एलीट ग्रुप डी के मैच में छह विकेट से हराकर एक दौर का मुकाबला बाकी रहते विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने जीत की नींव रखी और टीम को छह मैचों में पांचवीं जीत दिलाई। शीर्ष पर काबिज दिल्ली ने पांच साल में पहली बार नॉकआउट में जगह बनाई। रेलवे ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया लेकिन आयुष बडोनी और नवदीप सैनी ने तीन तीन विकेट लेकर उसे 40 . 4 ओवर में 179 रन पर आउट कर दिया। ईशांत शर्मा ने चार ओवर में पांच रन देकर एक विकेट लिया। सैनी ने 5. 4 ओवर में 30 रन देकर और आफ स्पिनर बडोनी ने 10 ओवर में 30 रन देकर तीन तीन विकेट लिये। रेलवे के छह विकेट 23 . 2 ओवर में 99 रन पर गिर गए थे। कुश मराठे की अकेले टिक सके जिन्होंने 66 गेंद में 51 रन बनाये।

# हेड व स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

## ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन

एजेंसी




सिडनी। सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज श्रृंखला के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए।

इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। इससे पहले उनका इस श्रृंखला में उच्चतम स्कोर 61 रन था जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था। स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं। स्मिथ ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, आज का दिन वाकई बहुत अच्छा रहा और कुछ अच्छी साझेदारियां देखने को मिलीं। उम्मीद है कि हम एक और अच्छी साझेदारी निभाकर 200 रन से अधिक की बढ़त हासिल करेंगे और फिर विकेट कुछ कमाल दिखाएगा। उन्होंने कहा मुझे यहां बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है। यह मेरा घरेलू मैदान है। मैं इस मैदान को बहुत अच्छी तरह जानता हूं और जब मैं यहां आता हूं तो मुझे यहां बल्लेबाजी करना बहुत अच्छा लगता है। हेड और स्मिथ के शतक पूरे होने पर दर्शकों ने जमकर उनके कसीदे कसे। हेड जब आउट होकर पवेलियन लौट रहे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया लेकिन वह उस्मान ख्वाजा थे जिनके लिए दर्शकों ने सबसे अधिक तालियां बजाई। ख्वाजा जब अपना 88वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलने के लिए क्रीज पर आए तो उनका तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। ख्वाजा पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस मैच के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने उसी मैदान पर 49 गेंदों में 17 रन बनाए, जहां उन्होंने 15 साल पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। आउट होने के बाद पवेलियन लौटते समय दर्शकों ने उनका भी खड़े होकर अभिवादन किया। हेड ने 105 गेंद पर अपना शतक पूरा किया। वह 2002-03 में मैथ्यू हेडन के बाद किसी एक एशेज श्रृंखला में तीन शतक लगाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बन गए। उन्होंने अपनी पारी में 24 चौके और एक छक्का लगाया। हेड को 121 रन के निजी योग पर उस समय जीवनदान मिला जब विल जैक्स ने ब्रायडन कार्स की गेंदबाजी पर उनका आसान कैच छोड़ा।

उन्होंने कुछ समय के लिए अपनी रन-रेट धीमी कर दी। नाइटवॉचमैन माइकल नेसर (24) के कार्स की गेंद पर विकेट के पीछे कैच आउट होने के बाद उन्होंने अपनी रन-रेट बढ़ा दी। नेसर के आउट होने से तीसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी समाप्त हो गई। हेड ने पारी का पहला छक्का लगाया और फिर एक और चौका लगाकर 150 रन का आंकड़ा पार किया, जिससे उनका कुल स्कोर 152 गेंदों में 153 रन हो गया। वह दिन के दूसरे सत्र में आउट हुए। इसके बाद स्मिथ ने ख्वाजा के साथ 51 रन, एलेक्स कैरी (16) के साथ 27 रन और कैमरन ग्रीन के साथ 61 रन की साझेदारी की। स्मिथ ने 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 166 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अभी तक अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया है। वहीं दूसरी ओर क्विंटन डीकॉक और जॉनी बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने यहां खेले गए एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। कैपिटल्स ने 20 ओवरों में सात विकेट पर 176 रन का अच्छा स्कोर खड़ा किया, लेकिन सनराइजर्स ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और केवल 14.2 ओवरों में ही लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। सनराइजर्स की इस जीत के नायक बेयरस्टो (45 गेंद पर नाबाद 85 रन) और डीकॉक (41 गेंद पर नाबाद 79 रन) रहे।

## आईएसएल 14 फरवरी से, सभी 14 क्लब होंगे शामिल : खेल मंत्री



नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल में पिछले कुछ समय से चल रही अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करते हुए खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को घोषणा की कि वाणिज्यिक साझेदार नहीं मिलने के कारण स्थगित हुई इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 14 फरवरी से शुरू होगी। लीग में सभी 14 क्लब हिस्सा लेंगे। मांडविया ने यहां एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) और आईएसएल क्लबों के बीच यहां भारतीय खेल प्राधिकरण मुख्यालय पर हुई बैठक के बाद मीडिया को बताया, इंडियन सुपर लीग 14 फरवरी से होगी जिसमें सभी क्लब भाग लेंगे।

आज सरकार, एआईएफएफ और सभी क्लबों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। उन्होंने कहा पिछले कुछ समय से भारतीय फुटबॉल को लेकर अदालत में चल रहे विवाद के कारण आईएसएल आयोजन को लेकर जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी उस पर अब विराम लग गया। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने इस मौके पर बताया, आईएसएल के संचालन के लिए संचालन परिषद बोर्ड का गठन होगा। आईएसएल में 14 टीमों के 91 मैच एक चरण में होम (घरेलू) और अवे (प्रतिद्वंद्वी टीम का घरेलू मैदान) आधार पर खेले जायेंगे। चौबे ने कहा कि मैच कहां होंगे, यह क्लब एआईएफएफ के साथ मिल कर तय करेंगे। उन्होंने कहा, आई लीग में 11 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे जो आईएसएल के साथ ही आरंभ होगी। इसमें आईलीग-दो और आईलीग-तीन में 33 के बजाये 40 टीमें होंगी।

उन्होंने बताया कि आईएसएल के लिए 25 करोड़ रुपये का कैप (खर्च की सीमा) बनाया गया है जिसमें 10 प्रतिशत एआईएफएफ, 15 प्रतिशत क्लब, 30 प्रतिशत व्यावसायिक साझेदार वहन करेंगे। उन्होंने कहा जब तब व्यावसायिक साझेदार नहीं मिल जाता तब तक एआईएफएफ कुल 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगा। उन्होंने कहा कि एआईएफएफ का कुल योगदान 14 करोड़ रुपये होगा जिसमें 10 करोड़ आईएसएल और 3.2 करोड़ आई लीग के लिए होंगे।

## लक्ष्य सेन मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी



कुआलालंपुर। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाकर नए सत्र की शानदार शुरुआत की। पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सेन ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16 15-21 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़ को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चनोक इंतानोन से 11-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### कड़े संघर्ष के बाद हारी वीनस विलियम्स

वेलिंगटन। वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया लेकिन आखिर में वह मंगलवार को यहां ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं। वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था।

मंगलवार का मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### किसी पूर्वाग्रह के साथ क्रिकेट नहीं खेला : डीकॉक

केपटाउन। संन्यास से वापसी करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है और उन्होंने इसका श्रेय किसी तरह के पूर्वाग्रह के साथ नहीं खेलने और किसी भी चुनौती के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को दिया। डीकॉक ने टेस्ट और वनडे से संन्यास लेने के बाद अक्टूबर 2025 में नामीबिया के खिलाफ टी20 मैच से वापसी की। वह 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल के बाद से इस प्रारूप में भी नहीं खेले थे जिससे क्रिकेट में उनका भविष्य अनिश्चित हो गया था। डीकॉक ने यहां सनराइजर्स ईस्टर्न केप और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच एसए20 मैच के बाद चुनिंदा मीडियाकर्मियों से कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी किसी तरह के पूर्वाग्रह के साथ क्रिकेट खेली है। मेरी मानसिकता हमेशा जीतने की रही है। अगर मैं मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार होकर मैदान में उतरता हूं।

## पूर्व आईओए अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी का निधन



लखनऊ। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के पूर्व अध्यक्ष और अनुभवी खेल प्रशासक सुरेश कलमाड़ी के निधन पर मंगलवार को खेल जगत ने शोक जताया। उनके आकस्मिक निधन के बाद उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने भी शोक संवेदना जताई। इसी क्रम में केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित शोक सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई।

**उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने दी श्रद्धांजलि**

शोक सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि सुरेश कलमाड़ी के निधन से खेल जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। भारत में खेलों के आधुनिकीकरण के सूत्रधार रहे कलमाड़ी 1996 से 2011 तक आईओए के अध्यक्ष रहे। उन्होंने एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का दायित्व भी संभाला। उनका नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के सबसे शक्तिशाली खेल प्रशासकों में भी शुमार रहा। इसके अलावा वह सांसद भी रहे और केंद्रीय मंत्री के दायित्व का भी निर्वहन किया। शोक सभा में भारतीय खेल प्रधिकरण की सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक रचना गोविल, लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डा.अतुल सिन्हा, उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद कुशवाहा, हैंडबॉल कोच मो.तौहीद व जिम्नास्टिक कोच रविकांत यादव सहित सहित अन्य कोचों व खिलाड़ियों ने भी श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। वहीं खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह तथा पूर्व खेल निदेशक विजय सिंह चौहान ने भी सुरेश कलमाड़ी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

### अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश के फाइनल में

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की।

## आईसीसी रैंकिंग में हरमनप्रीत का 13वां स्थान

एजेंसी

दुबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊपारी खेलने के बाद मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गयी। भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर 30 दिसंबर को समाप्त हुई श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत को इस मैच में 43 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह इस पारी के बाद रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गयी हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गयी है। दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गयी है। पांचवें टी20 अंतराष्ट्रीय मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बायें हाथ की स्पिनर श्री चरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गयी। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी (एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चमारी अटापट्टू (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) ने गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार किया।

**दीप्ति शीर्ष से खिसकी**

**भारतीय महिलाओं को भविष्य में हराना मुश्किल होगा : एशले गार्डनर**

मुंबई। एशले गार्डनर का मानना है कि आस्ट्रेलिया इस समय महिला क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टीम है लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दशक में वनडे विश्व चैम्पियन भारतीय टीम को हराना काफी मुश्किल होगा। पिछले साल महिला विश्व कप सेमीफाइनल में भारत से हारी



आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रही गार्डनर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की टीम के प्रदर्शन में जबर्दस्त सुधार आया है। नौ जनवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिये खेल रही गार्डनर ने कहा, भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा आस्ट्रेलियाई होने के नाते मैं इससे भयभीत हूं लेकिन यहां खेल का तेजी से विकास देखकर अच्छा लग रहा है। गार्डनर का मानना है कि आस्ट्रेलिया अभी भी महिला क्रिकेट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। उन्होंने कहा मैं विश्व कप के बाद से मीडिया से कह रही हूं कि हमारी टीम अभी भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। विश्व कप भारी दबाव वाले पलों में आपकी जीत की बानगी देते हैं। अगर हम किसी भी टीम से लगातार दस मैच खेलें तो हम आठ या नौ जीत जायेंगे। भारत से मिली हार कठिन थी लेकिन हमें पता है कि भारतीय टीम कितनी खतरनाक हो सकती है। महिला प्रीमियर लीग में गुजरात टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम में से सिर्फ तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर है लेकिन उनके पास बेथ मूनी, डैनी वियाट हॉज और सोफी डेवाइन जैसे धुरंधर विदेशी खिलाड़ी हैं। गार्डनर ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा अगर सभी टीमों को देखें तो विदेशी बल्लेबाजों पर काफी दारोमदार होता है। हमारी टीम में भी ऐसा ही होगा। हमारे पास हरमनप्रीत कौर या स्मृति मंधाना जैसे बल्लेबाज नहीं है लेकिन जो खिलाड़ी हमारे पास हैं, उनके साथ ही जीतना होगा। हमारे पास बेहतरीन टीम है और हम जीतेंगे।

# देश को कुपोषण मुक्त बनाना आवश्यक

## गोयल ने कंपनियों से सीएसआर खर्च को कुपोषण से निपटने पर लगाने का अनुरोध किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कॉरपोरेट जगत से अपने सीएसआर खर्च को कुपोषण से निपटने में लगाने का मंगलवार को आह्वान किया और इसे भारत के भविष्य एवं उनके अपने व्यावसायिक हितों के लिए महत्वपूर्ण करार दिया।

एनडीडीबी फाउंडेशन द्वारा आयोजित पोषण सुरक्षा एवं कुपोषण निवारण में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सीएसआर सम्मेलन में गोयल ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए देश को कुपोषण-मुक्त बनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, देश को कुपोषण से मुक्त करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। गर्भावस्था और शिशु के विकास के चरण में ही कुपोषण को रोका जा सकता है। मंत्री ने इस क्षेत्र में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यों की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए यह बात कही। गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि कुपोषण की रोकथाम पर केंद्रित सीएसआर गतिविधियों से निवेश पर बेहतर प्रतिफल प्राप्त होगा। उन्होंने कहा, यह दान नहीं है, आप अपनी कंपनी के भविष्य के मुनाफे में निवेश कर रहे हैं। अगर आप अपनी गतिविधियों को कुपोषण



से जोड़ते हैं तो आप अपना ही भला कर रहे हैं। कॉरपोरेट कंपनियां खुद की मदद कर रही हैं, नए बाजार, नया श्रम, नए कर्मचारी एवं भविष्य के नए उपभोक्ता तैयार कर रही हैं। गोयल ने कंपनियों से आग्रह किया कि वे दो प्रतिशत सीएसआर खर्च के अनिवार्य नियम को बाध्यकारी दायित्व के रूप में नहीं, बल्कि एक अवसर के रूप में देखें। उन्होंने कॉरपोरेट जगत से शहरों से बाहर निकलकर दूरदराज के क्षेत्रों तक अपनी गतिविधियों का विस्तार करने का भी आह्वान किया। इस कार्यक्रम में दो सीएसआर कार्यक्रम एसएआईएल-भिलाई स्टील प्लांट के गिफ्टमिल्क कार्यक्रम और आईडीबीआई बैंक के शिशु संजीवनी कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गिफ्टमिल्क कार्यक्रम के तहत, छत्तीसगढ़ के भिलाई स्टील संयंत्र के खनन क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 4,000 बच्चों को विटामिन ए और डी से युक्त सुगंधित दूध मिलेगा, जिसकी आपूर्ति एनडीडीबी द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ मिल्क फेडरेशन के माध्यम से की जाएगी। शिशु संजीवनी कार्यक्रम महाराष्ट्र के नागपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों में करीब 3,000 बच्चों को पोषण संबंधी सहायता प्रदान की जाएगी।

मत्स्य पालन, पशुपालन और दुग्ध मंत्री राजीव रंजन सिंह ने इन पहलों की सराहना करते हुए कहा कि शिशु अवस्था एवं गर्भावस्था के दौरान संतुलित पोषण ही कुपोषण से निपटने का एकमात्र समाधान है। उन्होंने बताया कि दूध और दुग्ध उत्पाद 25-35 प्रतिशत प्रोटीन की पूर्ति सुनिश्चित कर सकते हैं, जो बच्चे के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कृष्ण पाल गुर्जर, एस. पी. सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन के अलावा सहकारिता सचिव आशीष कुमार भूटानी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# जयपुर में जल्द स्थापित होगा डेटा सेंटर: अश्विनी वैष्णव

जयपुर। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि जयपुर में जल्द डेटा सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण के लिए 5,000 युवाओं को प्रशिक्षण दिए जाने की घोषणा भी की।



वैष्णव ने यहां एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट के समापन सत्र को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने कृत्रिम मेधा (एआई) का सूचकांक जारी किया है, जिसमें भारत को शीर्ष तीन देशों में जगह मिली है। यह देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा, चीन, अमेरिका और भारत शीर्ष तीन देशों में शामिल हैं। भारत का सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी ताकत है। उसमें राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। ऐसे में आईटी उद्योग को इस नए युग के लिए तैयार करना, नई प्रौद्योगिकी के लिए सक्षम बनाना और छात्रों को इस उद्योग के साथ जोड़ना बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा, आज 10 लाख नौजवानों को एआई कौशल में प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम राजस्थान से आरंभ हुआ है। इसका लाभ देश के सभी नौजवानों को मिलेगा। वैष्णव ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण के लिए 5000 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लघु उद्योग भारती, सीआईआई और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण का सबसे बड़ा संगठन आईसीईए मिलकर इस कार्यक्रम को तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा जयपुर में जल्द डेटा सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने राजस्थान में एआई और मशीन लर्निंग नीति लागू करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस नीति से राजस्थान को बहुत लाभ मिलेगा और आने वाले समय में राज्य बहुत बड़ा प्रौद्योगिकी केंद्र बनेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए एक नया रेल नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। इसका काम चल रहा है। बीकानेर से जैसलमेर होते हुए भीलड़ी तक रेलवे का काम चल रहा है।

## संक्षेप

### रूस से तीन सप्ताह से तेल नहीं मिला

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे रूस से करीब तीन सप्ताह से तेल का कोई बैरल नहीं मिला है और जनवरी में भी इसके प्राप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। रिलायंस ने 20 नवंबर 2025 को कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात-विशिष्ट रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। इससे पहले रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी जिसे वह जामनगर स्थित अपने विशाल तेलशोधन परिसर में संसाधित करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी। इस परिसर में दो रिफाइनरियां हैं। एक विशेष क्षेत्र (एसईजेड) इकाई जहां से यूरोपीय संघ, अमेरिका तथा अन्य बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है और एक पुरानी इकाई जो मुख्य रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करती है। यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को लक्षित करते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें रूसी कच्चे तेल से उत्पादित ईंधन के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। इन शर्तों का पालन करने के लिए, रिलायंस ने अपने केवल निर्यात के लिए बने रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण बंद कर दिया था।

# ट्रंप की धमकियों को दरकिनार कर मेक्सिको ने अमेरिकी हस्तक्षेप की आशंका को खारिज किया

मेक्सिको सिटी। वेनेजुएला में अमेरिका के सैन्य हस्तक्षेप के बाद मेक्सिको सरकार और विशेषज्ञों ने देश में मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों के खिलाफ एकतरफा अमेरिकी कार्वाई की आशंका को खारिज कर दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको को इन गिरोहों के संबंध में चेतावनी दे चुके हैं।

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबॉम का प्रशासन अमेरिका की मांगों पर काम कर रहा है और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध बेहद महत्वपूर्ण हैं। फिर भी, कई लोगों का मानना है कि ट्रंप मेक्सिको को इस तरह की कई और धमकियां दे सकते हैं। इन धमकियों को मेक्सिको से और अधिक रियायतें पाने के एक तरीके के रूप में देखा जा रहा है। कोई भी इस आशंका को पूरी तरह से नहीं नकार रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कोई अप्रत्याशित कदम उठा सकते हैं। शीनबॉम ने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई की आशंका को सोमवार को खारिज किया। मुझे नहीं लगता कि कोई जोखिम है। अमेरिकी सरकार के साथ समन्वय और सहयोग कायम है। मैं (आक्रमण की आशंका पर) विश्वास नहीं करती, मुझे नहीं लगता कि इसे गंभीरता से लिया जा रहा है।

# ईरान: विरोध-प्रदर्शनों में 35 की मौत, 1200 हिरासत में

दुबई। ईरान में अर्थव्यवस्था की खस्ताहाल स्थिति और राजनीतिक दमन को लेकर एक हफ्ते से अधिक समय से जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 35 लोगों की मौत हो चुकी है और।,200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। एक मानवाधिकार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



इस बीच, ईरान सरकार ने देश के पश्चिमी प्रांत ईलम में हिंसा की बात स्वीकार की है, जहां सुरक्षाबलों ने एक अस्पताल पर कथित तौर पर धावा बोला और आम नागरिकों पर गोलीबारी भी की। अमेरिका की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी ने बताया कि ईरान के 31 प्रांतों में से 27 में 250 से अधिक स्थानों पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। उसने बताया कि इन विरोध-प्रदर्शनों में अब तक कम से कम 29 प्रदर्शनकारी, चार बच्चे और ईरानी सुरक्षा बल के दो सदस्य मारे गए हैं। यह एजेंसी ईरान के भीतर मौजूद कार्यकर्ताओं के नेटवर्क के जरिये आंकड़े जुटाती है और अशांति के पिछले दौर के दौरान इसकी रिपोर्टिंग सही साबित हुई थी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी फार्स ने सोमवार देर रात बताया कि विरोध-प्रदर्शनों के दौरान लगभग 250 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक बल रेवोल्यूशनरी गार्ड बल के 45 सदस्य घायल हुए हैं।

# इजराइल ने लेबनान में होने वाली निरस्त्रीकरण बैठक से पहले कई ठिकानों पर हमले किये

सिडोन (लेबनान)। इजराइल की वायुसेना ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के लेबनान के सिडोन समेत दक्षिणी एवं पूर्वी इलाकों पर हमले किए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे हुए एक हमले में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में तीन मंजिला एक वाणिज्यिक इमारत ध्वस्त हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही दिन बाद लेबनान के सेना प्रमुख इजराइल के साथ लगती सीमा वाले इलाके में चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के निरस्त्रीकरण के अपने मिशन के बारे में सरकार को जानकारी देने वाले हैं। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने मंगलवार को एक बयान में इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि ये हमले शत्रुता को कम करने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों और हिज्बुल्ला के लंबे समय से प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में सरकार के अधिकार का विस्तार करने के लेबनान के प्रयासों के विपरीत हैं। घटनास्थल पर मौजूद समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के एक फोटोग्राफर ने बताया कि जिस इलाके पर हमला किया गया, वह एक वाणिज्यिक क्षेत्र था और इमारत खाली थी।

# कुत्तों की गणना पर भिड़ी भाजपा और आप

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सत्तारूढ़ भाजपा सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से शिक्षकों को आवारा कुत्तों की गिनती में लगाने वाला झूठ फैलाने के लिए माफी की मांग की। इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी।



सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे शुरू हुई तो इस विषय पर भारतीय जनता पार्टी और आप के सदस्यों के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदस्यों से सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की लेकिन हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी। कार्यवाही फिर से शुरू होने पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने माफी की मांग करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के खिलाफ फिर नारेबाजी शुरू कर दी। गुप्ता ने सदन में व्यवधान खत्म कराने की कोशिश की लेकिन विपक्षी सदस्यों ने भी विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर उन पर आवारा कुत्तों की गिनती के लिए सरकारी शिक्षकों की तैनाती को लेकर "गलत और भ्रामक बयान" देने का आरोप लगाया था। सूद ने पत्र में कहा, "इस मामले पर शासकीय परिपत्र पहले से ही सार्वजनिक है"। उन्होंने इस मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

# प्रदर्शनकारियों की आपत्तिजनक नारेबाजी वाले वीडियो का गंभीर संज्ञान लिया गया: जेएनयू

नयी दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने मंगलवार को कहा कि एक विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ द्वारा अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी वाले वीडियो का उसने गंभीर संज्ञान लिया है और जोर दिया कि ऐसे कृत्य संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जानबूझकर अनादर दर्शाते हैं।

विश्वविद्यालय ने पुलिस से सोमवार रात एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का भी आग्रह किया है। जेएनयू प्रशासन ने वसंत कुंज (उत्तर) के थाना प्रभारी को लिखे एक पत्र में कहा कि जेएनयूएसयू से जुड़े छात्रों द्वारा रात करीब 10 बजे गुरिल्ला ढाबे के साथ प्रतिरोध की रात नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पत्र में कहा गया कि शुरू में ऐसा प्रतीत हुआ कि यह कार्यक्रम पांच जनवरी, 2020 की घटना की याद में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 30 से 35 छात्र उपस्थित थे। हालांकि, उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर न्यायिक फैसले के बाद कार्यक्रम का स्वरूप बदल गया, जिसके बाद कुछ प्रतिभागियों ने कथित तौर पर भड़काऊ और आपत्तिजनक नारे लगाए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ऐसा कृत्य संवैधानिक संस्थाओं और सभ्य एवं लोकतांत्रिक संवाद के स्थापित मानदंडों के प्रति जानबूझकर अनादर दर्शाता है। सभी हितधारकों को असहमति, अपमानजनक टिप्पणी और घृणास्पद भाषण के बीच स्पष्ट अंतर को समझना चाहिए। विश्वविद्यालय ने दिल्ली पुलिस को लिखे अपने पत्र में कहा है कि कुछ छात्रों ने अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए।




## इंटरटेनमेंट...

# एक्शन कॉमेडी फिल्म करेंगे सलमान?

**मुंबई।** सलमान खान बैटल ऑफ गलवान के बाद एक्शन कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकते हैं। एक्टर और द फैमिली मैन सीरीज की मशहूर फिल्ममेकर जोड़ी राज और डीके की इस सिलसिले में बातचीत हुई है। पिंकविला की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान ने दोनों के साथ इस प्रोजेक्ट में काफी दिलचस्पी दिखाई है। इस फिल्म में एक्टर को एक अलग अंदाज में पेश किया जाएगा।




ये एक्शन कॉमेडी फिल्म सलमान खान के ऑनस्क्रीन और ऑफ स्क्रीन व्यक्तित्व के साथ अच्छी तरह से मैच करती होगी, जिसे राज और डीके अपने स्टाइल में पेश करेंगे। हालांकि, ये प्रोजेक्ट अभी शुरूआती बातचीत के दौर में है। सलमान ने इस प्रोजेक्ट के लिए अब तक हामी नहीं भरी है। अगर मेकर्स और एक्टर के बीच सबकुछ ठीक रहा और बात बनी तो फिल्म की शूटिंग इस साल की आखिरी में शुरू हो सकती है। फिलहाल मेकर्स का ध्यान स्क्रिप्ट और क्रिएटिव तरीकों पर है। वहीं, एक्टर की अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवान की बात करें तो ये 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई खतरनाक झड़प पर आधारित है। जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी। ये जंग 15,000 फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई थी। इस फिल्म को सलमान खान फिल्म्स प्रोड्यूस और अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सलमान के अपोजिट अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह नजर आएंगी। साथ ही फिल्म में कई नए चेहरे भी दिखेंगे।

> फेमस मेकर्स जोड़ी राज-डीके की फिल्म में दिख सकता है एक्टर का अलग अंदाज

# केस : विजय थलापति को सीबीआई ने भेजा समन

मुंबई। एक्टर-पॉलिटिशन विजय थलापति को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने करूर भगदड़ मामले में 12 जनवरी को पेश होने के लिए समन भेजा है। ये भगदड़ पिछले साल 27 सितंबर को करूर जिले के विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम की रैली के दौरान हुई थी। न्यूज एजेंसी पीटीआई की खबर के मुताबिक, सीबीआई ने इस मामले के संबंध में तमिलगा वेट्री कजगम के कई पदाधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने अब इस मामले के संबंध में विजय को तलब करने का फैसला किया है, जिसके बाद वह इस मामले में चार्जशीट दाखिल करने पर विचार कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एसआईटी से मामला अपने हाथ में ले लिया और जांच एजेंसी तमिलनाडु के करूर में 27 सितंबर को विजय द्वारा संबोधित एक राजनीतिक बैठक के दौरान हुई भगदड़ से संबंधित सबूत जुटा रही है। बता दें कि 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 60 से ज्यादा घायल हुए थे।



> पूछताछ के लिए 12 जनवरी को पेश होने कहा चार्जशीट दाखिल करने पर करेगी विचार

### दिलजीत ने कहा पगड़ी वाले नहीं बनते हीरो

मुंबई। पंजाब के फिल्लौर तहसील के दोसांझ कलां गांव में एक साधारण सिख परिवार में जन्मे दिलजीत दोसांझ की ग्लोबल स्टार बनने की कहानी इतनी भी आसान नहीं है। उनका बचपन आर्थिक दिक्कतों के बीच गुजरा है। इसलिए सिर्फ दसवीं तक ही पढ़ाई कर पाए। दिलजीत को बचपन से गाने का शौक था और वो गुरुद्वारे में गुरबानी कीर्तन किया करते थे। अपने शुरूआती करियर में उन्होंने स्टेज शो से लेकर शादी में परफॉर्मेंस भी दी। दिलजीत ने अपने करियर की शुरूआत पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री से की। हालांकि शुरूआत में उन्हें सफलता नहीं मिली।

# रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं दीपिका पादुकोण

**मुबई।** हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मुंबई में अपने फैंस के लिए एक स्पेशल फैन मीट सेशन रखा था। इस दौरान एक्ट्रेस देश भर के 50 फैंस से मिलीं। इस सेशन में फैंस ने दीपिका से खूब सवाल पूछे और उन्होंने सबका जवाब भी दिया। सेशन के दौरान एक्ट्रेस से पूछा गया कि वो कब किसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी? इस पर उन्होंने जवाब दिया- मुझे पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द। जैसा कि आप सभी जानते हैं, यह मेरी पसंदीदा जोनर है। एक ऑडियंस के तौर पर भी और एक एक्ट्रेस के तौर पर भी। मुझे लगता है कि अभी का माहौल दर्शक कुछ अलग देखना चाहते हैं। लेकिन अगर आप में से इतने सारे लोग रोमांटिक कॉमेडी देखना चाहते हैं, तो मुझे यकीन है कि पब्लिक का एक बड़ा हिस्सा यही चाहती है। जैसे ही दीपिका ने यह कहा एक फैन ने ऋतिक रोशन का नाम लिया। सेशन के होस्ट ने इस बात पर वहां मौजूद फैंस से एक एक पोल कराया कि रोमांटिक कॉमेडी में दीपिका को किसके साथ काम करना चाहिए ऋतिक रोशन, शाहरुख खान या उनके पति रणवीर सिंह। फैंस ने शाहरुख और ऋतिक के नाम पर चीयर किया लेकिन सबसे ज्यादा रणवीर सिंह के नाम को समर्थन मिला।

> मैं और मेरी टीम इसकी तलाश में; रणवीर सिंह के साथ जोड़ी बनते देखना चाहते फैंस



बातचीत के दौरान, दीपिका ने शाहरुख खान, रणवीर सिंह या रणबीर कपूर के साथ एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में स्क्रीन साझा करने की संभावना के बारे में बात की और स्वीकार किया कि वो इस जोनर में अच्छी कहानियों की तलाश कर रही हैं। ऐसी अफवाह चल रही है कि दीपिका अयान मुखर्जी की अगली रोमांटिक फिल्म के लिए रणबीर कपूर के साथ काम कर सकती हैं। हालांकि, इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने कहा 'यह ऐसी चीज है जिसकी तलाश में मैं और मेरी टीम लगी रहती हैं। हम लगातार ड्रामा, लव स्टोरी, रोमांटिक कॉमेडी, जैसे जोनर की फिल्में ढूंढते रहते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि इस तरह के कंटेंट को सपोर्ट करने वाले या इस समय इस तरह की फिल्में और टीवी शो लिखने वाले बहुत कम मेकर्स हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com